

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़



/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



11 सोए हैं सब लोग...गुस्से में इस खिलाड़ी पर चिल्लाए रोहित शर्मा

बीजेपी सांसद और अभिनेत्री कंगना रनौत की बढ़ी मुश्किलें... 12



वर्ष : 15 | अंक : 162 | नई दिल्ली, रविवार, 22 सितंबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


# अपराध नियंत्रण में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं : मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

पटना, एजेंसी



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को गृह विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को साफतौर पर कहा कि विधि व्यवस्था सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और अपराध नियंत्रण में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कई निर्देश भी दिए। उन्होंने रात्रि गश्ती बढ़ाने के निर्देश देते हुए कहा कि कार्य में लापरवाही बरतने वाले पुलिस कर्मियों पर सख्त कार्रवाई होगी। अपराध अनुसंधान कार्य में तेजी लाएं और इसे समय से पूर्ण करें, जिससे दोषियों पर जल्द कार्रवाई हो सके। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और प्रशासन मुस्तैदी से कार्य करे तथा अपराध नियंत्रण के लिए पूरी सख्ती से कार्रवाई करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार पुलिस की संख्या बढ़ाने के लिए विभिन्न श्रेणियों में 2, 29, 139 पद स्वीकृत किए जा चुके हैं। फिलहाल, 1, 06, 436 पुलिसकर्मी कार्यरत हैं। उन्होंने शेष रिक्त पदों पर शीघ्र बहाली करने के भी निर्देश देते हुए कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका है। जल्द-से-जल्द बचे हुए पदों पर पुलिस की बहाली होने से कानून-व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने में और सहूलियत होगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि 60 प्रतिशत से अधिक हत्याएं भूमि विवाद के कारण होती हैं, जिनमें कमी आ रही है।

## सीएम नीतीश कुमार ने गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर का किया निरीक्षण



पटना। गंगा नदी के जलस्तर में वृद्धि के बाद पटना, भागलपुर, मुंगेर के गंगा तट पर बसे गांवों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इसी बीच, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को सड़क मार्ग से पटना के आसपास गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर का जायजा लिया। उन्होंने जेपी गंगा पथ के दीघा घाट से कंगन घाट तक गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के क्रम में जेपी गंगा पथ के कंगन घाट, गांधी घाट एवं कृष्णा घाट पर रुककर गंगा नदी के आसपास के इलाकों की स्थिति को देखा और अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। अशोक राजपथ को जेपी गंगा पथ से जोड़ने वाले कृष्णा घाट पर निमार्णाधीन पहुंच पथ की भी मुख्यमंत्री ने जानकारी ली और तेजी से निर्माण पूर्ण करने का निर्देश दिया।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 30.0°C

न्यूनतम तापमान 18.0°C

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 75,700 |
| चांदी | 92,501 |
| सेंसेक्स | 84,564 |
| निफ्टी | 25,600 |

## संक्षिप्त खबरें

### टीवीके 27 अक्टूबर को अपना पहला प्रांतीय सम्मेलन आयोजित करेगा

चेन्नई। टॉलीवुड अभिनेता एवं तमिझागा वेत्री कषगम (टीवीके) के संस्थापक विजय ने आगामी 27 अक्टूबर को पार्टी के पहने प्रांतीय सम्मेलन के आयोजन की घोषणा की है। विजय ने शुक्रवार को यहां एक बयान जारी कर कहा है कि पार्टी का पहला सम्मेलन तमिलनाडु के विल्लुपुरम जिले के विक्रावंडी के पास वी.सलाई गांव में आयोजित किया जाएगा, जिसमें वह पार्टी की विचारधारा और सिद्धांतों बतायेंगे। टीवीके ने हालिया लोक सभा चुनाव नहीं लड़ा और किसी भी राजनीतिक दल का समर्थन भी नहीं किया। उनका लक्ष्य 2026 का विधानसभा चुनाव था। पार्टी ने कहा है कि वह राज्य की सभी 234 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। पिछले महीने विजय ने अपनी पार्टी के झंडे और लोगो का अनावरण किया।

### अपनी पार्टी ने मुंतजिर मोहिउद्दीन के खिलाफ जारी किया कारण बताओ नोटिस

श्रीनगर। अपनी पार्टी ने जम्मू-कश्मीर में बडगाम से चुनाव लड़ रहे नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला को समर्थन देने के लिए अपने नेता मुंतज़िर मोहिउद्दीन को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। बडगाम से अपनी पार्टी के उम्मीदवार मुंतजिर पहले ही अपनी उम्मीदवारी वापस ले चुके हैं। उनके श्री अब्दुल्ला के साथ शामिल होने के बाद बडगाम एक हाई-प्रोफाइल निर्वाचन क्षेत्र बन गया है। मुंतजिर ने शुक्रवार को संवाददाताओं से कहा कि मत विभाजन से बचने के लिए उन्होंने अपनी उम्मीदवारी वापस ली और अगर उमर अब्दुल्ला बडगाम से जीतते हैं, तो पिछले तीन दशकों से लोगों की समस्याओं का समाधान हो जाएगा।

# हम पाकिस्तान को गोलियों का जवाब तोप के गोले से देंगे : अमित शाह

मेंढर, एजेंसी



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को दावा किया पाकिस्तान, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के डर से जम्मू सीमा पर संघर्षविराम का उल्लंघन नहीं कर पा रहा है और, अगर वह भारतीय सेना पर एक भी गोली चलाता है, तो उसका जवाब तोप के गोले से दिया जायेगा। जम्मू क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवारों के लिए राजनीतिक प्रचार शुरू करने के बाद से यह पहली बार है कि केंद्रीय गृह मंत्री ने अपने भाषण में पाकिस्तान पर हमला किया है।

श्री शाह ने आज जम्मू क्षेत्र के मेंढर इलाके में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि सीमाएं खामोश हैं और मेंढर तथा अन्य सीमावर्ती जिलों के लोग शांति से रह रहे हैं। उन्होंने पाकिस्तान को सीमा पर किसी भी तरह की दुस्साहस न करने की चुनौती देते हुए कहा, पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला के समय में, इस क्षेत्र में सीमा पार से लगातार गोलाबारी होती थी। गोले की गर्जना बंद हो गई है, क्योंकि पाकिस्तान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से डर गया है। अगर पाकिस्तान गोली चलाकर कोई शरारत करता है तो हम तोप के गोले से जवाब देंगे।

श्री शाह ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए डॉ.अब्दुल्ला को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा, वर्ष 1990 से यह जगह आतंकवाद के खतरे से तबाह हो गई है। नेकां, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) और कांग्रेस के शासन में पहाड़ी, गूजर और बकरवाल अपने अधिकारों से वंचित थे।

उन्होंने कहा कि नेकां प्रमुख युवाओं के हाथों में बंदूकें देकर उनका भविष्य बर्बाद करने के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा, हम पुलिस, सेना और अन्य बलों में भर्ती के जरिए पहाड़ी, गूजर और बकरवाल के हाथों में बंदूकें देंगे ताकि वे पूरी ताकत से आतंकवाद से लड़ सकें और अपनी मातृभूमि को बचा सकें। श्री शाह ने कहा, मैं आपको बता दूं कि अगर डॉ. फरूक अब्दुल्ला और उनके बेटे उमर अब्दुल्ला खुद को उल्टा भी कर लेंगे, तो भी हम पहाड़ी आरक्षण नहीं करेंगे। हम पहाड़ी, गुज्जर और बकरवाल को पदोन्नति में आरक्षण देंगे। अब्दुल्ला, मुफ्ती और गांधी (कांग्रेस) परिवारों पर निशाना साधते हुए गृह मंत्री ने कहा कि ये तीन परिवार 40, 000 लोगों की हत्या के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा, इन तीन परिवारों की वजह से ही जम्मू-कश्मीर में लंबे समय तक पंचायत, बीडीसी और डीडीसी चुनाव नहीं हुए।

आज, पंचायतों, ब्लॉक और जिलों के 30, 000 से अधिक प्रतिनिधि लोकतंत्र का आनंद ले रहे हैं। मेंढर से भाजपा उम्मीदवार मुर्तजा खान के समर्थन की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि अपने समुदाय के लिए आरक्षण मांगने वाले मुर्तजा पहले पहाड़ी व्यक्ति थे। उन्होंने कहा, वह अक्सर मुझसे पहाड़ियों को आरक्षण के बारे में ज्ञापन लेकर मिलते थे। मैंने एक बार उनसे कहा था कि आरक्षण जरूर दिया जाएगा, क्या आप (मुर्तजा) भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे। फिर उन्होंने जवाब दिया कि अगर मैं (शाह) मेंढर में एक रैली करूंगा, तो वह चुनाव लड़ेंगे।

## बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा और रघुवर दास को झारखंड के विकास के लिए पूरा समय नहीं मिला : राजनाथ




चतरा, एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि झारखंड राज्य में विकास की अपार संभावनाएं हैं। इसमें कोई दो मत नहीं कि झारखंड में अब तक के मुख्यमंत्री रहे बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा और रघुवर दास को राज्य के विकास के लिए जितना समय मिलना चाहिए था उतना नहीं मिला। वे दावे के साथ कह सकते हैं कि इन तीनों नेताओं के राजनीतिक दामन पर एक भी भ्रष्टाचार के दाग नहीं लगे। उनका कार्यकाल बेदाग रहा।

झारखंड के चतरा जिले के इटखोरी स्थित भद्रकाली मैदान में परिवर्तन सभा को संबोधित करते हुए राजनाथ ने कहा कि झारखंड के लिए यह दुर्भाग्य की बात है कि यहां का मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार के आरोप में जेल गया, जिसने भारत के स्वस्थ लोकतांत्रिक परंपराओं के साथ खिलवाड़ किया। गंभीर भ्रष्टाचार के आरोप में जेल गया। लोकतंत्र के मयार्दाओं को तार-तार कर दिया। इसके बावजूद वह सीने का बटन खोलकर घूमता है।

राजनाथ ने कहा कि भाजपा पूरे राज्य में परिवर्तन यात्राएं निकाल रही है। झारखंड का एक नया इतिहास लिखने जा रहा है। झारखंड के भविष्य का फैसला नेता नहीं यहां की जनता करने वाली है। यहां की जनता अब विकास, सुशासन, राजनीतिक सुचिता का नया अध्याय लिखेगी। उन्होंने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि झारखंड का नया इतिहास लिखने के लिए कभी दागदार को मौका नहीं मिलना चाहिए। इससे पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज ने हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, चतरा सांसद कालीचरण सिंह, सिमरिया विधायक किशुन दास, पूर्व विधायक मनोज यादव सहित अन्य के साथ प्राचीन मां भद्रकाली मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की। इसके बाद यहां आयोजित परिवर्तन सभा को संबोधित किया।

## युद्धक क्षमता बढ़ाने के लिहाज से नौसेना कमांडरों ने तैयार की भविष्य की रूपरेखा

- हिंद महासागर क्षेत्र में खुद को मजबूत करने के लिए नौसेना ने किया मंथन
- अंतरराष्ट्रीय विकास की पृष्ठभूमि में क्षेत्र की भू-रणनीतिक स्थिति पर चर्चा



नई दिल्ली, एजेंसी

राजधानी में चार दिन चले कमांडरों के सम्मेलन में नौसेना की युद्धक क्षमता बढ़ाने तथा अन्य सेवाओं के साथ संचालन में तालमेल बिठाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। नौसेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने अंतरराष्ट्रीय विकास की पृष्ठभूमि में क्षेत्र की भू-रणनीतिक स्थिति की गतिशीलता पर विचार किया। इसके अलावा हिंद महासागर क्षेत्र में खुद को मजबूत करने के लिए नौसेना ने भविष्य की रूपरेखा तैयार करने पर भी मंथन किया।

नई दिल्ली के नौसेना भवन में 17 से 20 सितंबर तक हुए कमांडरों के सम्मेलन की शुरूआत नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी के उद्घाटन भाषण से हुई। उन्होंने सम्मेलन को भारतीय नौसेना का सबसे महत्वपूर्ण शीर्ष स्तरीय मंच बताया, जहां नौसेना को युद्ध के लिए तैयार, विश्वसनीय, एकजुट और भविष्य के लिए तैयार बल बनाए रखने के लिए विचार-विमर्श और समाधान खोजने पर चर्चा हुई। नौसेना प्रमुख ने समकालीन भू-रणनीतिक वातावरण में विघटनकारी प्रौद्योगिकियों और समुद्री क्षेत्र में विकसित हो रही रणनीतियों पर प्रकाश डाला।

नौसेना प्रमुख ने आयुध वितरण पर फोकस करके सभी नौसेना प्लेटफार्मों, उपकरणों, हथियारों और सेंसर की युद्ध तत्परता सुनिश्चित करने की आवश्यकता को दोहराया। नौसेना प्रमुख ने तटरक्षक और अन्य समुद्री एजेंसियों के साथ घनिष्ठ संपर्क, तालमेल और कार्यात्मक संबंधों के माध्यम से समुद्री सुरक्षा और तटीय रक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में सतर्कता बनाए रखने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने नौसेना के कमांडों और कर्मचारियों से आग्रह किया कि वे 'किसी भी समय, कहीं भी, किसी भी तरह' सहज नेटवर्क वाले बल के रूप में विकसित होते रहें, जो हमारे राष्ट्रीय समुद्री हितों का जवाब देने, उनकी रक्षा करने और उन्हें बढ़ावा देने के लिए तैयार हों।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 19 सितंबर को नौसेना कमांडरों को संबोधित किया और उनसे बातचीत की। रक्षा मंत्री ने हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा बनाए रखने और अदन की खाड़ी में समुद्री डकैतियां रोकने में भारतीय नौसेना की महत्वपूर्ण भूमिका को सराहा। उन्होंने नौसेना कमांडरों के साथ कई परिचालन और रणनीतिक मुद्दों पर अपने विचार साझा किए और उन्हें उभरती समुद्री चुनौतियों से निपटने के लिए उच्च परिचालन तैयारी और तत्परता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अन्य सेवाओं के साथ संयुक्तता बढ़ाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। रक्षा मंत्री ने इस कार्यक्रम के तहत आयोजित एक टेक डेमो में भी भाग लिया।

## प्रह्लाद जोशी ने स्वच्छता सेवा कार्यक्रम में लिया हिस्सा, लोगों से की जागरूक होने की अपील



हुबली, एजेंसी

केंद्रीय खाद्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने हुबली धारवाड़ नगर निगम द्वारा आयोजित स्वच्छता सेवा कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने पौधों पर पानी छिड़क कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस मौके पर विधायक महेश तेंगिनाकाई, हुबली धारवाड़ नगर निगम के मेयर रमन्ना बडिगेरा मौजूद रहे। प्रह्लाद जोशी ने कहा कि, मैं स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्ध हूं और इसके लिए समय देता हूं। मैं कूड़ा इकट्ठा कर स्थानीय संस्थाओं की कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों को दूंगा। किसी भी प्रकार का कूड़ा बाहर नहीं फेंकने का हम सभी को संकल्प लेना चाहिए। वहीं महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने स्वच्छता को लेकर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने लोगों से स्वच्छता को लेकर जागरूक होने की अपील की।

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा की महाराष्ट्र को 720 किलोमीटर का समुद्री तटीय इलाका मिला है और इसको स्वच्छ रखना हम सभी का कर्तव्य है। स्वच्छता ही सेवा के जरिए हमने इसकी शुरूआत की है। स्वच्छ भारत अभियान का नाम लेते ही प्रधानमंत्री का नाम जहन में आता है और उनकी प्रेरणा से ही पूरे देश भर में स्वच्छता मुहिम को आगे बढ़ाया जा रहा है। हमें सिंगल यूज प्लास्टिक की बंद करना चहिए। साथ ही हमें बड़े पैमाने पर पौधरोपण करना चाहिए। एक पेड़ मां के नाम के जरिए हम बड़े पैमाने पर पेड़ लगा रहे हैं। इसके लिए हमें लोगों को जागरूक भी करना चाहिए। दरअसल भाजपा ने देशभर में पीएम मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ किया। इसमें रक्तदान, वृक्षारोपण, समाजसेवा, मलिन बस्तियों की सफाई और स्वच्छता अभियान जैसे कई अभियान चलाये जा रहे हैं।

## बस्तर के नक्सली हिंसा पीड़ितों ने राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात की



नई दिल्ली, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र से नक्सली हिंसा के कई पीड़ितों ने शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की। राष्ट्रपति ने पीड़ितों से मुलाकात की तस्वीर सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर साझा करते हुए स्वयं यह जानकारी दी। राष्ट्रपति ने कहा कि कोई भी उद्देश्य हिंसा के रास्ते पर चलने को उचित नहीं ठहरा सकता, क्योंकि यह समाज के लिए बहुत महंगा साबित होता है। वामपंथी उग्रवादियों को हिंसा का त्याग करना चाहिए, मुख्यधारा में शामिल होना चाहिए और वे जो भी समस्याएं उजागर करना चाहते हैं, उन्हें हल करने के लिए सभी प्रयास किए जाएंगे। यही लोकतंत्र का रास्ता है और यही रास्ता महात्मा गांधी ने हमें दिखाया था।

**सामाजिक एकजुटता** सीएम योगी ने कहा कि जातीय विभेद, छुआछूत, अश्पृश्यता के चलते जब तक सामाजिक एकजुटता का अभाव रहेगा, तब तक राष्ट्रीय एकता को चुनौती मिलती रहेगी...

# सामाजिक एकजुटता के बिना मिलती रहेगी राष्ट्रीय एकता को चुनौती: मुख्यमंत्री योगी

- योगी ने कहा, सतर्क इसलिए भी रहना होगा कि आपस में लड़ाने के लिए पैसा किसी और का होगा लेकिन माध्यम यहीं के लोग होंगे।

गोरखपुर, एजेंसी



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि जातीय विभेद, छुआछूत, अस्पृश्यता के चलते जब तक सामाजिक एकजुटता का अभाव रहेगा, तब तक राष्ट्रीय एकता को चुनौती मिलती रहेगी। योगी आदित्यनाथ ने ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ की 55वीं तथा ब्रह्मलीन महंत अवैद्यनाथ की 10वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आयोजित साप्ताहिक श्रद्धांजलि समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। आयोजन के अंतिम दिन शनिवार (आश्विन कृष्ण चतुर्थी) को महंत अवैद्यनाथ की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए योगी ने कहा, संतों की पुण्यतिथि पर आयोजन से, उनके व्यक्तित्व और कृतित्व के स्मरण से नई प्रेरणा मिलती है।मुख्यमंत्री ने कहा, जातीय विभेद, छुआछूत, अस्पृश्यता के चलते जब तक सामाजिक एकजुटता का अभाव रहेगा, तब तक राष्ट्रीय एकता को चुनौती मिलती रहेगी। उन्होंने कहा, यही कारण है कि भारत की मार्गदर्शक संत परंपरा ने समाज को जोड़ने का संदेश दिया है। हमें बांटने वाली ताकतों के षड्यंत्र से सतर्क होकर तथा एकजुट होकर देश और समाज के हित के लिए काम करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा, पूज्य गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवैद्यनाथ महाराज के साथ सेवा के अनेक प्रकल्पों से जुड़कर काम करने का सौभाग्य मुझे मिला। वे मूलतः धमार्चार्य थे। उनमें वात्सल्य का भाव था। वह मार्गदर्शक और सच्चे समाज सुधारक थे। सहज और सरल लोगों के लिए वह वात्सल्य स्वरूप थे तो धर्म विरोधी आचरण करने वालों के प्रति वज्र जैसे कठोर ह्व मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज और जीवन का ऐसा कोई पक्ष नहीं जिसे गोरक्षपीठ ने आगे न बढ़ाया हो। पीठ की परंपरा जोड़ने की रही है। गोरक्षपीठ के महंत योगी आदित्यनाथ ने कहा, पीठ ने इतिहास के अलग-अलग कालखंडों में उन कारणों को समझने के लिए प्रेरित किया जिनकी वजह से देश को गुलाम होना पड़ा ह्व उन्होंने कहा, ह्वयह पीठ इसलिए भी समाज की एकजुटता की बात करती है कि जब भी समाज में जाति की खाई को चौड़ा करने का प्रयास किया गया, तब-तब इसका दुष्परिणाम देश को लंबे समय तक गुलामी के रूप में भुगतना पड़ा।योगी ने कहा, स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भी गुलामी की मानसिकता इतनी हावी रही कि तत्कालीन नेतृत्व देश की सही दिशा तय नहीं कर पाया। अनेक बलिदानियों के सर्वस्व बलिदान से हासिल स्वतंत्रता के बाद भी देश को सही दिशा न मिलने से संतों में आक्रोश था। मुख्यमंत्री ने कहा, आज भारत सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। बीते दस वर्षों में भारत की प्रगति, सर्वांगीण विकास की रूपरेखा उत्साहित करने वाली है। उन्होंने कहा, इस परिस्थिति में हम सबका दायित्व है कि हम बांटने वाली ताकतों के षड्यंत्र से बचें।

## सिर्फ भाषण से नहीं आचरण परिवर्तन से बदलाव आता है



गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज की 55वीं और राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की 10वीं पुण्यतिथि साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतिम दिन के आयोजन में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बांटने वाली ताकतों के षड्यंत्र से हमें सतर्क रहना होगा। मुख्यमंत्री ने महंत अवेद्यनाथ को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धाजंलि दी और कहा कि संतों की पुण्यतिथि पर आयोजन से, उनके व्यक्तित्व और कृतित्व के स्मरण से, नई प्रेरणा मिलती है। पूज्य गुरुदेव के साथ सेवा के अनेक प्रकल्पों से जुड़कर काम करने का सौभाग्य मुझे मिला। वे मूलतः धमार्चार्य थे। उनमें वात्सल्य भाव था। वह मार्गदर्शक और सच्चे समाज सुधारक थे। सहज और सरल लोगों के लिए वह वात्सल्य स्वरूप थे तो धर्म विरोधी आचरण करने वालों के प्रति वज्र जैसे कठोर।

# चार फर्जी खातों से किया 2.87 करोड़ का लेन-देन, राइस मिलर पिता-पुत्र पर केस

**ऊधम सिंह नगर**

राइस मिलर की ओर से फर्म में काम करने वाले जनजातीय परिवार के सदस्यों के नाम से चार फर्जी खाता खुलवाकर 2.87 करोड़ का लेनदेन करने का मामला सामने आया है।



राइस मिलर की ओर से फर्म में काम करने वाले जनजातीय परिवार के सदस्यों के नाम से चार फर्जी खाता खुलवाकर 2.87 करोड़ का लेनदेन करने का मामला सामने आया है। खाता ऑडिट कर रहे जांच अधिकारियों के पीड़ित परिवार से इनकम टैक्स रिटर्न की रसीद मांगने पर राज खुलकर सामने आया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने राइस मिलर पिता-पुत्र के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

ग्राम पिंडारी निवासी रामेश्वरी पत्नी धन सिंह ने कोर्ट में बताया कि वह जनजाति परिवार से हैं। उसके पति धन सिंह राइस मिल और निरंजनलाल सत्यनारायण कृषि उत्पादन मंडी समिति में पल्लेदारी का काम करते थे। बाद में मिल के स्वामी रामऔतार गोयल ने उसके बेटे पप्पू सिंह को छोटा मुनीम बना दिया।

महिला ने आरोप लगाया कि फर्म के मालिक रामऔतार और उसके बेटे मोहित गोयल ने उन्हें सरकार की ओर से भूमिहीन अनुसूचित जनजाति महिलाओं की आर्थिक मदद की योजना से लाभान्वित करने का झांसा दिया। दोनों ने बैंक में खाता खुलवाने को कहते हुए सबके पैन कार्ड बनवा दिए।

इसके बाद दिसंबर 2018 में गवाह बनते हुए मोहित ने उनकी दोनों बेटियों अभिनेश और मिथलेश के नाम से यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में खाता खुलवाया और पासबुक अपने पास रख लीं। इसके दो-तीन माह बाद बैंक में दस्तावेज जमा करने की बात कहकर पूरे परिवार का आधार कार्ड, पैन कार्ड और फोटो ले लिए।

बैंक से आर्थिक सहायता तो नहीं मिली लेकिन खाता खुलने के डेढ़ साल बाद खातों का ऑडिट करने वाले जांच अधिकारी घर पहुंचे। अधिकारियों ने बताया कि उनके यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के खाते में लाखों का लेनदेन हुआ है। अधिकारियों ने उनसे इनकम टैक्स जमा करने की रसीद मांगी।

इस बारे में पूछने पर फर्म स्वामी और उसके बेटे ने पति और बेटे को धमकाते हुए नौकरी से निकाल दिया। पति ने बैंक में जानकारी ली तो पता चला कि उनके परिजनों के नाम पर छह खाते संचालित हैं, जिनमें से चार अकाउंट फर्जी हैं। इन खातों से करीब 2.87 करोड़ रुपये का लेनदेन हुआ है।

आरोप लगाया कि उनके नाम के फर्जी खातों का संचालन फर्म के स्वामी रामऔतार गोयल और उसका पुत्र मोहित गोयल करते थे। दोनों ने मिलकर फर्जी हस्ताक्षर से लेनदेन किया है। बताया कि इस मामले में जब कानूनी कार्रवाई करनी चाही तो फर्म के मालिक और उसके पुत्र ने परिवार को खूब डराया और धमकाया। बताया कि प्रभारी निरीक्षक और एसएसपी दोनों को शिकायती पत्र सौंपने के बावजूद इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद उन्हें मजबूरन न्यायालय की शरण लेनी पड़ी।

रामेश्वरी ने प्रार्थना पत्र में बताया कि फर्जी अंगूठा लगाकर उसके पति धन सिंह के नाम से खाता खोला गया। इसमें करीब 42.50 लाख रुपये का लेनदेन किया गया।रामेश्वरी, अभिनेश और मिथलेश के नाम से खोला गया संयुक्त खाता फर्जी है। इसमें कोई तोहित खान गवाह है। इसमें करीब 1.14 करोड़ का लेनदेन किया है। बताया कि उसके बेटे पप्पू और बहू रूपवती के नाम से भी खोले खाते से करीब 51 लाख रुपये का लेनदेन है। पुत्री मिथलेश और दामाद नरसिंह के नाम से खोले गए फर्जी खाते से करीब 78 लाख रुपये का लेनदेन हुआ है।

## पति चरित्र पर करता है शक, युवक से करवाता है जासूसी....महिला ने सुनाई आपबीती

**रुड़की, एजेंसी।** महिला का कहना है कि काम को लेकर पति आए दिन मारपीट करने लगा और उसके चरित्र पर शक करता है। आरोप लगाया कि पति ने उसकी जासूसी के लिए एक युवक छोड़ रखा है।

साहब! पति चरित्र पर शक करता है और जासूसी के लिए एक युवक को पीछे छोड़ रखा है। विरोध करती हूं तो मारपीट करता है। अब पति का जुर्म और नहीं सहना है। मुझे तलाक चाहिए। पति के उत्पीड़न की शिकायत सुनाते हुए महिला के आंसू छलक आए। महिला ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र स्थित ढंडेरा निवासी एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि करीब दो साल पूर्व उसकी शादी हुई थी। शादी के बाद पता चला कि पति नशा करता है। उसने शादी के कुछ दिन बाद नौकरी भी छोड़ दी। घर चलाने के लिए वह लोगों के घरों में खाना बनाने का काम करने लगी। काम को लेकर पति आए दिन मारपीट करने लगा और उसके चरित्र पर शक करने लगा। आरोप लगाया कि पति ने उसकी जासूसी के लिए एक युवक छोड़ रखा है। वह जब घर से काम करने के लिए निकलती है तो युवक उसका पीछा करता है। वह अब पति के उत्पीड़न से तंग आ चुकी है और तलाक चाहिए।

## दर्दनाक हादसा...डंपर ने पॉलिटेक्निक के छात्र को कुचला, मौत से परिवार में मचा कोहराम

**कोटद्वार , एजेंसी।** सतपुली एकेश्वर मार्ग पर हुए हादसे में एक छात्र की जान चली गई। डंपर की चपेट में आने से छात्र ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। कोटद्वार में शुक्रवार सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। डंपर ने एक पॉलिटेक्निक के छात्र को कुचला दिया। छात्र की मौके पर ही मौत हो गई। जिसके बाद से परिवार में कोहराम मचा है। सतपुली एकेश्वर मार्ग पर हुए हादसे में विजय ग्वाडी पुत्र बृजमोहन ग्वाडी की जान चली गई।

## संक्षिप्त समाचार

### गंगा में लापता किशोरियों के परिजनों से मिले मंत्री

**ऋषिकेश, एजेंसी।** कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने बीते दिनों भाई को गंगा में डूबने से बचाने के दौरान लापता हुई दो बहनों के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने माता सरस्वती देवी को सांत्वना देते हुए सरकार से हर संभव मदद का भरोसा दिया। वहीं थाना रायवाला पुलिस को लापता किशोरियों की तलाश तेज करने के निर्देश दिए। बृहस्पतिवार को हरिपुरकलां स्थित भीमसेन आश्रम गली नंबर 3 में मंत्री अग्रवाल ने लापता किशोरियों के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने पीड़ित परिवार से पूरी घटना की जानकारी ली। उन्होंने मौके पर ही थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र चौहान को लापता किशोरियों की तलाश तेज करने के निर्देश दिए। इसके अलावा मंत्री अग्रवाल ने किशोरियों के गंगा में लापता होने वाले स्थान पर पहुंचकर निरीक्षण किया। मौके पर मौजूद साधु-संतो से वार्ता भी की। गंगा में बहने के खतरे को देखते हुए मंत्री अग्रवाल ने चेन लगाने और बैठने के लिए बेंच लगवाने का आश्वासन दिया। बीते दिनों थाना रायवाला क्षेत्र में अपने भाई सूरज को बचाने के दौरान दो सगी बहनें साक्षी और वैष्णवी गंगा में लापता हो गए थी। इस मौके पर शिवानी भट्ट, मनोज जखमोला, मोहित नवानी, अजय पटेल, राजेश भारद्वाज, प्रेमचंद, विनोद भट्ट, राजपाल नेगी, मधुर बेलवाल, हरिपुरकलां चौकी इंचार्ज विनय शर्मा आदि मौजूद रहे।

### मिढावाला में 1.10 किमी मार्ग को मिली मंजूरी

**ऋषिकेश, एजेंसी।** रामनगर डांडा पंचायत के मिढावाला गांव में कलम सिंह के घर से सुनील के घर तक 1.10 किलोमीटर मार्ग निर्माण की वित्तीय स्वीकृति मिली है, जिसे 70.74 लाख की लागत से लोनिवि द्वारा बनाया जाएगा। इस संबंध में संयुक्त सचिव श्याम सिंह ने प्रमुख अभियंता लोनिवि कोबुधवार को पत्र जारी किया है। क्षेत्रीय विधायक बृजभूषण गैरोला ने कहा कि ग्रामीण लंबे समय से इस मार्ग को बनाने की मांग कर रहे थे। यह मार्ग करीब दो दशक से भी अधिक समय बाद बनाया जाएगा। भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह नेगी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख नगीना रानी, निवर्तमान सभासद ईश्वर रौथाण, राजेश भट्ट, रविंद्र बेलवाल, संदीप नेगी, नितिन बड़थ्वाल आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

### चिकित्सकों ने लगातार दूसरे दिन काला फीता बांध जताया विरोध

**ऋषिकेश, एजेंसी।** राजकीय उपजिला चिकित्सालय में तैनात चिकित्सकों ने दूसरे दिन भी बांह पर काला फीता बांध विरोध जताया। चिकित्सक मांगों पर कार्रवाई न होने से आक्रोशित हैं। प्रांतीय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा संघ लंबे समय से नौ सूत्री मांगों के लिए आंदोलनरत हैं। जिनमें डीपीसी, पर्वतीय क्षेत्रों में तैनात सभी विशेषज्ञ चिकित्सकों को चिकित्सा शिक्षा की भांति 50 प्रतिशत अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि दिए जाने, नैनीताल, टिहरी व मसूरी को पूर्व की भांति सुगम से दुर्गम में वर्गीकृत करने, पीजी करने जा रहे चिकित्सकों को पूर्ण वेतन दिए जाने, प्रोटेक्शन एक्ट का अनुपालन व मासिक वाहन भत्ता दिया जाना आदि शामिल है। संघ से जुड़े डॉ. आनंद राणा व लोकेश सलूजा ने बताया कि पूर्व में सरकार से सकारात्मक आश्वासन मिलने पर आंदोलन को 15 दिनों के लिए टाल दिया गया था। जिसकी अवधि 18 सितंबर को पूर्ण हो चुकी है। अब चिकित्सकों ने आंदोलन शुरू कर दिया है। विरोध स्वरूप 18 सितंबर से 22 सितंबर तक बांह पर काला फीता बांध विरोध जताया जाएगा। इसके बाद भी कार्रवाई नहीं की गई तो हड़ताल करेंगे।

### शादी का वादा कर पांच साल तक बनाए संबंध, अब कर रहा ब्लैकमेल

**रुड़की, एजेंसी।** एक युवती को शादी का झांसा देकर एक युवक ने पांच साल तक संबंध बनाये। इसके बाद युवक ने कहीं और शादी कर ली। आरोप है कि युवक ने कार में युवती को घुमाने के बहाने से छेड़छाड़ कर दी। जब युवती ने विरोध किया तो युवक अश्लील वीडियो के जरिये ब्लैकमेल करने लगा। पीड़ित ने इस बावत कोतवाली पुलिस से शिकायत की है। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## जंगलों में कब्जे और पेड़ कटान का एनजीटी ने लिया स्वतः संज्ञान, प्रमुख वन संरक्षक को नोटिस जारी




**देहरादून, एजेंसी।** एनजीटी ने पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (रीजनल कार्यालय, देहरादून) और प्रमुख वन संरक्षक को नोटिस जारी किया है। मामले में सुनवाई से एक सप्ताह पहले अपना जवाब दाखिल करने को कहा है।

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने 22 अगस्त को अमर उजाला में प्रकाशित उत्तराखंड के 104 वर्ग किलोमीटर जंगल पर कब्जा, सैकड़ों पेड़ काटे जाने की खबर का स्वतः संज्ञान लिया है। एनजीटी ने पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (रीजनल कार्यालय, देहरादून) और प्रमुख वन संरक्षक को नोटिस जारी किया है। इस मामले में अगली सुनवाई 11 नवंबर को होगी।

एनजीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव, न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति अरुण कुमार त्यागी और विशेषज्ञ सदस्य ए. सेंथिल वेल की खंडपीठ ने जारी आदेश में कहा कि खंडपीठ ऐसे ही एक मामले की सुनवाई कर रही है, जिसमें पूरे देश में दिल्ली के पांच गुना अधिक वन भूमि पर कब्जा होने का मामला था। एनजीटी ने मामले में सुनवाई से एक सप्ताह पहले अपना जवाब दाखिल करने को कहा है।

### दूसरे दिन भी बंधी रही चिकित्सकों की बाह पर काली पट्टी

**हरिद्वार, एजेंसी।** मांगों के समर्थन में आंदोलन कर रहे प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ के चिकित्सक दूसरे दिन बृहस्पतिवार को भी बाह पर काली पट्टी बांधकर काम किया। जिलेभर के सभी सरकारी अस्पतालों में तैनात चिकित्सक आंदोलन के जरिए अपनी मांगों पर अडिग हैं। सभी ने तीन सितंबर तक मांग पूरी नहीं होने पर चार सितंबर से पूर्ण कार्य बहिष्कार का निर्णय लिया है।

संगठन के अध्यक्ष डॉ. यशपाल तोमर ने कहा कि शासन स्तर पर आंदोलन के दौरान दो बार की वार्ता लगभग विफल रही है। कई मांगों पर आश्वासन मिला है, लेकिन कोरे आश्वासन से कुछ होने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि पहले विभाग के मंत्री और बाद में उनके सचिव के निर्देश भी विभागीय सचिव और निदेशक पर कोई असर नहीं दिखा सके। अब संगठन के पदाधिकारियों को कोरा आश्वासन दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस बार चिकित्सक कोरे आश्वासन को नहीं मानेंगे।

## बहादराबाद के निजी चिकित्सालय में प्रसव के लिए पहुंची महिला की मौत, परिजनों ने जमकर किया हंगामा

**हरिद्वार, एजेंसी।** निजी अस्पताल के मूल स्वरूप को उन्होंने उखाड़ कर पूरी तरह फेंक दिया। हालात यह हुई कि मौके पर पुलिस पहुंची और हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ।

बहादराबाद क्षेत्र के निजी चिकित्सालय में प्रसव के लिए पहुंची महिला की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा मचाया। निजी अस्पताल के मूल स्वरूप को उन्होंने उखाड़ कर पूरी तरह फेंक दिया। हालात यह हुई कि मौके पर पुलिस पहुंची और



हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ।

मौके पर पहुंची बहादराबाद पुलिस ने जांच पड़ताल कर अस्पताल में फंसे कई चिकित्सा कर्मियों को बाहर निकाला। इस मामले में पुलिस प्रशासन कुछ बोलने को तैयार नहीं है। देर रात की इस घटना में कई लोगों को गंभीर चोटें आई हैं।

### पत्नी को प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी को किया गिरफ्तार

**ऋषिकेश, एजेंसी।** पत्नी को प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिए उकसाने के एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए घटना वाले दिन से ही फरार चल रहा था। प्रभारी निरीक्षक विनोद गुसांई ने बताया कि बीते 11 जुलाई को टिहरी गढ़वाल निवासी एक व्यक्ति ने तहरीर देकर बताया कि उनका दामाद दीपक खत्री निवासी नीलकंठ कुठार गांव यमकेश्वर पौड़ी गढ़वाल उनकी पुत्री का प्रताड़ित करता था। प्रताड़ना से त्रस्त होकर उनकी पुत्री ने आत्महत्या कर ली थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया था। पुलिस की गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी दीपक फरार चल रहा था। बृहस्पतिवार को पुलिस ने आरोपी को डोईवाला क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। डोईवाला। कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र के होटल और ढाबा संचालकों पर लोगों को शराब पिलाने पर शिकंजा कसा है। प्रभारी निरीक्षक विनोद गुसांई ने बताया कि चेकिंग के दौरान प्रमोद होटल केशवपुरी डोईवाला में होटल संचालक प्रमोद साहनी उर्फ मजनू साहनी निवासी केशवपुरी बस्ती को होटल में बिना लाइसेंस शराब पिलाने पर गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा चेकिंग के दौरान विधि निर्गत नियमों का उल्लंघन करने पर 12 लोगों पर चालानी कार्रवाई की गई। कोतवाली पुलिस ने बृहस्पतिवार को एक महिला वारंटी को गिरफ्तार किया है।

## आठ साल से जिस पति के साथ रह रही थी महिला, सच्चाई सामने आते ही उड़े होश

**रुड़की, एजेंसी।** आठ साल बाद पत्नी के सामने पति की सच्चाई आई, लेकिन पति गलती मानने के बजाय उल्टा पत्नी पर ही बरस पड़ा।

आठ साल महिला जिस पति के साथ रही वह पहले से ही शादीशुदा होगा, इसका जरा इल्म भी पत्नी को नहीं था। पति की सच्चाई पता चली तो महिला ने इसका विरोध किया। इसपर पति ने मारपीट कर बच्चों सहित उसे घर से निकालकर ताला जड़ दिया। पीड़ित महिला ने पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है।

सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र स्थित गांव भंगेड़ी निवासी एक महिला ने पुलिस से शिकायत कर बताया कि करीब आठ साल पहले उसकी शादी हुई थी। उसके दो बच्चे हैं। उसका पति मेहनत-मजदूरी करता है। वह पति और बच्चों के साथ पिछले आठ साल से खुशी से अपना जीवनयापन कर रही थी। कुछ दिन पहले उसे एक रिश्तेदार ने बताया कि उसके पति को उसने पास के ही एक गांव निवासी महिला के घर अक्सर आता-जाता देखा है।

इस पर पत्नी को पति पर शक हुआ कि उसके महिला से संबंध हैं। इस पर उसने पति पर नजर रखनी शुरू कर दी। महिला ने बताया कि दो दिन पूर्व उसने पति को महिला के घर पर पकड़ लिया और उसके बारे में जानकारी ली। इस बीच पता चला कि उससे शादी करने से पहले ही पति शादीशुदा था। जिस महिला के घर पति मिलने आता था वह उसकी पहली पत्नी है और उससे भी दो बच्चे हैं।

महिला ने आरोप लगाया कि उसने विरोध किया तो पति ने मारपीट कर दी और घर पर ताला लगाकर उसे बच्चों सहित बाहर निकाल दिया। महिला ने पुलिस से घर का ताला खुलवाने की गुहार लगाई है। एसएसआई अभिनव शर्मा ने बताया कि महिला के पति को बुलाकर घर का ताला खोलने के लिए बोला गया है। साथ ही मारपीट करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

### दवा कारोबारी से 14 लाख हड़पे, मुकदमा दर्ज

**हरिद्वार, एजेंसी।** कनखल थाना क्षेत्र में एक आयुर्वेदिक दवा कारोबारी के करीब 14 लख रुपये हड़प लेने का मामला सामने आया है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर महाराष्ट्र के कारोबारी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, गुरुकुल आयुर्वेदिक फार्मेसी गुरुकुल महाविद्यालय के प्रतिनिधि ने विरेंद्र कुमार कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह आयुर्वेदिक दवा उत्पादन करते हैं। पिछले साल महाराष्ट्र के गजानंद हवेली पुणे की महालदक्ष्मी एंटरप्राइजेज के स्वामी दीपक माहेश्वरी ने आयुर्वेदिक दवाएं ली थी। कहा था कि वह दवा बेचकर पैसे दे देगा।

## लंढौरा में लगे 20 लाख की कीमत के सीसीटीवी कैमरे ठप

**रूड़की, एजेंसी।** कस्बे की सुरक्षा व्यवस्था के लिए लगाए गए सीसीटीवी कैमरे खराब पड़े हैं। ऐसे में कस्बे की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। वहीं, आए दिन कस्बे में घटनाएं हो रही हैं। कैमरे खराब होने के कारण घटनाओं का सही पता नहीं चल पा रहा है।

नगर पंचायत की ओर से कस्बे में निगरानी एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए दो साल पहले करीब 20 लाख की लागत से मुख्य मार्गों, चौराहों व सार्वजनिक स्थानों पर 40 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। जिस समय कैमरे लगाए गए थे तो उस समय लोगों ने इस पहल की सराहना की थी लेकिन सीसीटीवी कैमरे लगने के एक दो माह बाद ही कुछ कैमरे या तो खराब हो गए हैं या बंद पड़े हैं। घटनाओं में अपराधियों की शिनाख्त के लिए पुलिस दुकानों और घरों के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के लिए भटक रही है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि कैमरे बंद होने के बाद से कई घटनाएं हो चुकी हैं। कैमरे चालू होते तो घटनाओं का खुलासा हो सकता था। शीशपाल कश्यप, तहसीन, श्रवण, हसीन हैदर, फारूक, रविकांत धीमान आदि का कहना है कि कई बार कहने के बाद भी नगर पंचायत अधिकारी कैमरों को ठीक नहीं करा रहे हैं।

# बदरीनाथ यात्रा के दूसरे चरण में हेली सेवा ने भी पकड़ी रफ्तार, एक दिन में 250 से ज्यादा उड़ान

**रूद्रप्रयाग, एजेंसी।** यात्रा के द्वितीय चरण में हेली सेवा ने भी रफ्तार पकड़ ली है। मौसम ठीक होने से हेलीकाप्टर की उड़ानें नियमित रूप से संचालित हो रही है। अब तक हेली से 75 हजार 8 सौ 53 यात्री दर्शनों को पहुंच चुके हैं। वहीं रोजाना इन दिनों पन्द्रह सौ यात्री हेली से बाबा केदार के दर्शनों को पहुंच रहे हैं।

केदारनाथ यात्रा के द्वितीय चरण शुरू होने के साथ ही हेली सेवाओं ने भी रफ्तार पकड़ ली है। नौ हवाई कंपनियां नियमित रूप से उड़ान भर रही हैं। एक हेलीकाप्टर औसतन प्रतिदिन 30 उड़ान भर रहा है।



एक दिन में सभी नौ हवाई कंपनियों द्वारा कुल ढाई सौ से अधिक उड़ान भरी जा रही हैं, जिसमें पन्द्रह सौ के लगभग यात्री दर्शनों को पहुंच रहे है। वहीं सितंबर पन्द्रह के बाद से केदारघाटी में मौसम में भी परिवर्तन आ गया है। जिससे उड़ाने नियमित रूप से भरी जा रही हैं।

केदारघाटी में प्रतिवर्ष हेली सेवा से दर्शन करने वाले यात्रियों की संख्या में इजाफा हो रहा है। हेली सेवाओं का क्रैज भी लगातार बढ़ता जा रहा है। केदारनाथ पैदल मार्ग पर लगातार भूस्खलन व दर्दनाक घटनाओं के चलते यात्री हेली से बाबा केदार के दर्शनों को जाना यात्री पसंद कर रहे हैं। लेकिन हेली टिकट न मिलने से यात्री मायूस हो जाते हैं।

वर्तमान में केदारनाथ धाम में पांच या छह सीटर हेलीकाप्टर ही संचालित हो रहे हैं, जिससे सीमित संख्या में ही यात्री हेलीकाप्टर से दर्शनों को पहुंच रहे हैं, यात्रियों की हेली सेवाओं के प्रति रूझान बढ़ा है उसको देखते हुए बड़े हेलीकाप्टर के संचालन की भी मांग उठती रही है।

हालांकि हेली का क्रैज बढ़ने से टिकटों की कालाबाजारी व फर्जीवाड़े के मामले भी लगातार सामने आते रहे हैं।

## आपदा से प्रभावित स्कूल के लिए भूमि का निरीक्षण किया

**ऋषिकेश, एजेंसी।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय और राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घट्टूगाड पानी प्याऊ के लिए विभागीय अधिकारियों ने घट्टूगाड में चयनित भूमि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के रिपोर्ट विभागीय अधिकारी प्रशासन को सौंपेंगे। उसके बाद ही आगे की प्रक्रिया शुरू होगी।

यमकेश्वर एसडीएम चतर सिंह चौहान की ओर से राजकीय प्राथमिक विद्यालय और राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घट्टूगाड के लिए चयनित भूमि का निरीक्षण के लिए एक कमेटी का गठन किया था। जिसमें खंड शिक्षाधिकारी यमकेश्वर, ग्रामीण निर्माण विभाग कोटद्वार के सहायक अभियंता, गोहरी रेंज अधिकारी, राजस्व निरीक्षक लक्ष्मणझूला, राजस्व उपनिरीक्षक पट्टी उदयपुर तल्ला शामिल थे। बृहस्पतिवार को टीम ने घट्टूगाड में करीब 5 नाली राजस्व भूमि का निरीक्षण किया। खंड शिक्षा अधिकारी प्रभारी मदन मोहन उप्रेती ने बताया कि पांच नाली भूमि पर राजकीय और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और एक आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण होना है। रिपोर्ट प्रशासन को भेजी जाएगी। उसके बाद ही आगे की कार्रवाई होगी। गौरतलब है कि अगस्त 2014 में आपदा के कारण हेंवलनदी ने रौद्र रूप धारण कर लिया था। नदी के कटाव में हेंवलघाटी क्षेत्र भूस्खलन की जद में आ गया था। इस भूस्खलन में राजकीय प्राथमिक विद्यालय और राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घट्टूगाड पानी प्याऊ भी आ गया था। करीब दस वर्ष का समय बीत चुका है, लेकिन अभी तक इस विद्यालय में छात्र-छात्राएं खतरे की जद में पढ़ाई कर रहे हैं।

# दिल्ली सीएम समेत कैबिनेट के 5 मंत्रियों ने ली शपथ, आतिशी पारी का हुआ आगाज

नई दिल्ली, प्रातः किरण। दिल्ली को नया सीएम मिल गया। सीएम समेत कैबिनेट के पांच मंत्रियों ने शपथ गृहण कर ली है। इसी के साथ आतिशी पारी की शुरूआत हो गई है। आज उप राज्यपाल ने राज निवास में शाम साढ़े चार बजे मुख्यमंत्रियों समेत सभी मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ लेने वालों में मुख्यमंत्री आतिशी समेत गोपाल राय, कैलाश गहलोत, सौरभ भारद्वाज, इमाम हुसैन और मुकेश अहलावत शामिल हैं। आइए जानते हैं इन मंत्रियों के राजनीतिक सफर और केजरीवाल सरकार में मिली जिम्मेदारियां..







### केजरीवाल की उत्तराधिकारी और सीएम चेहरा आतिशी

आतिशी दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री बन गई हैं। वे कालकाजी विधानसभा सीट से विधायक हैं। दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के जेल जाने के बाद दिए इस्तीफा के बाद उन्हें केजरीवाल कैबिनेट का हिस्सा बनाया गया था। इसके बाद उन्हें तमाम विभाग सौंपे गए थे। इनमें महिला और बाल विकास मंत्रालय, शिक्षा मंत्रालय,पर्यटन मंत्रालय,कला संस्कृति और भाषा मंत्रालय, लोक निर्माण विभाग तथा बिजली मंत्रालय शामिल थे। आपको बता दें कि आतिशी अगर सब कुछ सामान्य रहा और फरवरी तक सीएम पद की कमान संभाली तो वो सुषमा स्वराज के रिकॉर्ड को तोड़कर दूसरी सबसे ज्यादा लंबे समय तक दिल्ली की कमान संभालने वाली सीएम बन जाएंगी।

### पार्टी का नया दलित चेहरा मुकेश अहलावत

मुकेश अहलावत आतिशी सरकार में मंत्री बनने वाले नए चेहरे हैं। इससे पहले की केजरीवाल सरकार में वो कैबिनेट का हिस्सा नहीं थे। मुकेश दिल्ली की सुल्तानपुर माजरा सीट से विधायक हैं। ये पार्टी का दलित चेहरा हैं। इसलिए जानकारों का मानना है कि पार्टी ने दलित वोटरों को साधने के लिए मुकेश अहलावत पर दांव लगाया है, क्योंकि पार्टी के दो बड़े दलित चेहरे राजकुमार आनंद और राजेंद्र पाल गौतम इस्तीफा दे चुके हैं। इसलिए पार्टी में दलितों का समर्थन जुटाने के लिए कोई चेहरा नहीं था। इसी के साथ कयास लगाए जा रहे हैं कि उन्हें सामाजिक न्याय विभाग की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है।

### आप का जाट चेहरा, कैलाश गहलोत

दिल्ली के नजफगढ़ से चुनाव जीतकर दिल्ली की विधानसभा का रास्ता तय करने वाले कैलाश गहलोत आतिशी सरकार में भी कैबिनेट का हिस्सा बन गए हैं। वह जाट परिवार से संबंध रखते हैं और आम आदमी पार्टी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आपको बता दें कि पिछली केजरीवाल सरकार में उनके पास परिवहन, वित्त, राजस्व, योजना, प्रशासनिक सुधार, कानून एवं न्याय और आधिकारिक मामले, इन्फॉर्मेशन टैक्नोलॉजी समेत अन्य मंत्रालय थे।

### इंजीनियर से राजनेता बने सौरभ भारद्वाज

सौरभ भारद्वाज दिल्ली के ग्रेटर कैलाश विधानसभा से विधायक हैं। वो यहां से लगातार तीन बार विधायक चुने गए हैं। वो आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता भी हैं। आपको बता दें कि भारद्वाज राजनीति में आने से पहले सॉफ्टवेयर इंजीनियर के तौर पर मल्टीनेशनल कंपनी में काम करते थे। भारद्वाज आप की 49 दिन की सरकार में भी कैबिनेट मंत्री थे। अब तक की केजरीवाल सरकार में दिल्ली जल बोर्ड के चेयरमैन भी थे। उनके पास स्वास्थ्य, इंडस्ट्री, शहरी विकास, जल, सिचाई और बाढ़ नियंत्रण, सेवाएं और सतर्कता मंत्रालय हैं।

### कपड़ों के व्यापार से विधायक-मंत्री तक का सफर

इमाम हुसैन भी आम आदमी पार्टी की राजनीतिक मामलों की समिति के सदस्य हैं। हुसैन दिल्ली के चांदनी चौक लोकसभा में आने वाली बल्लीमारान विधानसभा सीट से विधायक हैं। जामिया मिलिया इस्लामिया से पढ़ाई-लिखाई पूरी करने के बाद उन्होंने परिवार का कपड़ो का व्यापार संभालना शुरू कर दिया था, लेकिन उन्होंने बल्लीमारान से पार्षद का चुनाव जीता और राजनीतिक सफर में एंटर हो गए। इसके बाद 2015 और 2020 में इसी सीट से लगातार विधानसभा चुनाव जीतकर विधायक बने। इनके पास केजरीवाल सरकार में खाद्द आपूर्ती और चुनाव से जुड़ा मंत्रालय था।

### दो बार के विधायक, गोपाल राय

गोपाल राय आप के सामाजिक-राजनीतिक राजनेता हैं। उन्होंने अपने राजनीतिक सफर की शुरूआत लखनऊ विश्वविद्यालय में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन की छात्र शाखा ऑल इंडिया स्टूडेंट एसोसिएशन के साथ की थी। देश को भ्रष्टाचार से मुक्त करने के लिए उन्होंने जनलोकपाल आंदोलन में सक्रीय भूमिका निभाई थी। वे आप की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का हिस्सा हैं। गोपाल राय ने तीन बार बाबरपुर सीट से चुनाव लड़ा है। इसमें से साल 2013 का चुनाव नरेश गौड़ से हार गए जबकि 2015 और 2020 का विधानसभा चुनाव लगातार जीते। वो वर्तमान में बाबरपुर सीट से ही विधायक हैं। उन्होंने दोनों बार अपने विरोधी भाजपा के नरेश गौड़ को हराया। गोपाल राय के पास केजरीवाल सरकार में विकास, पर्यावरण वन एवं वन्य जीवन, सामान्य प्रशासनिक मंत्रालय थे।

### आतिशी का राजनीतिक सफर

- साल 2013 में उन्होंने आम आदमी पार्टी की सदस्यता ली।
- साल 2015 में उन्होंने मध्य प्रदेश में चलाए गए जल सत्याग्रह में भी बढ़-चढ़कर भाग लिया।
- साल 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी नेता गौतम गंभीर से चार लाख वोटों से हार गईं।
- 2020 में विधानसभा चुनाव में कालकाजी से बीजेपी नेता को 11 हजार से अधिक मतों के साथ हराया।
- सिसोदिया के जेल जाने के बाद साल 2023 में मंत्री बनीं।
- केजरीवाल के इस्तीफे के बाद 21 सितंबर 2024 को मुख्यमंत्री पद की शपथ लीं।

दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने से पहले मनोनीत सीएम और आम आदमी पार्टी (आप) नेता आतिशी ने प्रस्तावित मंत्रियों के साथ अरविंद केजरीवाल से मिलने उनके घर पहुंची। यहां वह उनसे मुलाकात की। बैठक के बाद आतिशी और अन्य मंत्री पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के साथ ह्यराजनिवासह्व के लिए निकल गए। आतिशी अन्य मंत्रियों के साथ आज राजनिवास में शपथ लेंगी।

### जनता का काम करना हमारी प्राथमिकता: गोपाल राय

शपथ ग्रहण से पहले आप नेता गोपाल राय ने कहा कि जनता के लिए काम करना हमारी प्राथमिकता है और दिल्ली की जनता ने हमें काम करने के लिए चुना है। सरकार में बदलाव विशेष परिस्थितियों के कारण हुआ है और उसे देखते हुए हमारा लक्ष्य इन बचे हुए महीनों में लंबित कामों को आगे बढ़ाना है।

### भाजपा को करारा तमाचा मिला: दिलीप पांडे

आप नेता दिलीप पांडे ने कहा- पूरी दिल्ली और देश ने देखा कि कैसे भाजपा ने आम आदमी पार्टी को तोड़ने के इरादे से ईडी, सीबीआई जैसी संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग करके आम आदमी पार्टी के नेताओं को गिरफ्तार किया। भाजपा ने दिल्ली की जनता से बदला लेने का फैसला किया था, क्योंकि उन्होंने तीन बार उन्हें नकार दिया था। भाजपा को आप और आप नेताओं से दुश्मनी थी। अदालतों और देश के संविधान का शुक्रिया कि हमें राहत मिली और भाजपा को करारा तमाचा मिला।

## संक्षिप्त खबरें

### लग्जरी गाड़ियों की चोरी करने वाले दो धरे

नई दिल्ली। दक्षिणी दिल्ली जिला पुलिस की एएटीएस टीम ने 17 सितंबर को दिल्ली से लग्जरी गाड़ियों की चोरी कर उन्हें पहले मेरठ और फिर उत्तर पूर्वी राज्यों में पहुंचाने वाले दो बदमाशों को मेरठ से गिरफ्तार किया है। आरोपियों जफर और मोहम्मद माजिद खान के पास से एक चोरी की गाड़ी, एक पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि इंस्पेक्टर उमेश यादव, एसआई दीपक महला, अनिल कुमार की टीम वाहन चोरी के मामले की जांच कर रही थी। छानबीन के दौरान आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

### पुलिस ने सागरपुर से आरोपी को गिरफ्तार किया

नई दिल्ली। सागरपुर थाना पुलिस ने दो साल के लिए दिल्ली से निर्वासित किए गए एक बदमाश को 19 सितंबर को उसके घर से गिरफ्तार किया है। आरोपी आमिर खान को इसी वर्ष जनवरी में दिल्ली से निर्वासित किया गया था। आरोपी पर चोरी, सेंधमारी और शस्त्र अधिनियम के 10 मामले दर्ज हैं। पुलिस उपायुक्त रोहित मीणा ने बताया कि सागरपुर थाने में तैनात हेडकांस्टेबल अजय और कांस्टेबल शुभम को सूचना मिली कि दिल्ली से निर्वासित एक आरोपी यहीं रह रहा है। पुलिस ने सूचना पुख्ता करने के बाद मकान संख्या आरजेड 32/350, गली नंबर 15, जगदंबा विहार, सागरपुर में छापेमारी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### दो बदमाशों को पुलिस ने पकड़ा

नई दिल्ली। किशनगढ़ थाना पुलिस ने 19 सितंबर को दो वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों शिव कुमार झा और संजय के पास से चोरी की एक बाइक और एक मोबाइल बरामद किया है। पुलिस उपायुक्त रोहित मीणा ने बताया कि 19 सितंबर को हेडकांस्टेबल नरपत और कांस्टेबल मोहन इलाके में पैदल गश्त पर थे। उन्होंने एक संदिग्ध व्यक्ति को बाइक पर आते देखा। संदेह होने पर उन्होंने बाइक रोकने का इशारा किया, लेकिन बाइक सवार ने भागने की कोशिश की। पुलिसकर्मियों ने पीछा कर उसे दबोच लिया। जांच में बाइक चोरी की पाई गई।

### भीड़ ने बदमाश को दबोच कर जमकर पिटाई की

नई दिल्ली। जनकपुरी इलाके में 19 सितंबर की देर रात दो बदमाशों ने निजी कंपनी में कार्यरत एक शख्स के साथ लूट की वारदात को अंजाम दिया है। आरोपियों ने लूट का विरोध करने पर पीड़ित पर पत्थर से हमला कर घायल कर दिया। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने एक बदमाश को दबोच लिया और जमकर पिटाई की। बाद में उसे पुलिस को सौंप दिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर उसके दूसरे साथी की तलाश कर रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़ित 50 वर्षीय कमल कत्याल अपने परिवार के साथ बजाज एन्क्लेव, द्वारका मोड़ इलाके में रहते हैं। कमल ने पुलिस को बताया कि 19 सितंबर की देर रात वह नारायणा औद्योगिक क्षेत्र स्थित अपने ऑफिस से घर जा रहे थे। काली माता मंदिर पंखा रोड के पास इन्होंने किसी काम से अपनी स्कूटी रोकी। इसी दौरान दो बदमाश वहां पहुंच गए और लूटपाट करने लगे। कमल ने विरोध किया तो एक बदमाश ने उनपर पत्थर और ईंट से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित के चिल्लाने की आवाज सुनकर मौके पर भीड़ जमा हो गई। भीड़ ने वारदात के बाद भाग रहे बदमाशों में से एक को दबोच लिया।

### रेहड़ी लगाने को लेकर विवाद में युवक को चाकू से गोदा

नई दिल्ली। महिपालपुर इलाके में रेहड़ी लगाने को लेकर हुए विवाद में एक युवक को चाकू से गोदने का मामला सामने आया है। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। मामले की सूचना मिलने के बाद वसंत कुंज नॉर्थ थाना पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस मामला दर्ज कर छानबीन में जुटी हुई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 19 वर्षीय मोहम्मद कैफ अपने परिवार के साथ रंगपुरी पहाड़ी इलाके में रहता है। पुलिस को दिए बयान में कैफ ने बताया कि वह दिल्ली के अलग-अलग साप्ताहिक बाजारों में फलों की रेहड़ी लगाकर अपने परिवार का गुजारा करता है। 15 सितंबर को उसने महिपालपुर सीआईएसएफ कैंप के पास लगने वाले साप्ताहिक बाजार में रेहड़ी लगाई हुई थी। इसी दौरान वहां रिजवान नामक शख्स पहुंचा और रेहड़ी लगाने को लेकर झगड़ा करने लगा।

## दिल्ली मूल ग्रामीण पंचायत ने दिल्ली की नवनियुक्त तीसरी महिला मुख्यमंत्री की शपथ लेने पर सुश्री आतिशी को दिल्ली देहात की ओर से मुख्यमंत्री की शपथ लेने पर शुभकामनाएं दीं



नई दिल्ली, प्रातः किरण

दिल्ली मूल ग्रामीण पंचायत के उपाध्यक्ष प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी शिक्षाविद् डॉ. दयानंद वत्स भारतीय ने दिल्ली की नवनियुक्त तीसरी महिला मुख्यमंत्री सुश्री आतिशी को दिल्ली देहात की ओर से मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर अपनी शुभकामनाएं दीं हैं। वत्स ने कहा कि सुश्री आतिशी से दिल्ली के 357 शहरी ओर ग्रामीण गांवों के लाखों ग्रामीणों को यह उम्मीद है कि वह दिल्ली के गांवों में विकास के सभी मुद्दों का समाधान करने में अपना योगदान देंगी। वत्स ने कहा कि पिछले दिनों दिल्ली के गांवों का एक प्रतिनिधिमंडल दिल्ली मूल ग्रामीण पंचायत के कार्यकारी अध्यक्ष एवं आम आदमी पार्टी के ग्रामीण विंग के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष श्री नरेश डबास के नेतृत्व में उनके दिल्ली सचिवालय स्थित कार्यालय में देहात में सुविधाओं के संदर्भ में उनसे मिला था। तब उन्होंने तत्काल समस्या का समाधान किया था। वत्स ने कहा कि यह दिल्ली का सौभाग्य ही है कि श्रीमती शीला दीक्षित, श्रीमती सुषमा स्वराज के बाद सुश्री आतिशी दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री बनी हैं। इसके लिए पूर्व मुख्यमंत्री श्री अरविंद केजरीवाल एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री श्री मनीष सिसोदिया बधाई के पात्र हैं। अब सुश्री आतिशी दिल्ली देहात के गांवों का कायाकल्प करने में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखेगी। वत्स ने मुख्यमंत्री सुश्री आतिशी के साथ उनके साथ शत लेने वाले उनके मंत्री मंडल सहयोगी सर्वश्री सौरभ भारद्वाज, श्री गोपाल राय, श्री कैलाश गहलौत, श्री इमरान हुसैन ओर श्री मुकेश अहलावत को भी मंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई दी।

## दिल्ली में सीवर हो रहे बैक फ्लो और कूड़े के लगे ढेर, तस्वीरें जारी कर बिफरे एलजी

नई दिल्ली, प्रात: किरण



दिल्ली के उप राज्यपाल वीके सक्सेना ने उत्तर पूर्वी दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में नालों की सफाई नहीं होने पर नाराजगी जताई है। उन्होंने सोशल माध्यम एक्स पर तस्वीरें जारी करके कहा है कि दिल्लीवासियों की बेबसी का एक और आयाम देखने को मिला। उन्होंने एक्स पर लिखा है कि निरीक्षण के दौरान उन्हें देश की राजधानी दिल्ली का वीभत्स रूप देखने को मिला। 200 फीट का गोकुलपुरी नाला वर्षों से गाद नहीं निकाले जाने के कारण 20-25 फीट का रह गया है। जबकि, सड़कें गड्ढों से टूटी हुई हैं। कूड़े के ढेर लगे हैं। सीवर बैक फ्लो कर रहे हैं और लोगों को जलभराव की परेशानी का भी सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने एक्स पर तस्वीरें जारी करते हुए कहा कि ये तस्वीरें दिल्ली का सच बयान करती हैं। उप राज्यपाल ने तंज करते हुए लिखा है कि आशा है कि जो लोग इस दुर्दशा के लिए जिम्मेदार हैं उन्हें आईना दिखेगा। उप राज्यपाल ने शुक्रवार दिन में जमुना पार के क्षेत्र गोकुल पुरी, खजूरी, भजनपुरा, मुस्तफाबाद और करावल नगर का निरीक्षण किया। उप राज्यपाल ने सभी संबंधित विभागों और अधिकारियों को सलाह और निर्देश दिया है कि आज से ही वे युद्ध स्तर पर इन समस्याओं को दूर करने के लिए जुट जाएं। हाल ही में उप राज्यपाल ने पश्चिमी दिल्ली के मुंडका और नांगलोई जैसे इलाकों का भी दौरा किया था और वहां भी इस तरह की तमाम समस्याओं पर रोष जाहिर करते हुए तत्काल समाधान के निर्देश अधिकारियों को दिए थे।

## आतिशी कैबिनेट का नया दलित चेहरा, कैलाश अहलावत ने ली शपथ; पार्षद से कैबिनेट का सफर

नई दिल्ली, प्रात: किरण

दिल्ली को नया मुख्यमंत्री मिल गया है। आज मुख्यमंत्री समेत कैबिनेट के पांच अन्य मंत्रियों ने भी शपथ ली है। इसी के साथ आतिशी सरकार की कैबिनेट में एक नया चेहरा भी जुड़ा है। इनका नाम मुकेश अहलावत है। अहलावत पार्टी का दलित चेहरा हैं। ये दिल्ली की सुल्तानपुर माजरा सीट से साल 2020 में विधानसभा चुनाव जीतकर विधायक बने थे। उन्होंने राजकुमार आनंद की जगह ली थी। इससे पहले सुल्तानपुर माजरा सीट से संदीप कुमार विधायक थे। संदीप का टिकट कटने के बाद ही आम आदमी पार्टी ने उन्हें मौका दिया था। आतिशी सरकार के मंत्रियों ने आज शपथ ले ली है। इसमें आतिशी के अलावा 5 अन्य मंत्रियों ने भी शपथ ली है। इनमें 4 चेहरे पुराने हैं। माने ये लोग केजरीवाल सरकार में भी थे। इनके नाम गोपाल राय, कैलाश गहलोत, सौरभ भारद्वाज और इमाम हुसैन हैं। मगर एक नया चेहरा सामने आया है। इनका नाम मुकेश अहलावत है। आपको बता दें पेशे से व्यापारी रहे अहलावत के पास राजनीति का लंबा अनुभव नहीं है। आपको बता दें कि आनंद ने केजरीवाल सरकार से इस्तीफा देकर सरकार से नाता तोड़ लिया था। इसके बाद उन्होंने 2022 में पहली बार चुनाव लड़ा और जीता था।

### दलित वोटरों को साधने की कोशिश

उम्मीद लगाई जा रही है कि अहलावत को सामाजिक न्याय विभाग की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। जानकार इसके पीछे की वजह उनका दलित होना बता रहे हैं, क्योंकि आमतौर पर यह जिम्मेदारी किसी दलित चेहरे को सौंपी जाती रही है। विशेषज्ञों ने अनुमान लगाया है कि पार्टी ने उनको कैबिनेट में शामिल करके दलित वोटरों को साधने की कोशिश की है, क्योंकि पार्टी के दो बड़े दलित चेहरे राजकुमार आनंद और राजेंद्र पाल गौतम पहले ही इस्तीफा दे चुके हैं।

### क्राइम ब्रांच ने वाहन चोर दबोचा

नई दिल्ली। वाहन चोरी के साथ ही झपटमारी के 43 वारदात में शामिल एक बदमाश को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चोरी की 15 स्कूटी बरामद हुई है। पुलिस के हत्थे चढ़ा आरोपी अमृत सिंह उर्फ डॉन उर्फ वीरा विकासपुरी एक्सटेंशन का निवासी है। इसकी गिरफ्तारी से वाहन चोरी के 15 मामले सुलझे हैं। क्राइम ब्रांच ने बताया कि वाहन चोरों पर उनकी एक टीम नजर रख रही है। इस बीच सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने राजौरी गार्डन से आरोपी को दबोच लिया।

## ड्रग्स तस्करी में शामिल एक महिला समेत तीन को दबोचा

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने ड्रग्स तस्करी में शामिल एक महिला समेत तीन लोगों को दबोचा है। इनके कब्जे से 41.5 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ है। इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 20.75 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक गिरोह के सदस्य ओडिशा से दिल्ली ट्रेन से गांजा लेकर आते थे। क्राइम ब्रांच ने बताया कि दिल्ली में गांजा की बिक्री और आपूर्ति के बारे में सूचना मिली थी। इस आधार पर टीम का गठन कर छानबीन शुरू की गई। जांच में पता चला कि ड्रग तस्कर शकूरबस्ती रेलवे स्टेशन आने वाले हैं।

## सामाजिक विकास में सीएसआर की अहम भूमिका : डॉ बिनय कुमार

नई दिल्ली, प्रात: किरण




इंटीग्रेटेड इंस्टीट्यूट ऑफ ह्यूमन रिसोर्स के द्वारा इंडिया इंटरनेशनल सेंटर दिल्ली में 20 सितम्बर शुक्रवार को ग्लोबल सीएसआर लीडरशिप कॉन्क्लेव-2024 का आयोजन किया गया जिसमें विकसित भारत@2047: सीएसआर में कॉर्पोरेट नेताओं की भूमिका विषय पर चर्चा हुई कइस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक के वरिष्ठ प्रचारक श्री रवि कुमार अय्यर, विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्लोबल ओपन यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ प्रिय रंजन त्रिवेदी, ब्रिगेडियर संजय अग्रवाल, पूर्व सुरक्षा सलाहकार गृह मंत्रालय, भारत सरकार और पूर्व सलाहकार, एनएचएआई, भारत सरकार, सीएमए एम के आनंद, पूर्व मुख्य सलाहकार लागत, भारत सरकार आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर ग्लोबल सीएसआर लीडरशिप कॉन्क्लेव-2024 के आयोजन सचिव डॉ बिनय कुमार ने कहा कि सामाजिक विकास में सीएसआर की अहम भूमिका है और देश के विकास में सहायक है और भारत अभी विश्व के पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, माननीय प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में देश विकसित भारत बनने की ओर बढ़ रहा है, इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रवि अय्यर ने कहा विकसित भारत बनाने के प्रयास से भारत के अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है और भारत कुछ साल के अंदर ही दुनिया के तीसरी सबसे बड़े अर्थव्यवस्था बन जाएगी लेकिन इसके साथ-साथ हमने जिनको पीछा किया है उनके ईर्ष्या भी झेलनी पड़ेगी, हमें उनसे सावधान रहना है और अपने अर्थव्यवस्था को विकसित कर विकसित भारत बनने के लिए प्रयास किया जाए, कॉन्क्लेव में विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्लोबल ओपन यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ प्रिय रंजन त्रिवेदी ने कहा समाज के विकास के लिए सीएसआर फंड का सही उपयोग होना चाहिए तभी समाज में विकास संभव है, मुख्य वक्ता ब्रिगेडियर संजय अग्रवाल ने कहा पर्यावरण संबंधी जिम्मेदारी, नैतिक/मानवाधिकार संबंधी जिम्मेदारी से देश का विकास संभव है इस अवसर पर सीएसआर लीडर्स डॉ उमेश शर्मा, श्री संजय अरोड़ा, पूर्व निदेशक, तालचेर फर्टिलाइजर लिमिटेड, श्री दिनेश अग्रवाल, प्रधान सलाहकार - सीएसआर, कंसोशिया एडवाइजरी, नई दिल्ली, श्री पुष्पराज दलाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सीएसआर, सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस ऑर्गनाइजेशन, डॉ. सुरेश रेड्डी, लीड सीएसआर और निदेशक एसआरएफ फाउंडेशन, श्री. जी.एस.बावा, पूर्व महाप्रबंधक (पीआर), भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण आदि ने भी संबोधित किया। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य वृक्ष फाउंडेशन नागपुर को सीएसआर के क्षेत्र में सर्वोत्तम कार्य के लिए बेस्ट सीएसआर इंटीग्रेटेड बिजनेस अवार्ड, आईआईएम के प्रोफेसर डॉ. पी. संजय को उत्कृष्ट लीडरशिप अवार्ड, एचआईएल (इंडिया) लिमिटेड के उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) दीपिका छिकारा को मानव संसाधन के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए महिला मानव संसाधन लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया। कॉन्क्लेव में सरकारी और गैर सरकारी सीएसआर विभागों के अधिकारी एवं विभिन्न महाविद्यालयों के शिक्षक, रिसर्च स्कॉलर और छात्र ने भी भाग लिया कधन्यवाद ज्ञापन आईआईएचआर के कार्यक्रम निदेशक महेश गोलानी ने किया।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क. वि., डी.आर.एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदाये आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | दिल्ली डिवीजन में संपर्क तार का प्रतिस्थापन। |
| 2 | अनुमानित लागत | Rs. 11,40,24,093.36/- |
| 3 | बयाना राशि | Rs. 7,20,100/- |
| 4 | ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 01.10.2024 (10:30 बजे) से 15.10.2024 (15:00 बजे तक) |
| 5 | ई–निविदा समापन की अंतिम तथा ई–निविदा खुलने की तारीख और समय | 15.10.2024 (15.00 बजे) |
| 6 | निविदा छपाई की लागत | RRSK & DF-3 (PH-36) |
| 7 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

निविदा संख्या: 30-क.वि.–नई दिल्ली–2024–25 दिनांक : 20.09.2024 2949/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता/प्रथम, उत्तर रेलवे दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | सीनियर सेक्शन इंजीनियर सोनीपत के अनुभाग में अधीनस्थ खंड अभियंता पानीपत के समपार फाटक संख्या 10 का उन्मूलन किलोमीटर 14/29–31 एवं समपार फाटक संख्या 14 का उन्मूलन किलोमीटर 21/19–21 तथा समपार फाटक संख्या 15 का उन्मूलन किलोमीटर 23/25–27 का रोड ओवर ब्रिज लिमिटेड हाइट सबवे के निर्माण का कार्य। |
| 2. | अनुमानित लागत | रु. 17,46,92,691.58 |
| 3. | धरोहर राशि | रु. 10,23,500/- यह नेट बैंकिंग या केवल भुगतान gate way के रुप में होना चाहिए। नोटः एफ.डी.आर या डिमांड ड्राफ्ट के रूप में ई.एम.डी. स्वीकार नहीं की जाएगी। (रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2015 /सीई–1/ सीटी/5/1 दिनांक 31/08/2016) के अनुसार आई. आर.ई.पी.एस. पर आमंत्रित निविदा के लिए। |
| 4. | समापन अवधि | 12 महीने |
| 5. | ई–निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | 15.10.20024 को 15.00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 15.10.2024 को 15:00 बजे। |
| 6. | निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है |
| 7. | समान प्रकार के कार्य | बॉक्स पुशिंग/पाइप पुशिंग विधि से पुलों/सीमित हाई सबवे का निर्माण |

नोटः– शपथ पत्र संलग्नक XXIV अनिवार्य रूप के रूप में निविदा शर्तों के साथ संलग्न नए प्रारूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। और सभी संलग्न दस्तावेज निविदाकर्ता द्वारा स्वयं सत्यापित किया जाना चाहिए।

पत्र संख्याः 128–डब्लू/280/निविदा सूचना/24–25/डब्लू–I (NIT-44) दिनांकः 20.09.2024 2937/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण

राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, रविवार, 22 सितंबर, 2024

## संक्षिप्त खबरें

### शातिर झपटमार हुआ गिरफ्तार




नई दिल्ली। राज पार्क थाना की पुलिस टीम ने एक शातिर झपटमार को गिरफ्तार किया है। इसके पास से गोल्ड चेन और चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई। इसकी गिरफ्तारी से पांच मामलों का खुलासा करने का दावा पुलिस ने किया है। डीसीपी जिमी चिराम के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान मुकुल के रूप में हुई है। यह सुल्तानपुरी इलाके का रहने वाला है। 16 सितंबर को एक महिला से शाम के समय तांगा स्टैंड के पास गले से गोल्ड चेन दो लड़कों ने छीन लिया और फरार हो गए। उस मामले की छानबीन कर रही पुलिस टीम ने पता लगाना शुरू किया। एसीपी राजवीर मलिक की देखरेख में एसएचओ वीरेंद्र सिंह की टीम ने इसके बारे में जानकारी इकट्ठा की। फिर इसे छापा मारकर पकड़ा गया, जो बाइक इससे मिली है वह बिंदापुर थाना इलाके से चुराई गई थी।

### पुलिस ने 44 लोगों को भीषण आग से बचाया

नई दिल्ली। मध्य जिला दिल्ली के नबी करीम इलाके में जय दुर्गा धर्मकांटा के पास स्थित एक 4 मंजिला कुर्सी कारखाने में भीषण आग लग गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना इंचार्ज ने रात में अपने सीमित स्टाफ के साथ घटना स्थल पर तत्काल कार्रवाई करते हुए आसपास के बिल्डिंग से शटर तोड़कर 44 लोगों को आग बुझाने की टीम के आने से पहले सुरक्षित बाहर निकाल लिया. पुलिस की समय पर की गई कार्रवाई से बड़ा हादसा टल गया। दमकल विभाग के 7 फायर टेंडर ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया. इस घटना में किसी के भी घायल होने की खबर नहीं है, लेकिन कारखाने को भारी नुकसान पहुंचा है. पुलिस ने घटना की जांच शुरु कर दी है और आग लगने के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है.

### दुर्गापुरी सौ फुट रोड पर जाम और सड़क हादसों से नागरिक परेशान : डी.के.तिवारी

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी दिल्ली में दुर्गापुरी के सौ फुटा रोड पर नत्थू कॉलोनी चौक से दुर्गापुरी चौक तक प्रतिदिन भीषण ट्रैफिक जाम से आम लोगों का जीवन दूभर हो गया है। यह कहना है क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक तथा आर.डब्लू.ए.से जुड़े डी.के.तिवारी का। श्री तिवारी कहते हैं सड़क पर गाजियाबाद भोपरा, सीमापुरी नंदनगरी और जीटीबी हॉस्पिटल तथा दिलशाद गार्डन जीटी रोड़ से आने वाला भारी ट्रैफिक गुजरता है। ट्रैफिक के भारी दबाव के चलते चौड़ाई में इस रोड़ की क्षमता कम हो गई है और ऊपर से बढ़ता अतिक्रमण। यहाँ बेकाबू और तेज गति से आने वाले वाहनों से आए दिन हादसे हो रहें हैं। कुछ समय पूर्व इन हादसों से एक महिला और एक बुजुर्ग की मौत हो चुकी है। पैदल चलने वाले स्कूली बच्चे और बुजुर्गों के लिए यहाँ की स्थिति जोखिम पूर्ण बनी हुई है। इस रोड़ पर तेज रफ्तार से चलने वाले चार-पहिया और दो-पहिया वाहनों की रफ्तार को कम करने के लिए कोई स्पीड ब्रेकर भी नहीं है इससे रोड पार करना बहुत मुश्किल हो रहा है। प्रशासन से मांग है कि नागरिकों की परेशानी को देखते हुए इसका उचित समाधान किया जाए।

### सब्जियों की महंगाई ने आम आदमी के सोई का बजट बिगाड़ा : अशोक शर्मा

नई दिल्ली। सब्जियों के दाम आसमान छूने लगे हैं। सब्जियों की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं. सब्जी के बढ़ते दामों ने आम आदमी का बजट बिगाड़ दिया है। हर साल बारिश के दिनों में सब्जियों की कीमतें बढ़ जाती हैं. इस बार बहुत ज्यादा बढ़ गई हैं। कीमतें बढ़ने के पीछे उत्पादन में कमी है, परिवहन की समुचित व्यवस्था का अभाव है या फिर जमाखोरी कारण की जानकारी नहीं मिल पा रही है। कन्फेडरेशन ऑफ एनसीआर आरडब्ल्यूए ईस्ट दिल्ली चैप्टर के पवन मैनी, अशोक शर्मा, महेश चंद शर्मा तथा अनिल कटारा का कहना है कि गर्मियों के बाद अब बरसात में भी सब्जियों का बाजार अब तपा रहा है। कीमतों को लेकर टमाटर और लाल हैं 80 के करीब पहुँच चुका है प्याज के दाम 60 रु पहुँच रहा है,हर धनिया चार सौ के पार पहुच चुका है। बाकि सब्जियों में सब्जियों का राजा आलू भी आसमान छूते दामों के साथ आम लोगों को आंखें दिखा रहा है।

# बुनियादी मुददों से ध्यान हटाने के लिए है वन नेशन- वन इलेक्शन : सुभाष चन्द्र लाला

## कोशिश है देश के मुद्दों से जनता को भटकाने की

नई दिल्ली, प्रात : किरण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली कैबिनेट ने भारत में एक देश एक चुनाव के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। वन नेशन वन इलेक्शन विधेयक को संसद के आगामी शीतकालीन सत्र में पेश किया जा सकता है। एक देश एक चुनाव के विषय पर बात करते हुए विश्वास नगर वार्ड से आम आदमी पार्टी के वार्ड अध्यक्ष सुभाष चंद्र लाला ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन का मुद्दा भाजपा अपनी नाकामी को छुपाने के लिए और देश की जनता को इस देश के बुनियादी मुद्दों से भटकाने के लिए उठा रही है। सुभाष चंद्र लाला ने कहा कि आज देश में बढ़ती महंगाई, बढ़ती बेरोजगारी, गिरती अर्थव्यवस्था, बढ़ती भुखमरी को रोकने में भाजपा पूरी तरह से नाकाम और विफल साबित हुई है और देश की जनता का भाजपा की इस विफलता पर ध्यान ना जाए इसलिए ही भाजपा वन नेशन वन इलेक्शन का मुद्दा छेड़ रही है। सुभाष चंद्र लाला ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन का विषय बहुत गंभीर है, इसके लिए हमारे देश के संविधान में संशोधन भी करना पड़ेगा जो की आसान बात नहीं है।

सुभाष चंद्र लाला ने आगे कहा कि केंद्र में बैठी भाजपा की सरकार को करने के लिए अभी और भी कई काम है तो फिर भाजपा वन नेशन वन इलेक्शन का मुद्दा क्यों छेड़ रही है। क्या आज हमारे देश में बेरोजगारी खत्म हो गई है? क्या आज हमारे देश में बढ़ती महंगाई कम हो गई है? क्या हमारे देश में भुखमरी समाप्त हो गई है? क्या हमारे देश की गिरती अर्थव्यवस्था वापस ठीक हो गई है? नहीं। तो जब अभी इस देश के बुनियादी मुद्दे ही नही सुलझे है तो वन नेशन वन इलेक्शन का मुद्दा क्यों उठाया जा रहा है? सुभाष चंद्र लाला ने आगे भाजपा से सवाल करते हुए पूछा कि क्या आज हमारे देश के सभी मुद्दे पूरी तरह से सुलझ चुके हैं? क्या आज हमारे देश में काम करने के लिए कोई मुद्दा नहीं है जो भाजपा वन नेशन वन इलेक्शन का मुद्दा इतने जोरो शोरों से उठा रही है?

सुभाष चंद्र लाला ने कहा कि मैं भाजपा को बता दूं की आज भी हमारे देश की आधी सड़कों की हालत बहुत खराब है, क्या उन सड़कों को ठीक करने के लिए भाजपा ने कोई कदम लिया? आज देश का युवा बेरोजगारी की मार झेल रहा है, क्या उन्हें रोजगार देने के लिए भाजपा ने कोई कदम लिया? आज भी देश के कई लोग रात को बिना खाना खाए सो जाते हैं, क्या उनको खाना देने के लिए भाजपा ने कोई काम किया? सुभाष चंद्र लाला ने कहा कि भाजपा सिर्फ और सिर्फ भटकाने की राजनीति करती है, देश के मुद्दों से जनता को भटकाने की, अपनी नाकामी से जनता को भटकाने की, अपनी विफलता से जनता को भटकाने की और भाजपा का यह भटकाना देश को विनाश की ओर ले जाएगा। सुभाष चंद्र लाला ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन का मुद्दा और उसे लागू करना कोई आसान बात नहीं है इस पर अभी और काम करना जरूरी है। सुभाष चंद्र लाला ने कहा कि अगर वन नेशन वन इलेक्शन के तहत देश में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ होंगे तो मैं भाजपा से सवाल करता हूं कि जो हमारे राज्य हैं उनके मुद्दे कहा जायेंगे?

क्योंकि वन नेशन वन इलेक्शन में राष्ट्रीय मुद्दे अधिक उठेंगे और जो राज्यों के बुनियादी मुद्दे हैं वह कहीं ना कहीं दब जायेंगे। सुभाष चंद्र लाला ने आगे कहा कि जो राज्य स्तर की पार्टी है उनका क्या होगा? सुभाष चंद्र लाला ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन का मुद्दा जिस तरीके से भाजपा उठा रही है और जिस तरीके से भाजपा वन नेशन वन इलेक्शन को लागू करने की कोशिश कर रही है वह इस देश के लोकतंत्र के खिलाफ है। सुभाष चंद्र लाला ने आगे कहा कि भाजपा भटकाव की राजनीति छोड़ दे और देश के बुनियादी मुद्दों पर काम करें नहीं तो 5 वर्ष पूरे होने से पहले ही केंद्र में भाजपा की सरकार गिर जायेगी।

## दिल्ली हाईकोर्ट ने रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं की याचिका पर एमसीडी और पुलिस से जवाब मांगा






नई दिल्ली, प्रात : किरण

दिल्ली उच्च न्यायालय ने यहां एक बाजार में 45 रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं की अर्ध-स्थायी दुकानों को हटाए जाने को चुनौती देने वाली याचिका पर दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) और पुलिस से जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति विभु बाखरू और न्यायमूर्ति सचिन दत्ता की पीठ ने याचिका पर एमसीडी, दिल्ली पुलिस और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया तथा उनसे दो सप्ताह के भीतर जवाब देने को कहा। अदालत ने मामले पर अगली सुनवाई के लिए 14 अक्टूबर की तारीख तय की है। याचिकाकर्ता विक्रेताओं ने कहा कि वे पिछले कई वर्षों से दक्षिण दिल्ली के मदनगीर में शीतला माता मार्केट में दुकानदारी कर रहे हैं और उनके ठेले या अर्ध-स्थायी दुकानों को कथित तौर पर उचित कानूनी प्रक्रिया का पालन किए बगैर 30 जुलाई को हटा दिया गया। विक्रेताओं की ओर से पेश वकील संजय बनिवाल और मनीषा ने मूल स्थान पर दुकान पुनः लगाने के लिए निर्देश दिए जाने का अनुरोध किया। बनिवाल ने कहा कि रेहड़ी-पटरी दुकानदार (आजीविका संरक्षण एवं रेहड़ी-पटरी विक्रेता गतिविधि विनियमन) अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार किसी भी ध्वस्तीकरण अभियान से पहले याचिकाकताओं को 30 दिन का नोटिस दिया जाना चाहिए था। याचिकाकताओं ने अंतरिम उपाय के तौर पर अदालत से एमसीडी और पुलिस को उन्हें बाजार में उनके स्थान पर रेहड़ी-पटरी लगाने से न रोकने का निर्देश दिए जाने का अनुरोध किया।

## दिल्ली की जनता को नहीं मिली मूलभूत सुविधाएं, उम्मीद यही आतिशी करेंगी विकास का कामः हर्ष मल्होत्रा

नई दिल्ली, प्रात : किरण




आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी शनिवार को दिल्ली के छठे मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगी। सांसद हर्ष मल्होत्रा ने आतिशी को नई पारी के लिए शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही उम्मीद की है कि वो दिल्ली के विकास के लिए काम करेंगी। आतिशी के शपथ ग्रहण को लेकर केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि, मैं उनको बहुत बहुत शुभकामनाएं देना चाहता हूं और साथ में यह निवेदन भी करना चाहता हूं कि पिछले दस वर्षों में दिल्ली की जनता को जो मूलभूत सुविधाएं नहीं मिली है, वह तीन महीने के कार्यकाल में मिलेगी। मैं आशा करता हूं कि वह 3 महीने में यह कोशिश करेंगी कि भ्रष्टाचार ना हो और दिल्ली की जनता को मूलभूत सुविधाएं मिले। उन्होंने आगे कहा कि, पीडब्ल्यूडी विभाग ने नाले साफ नहीं किए, जिसके कारण पूरी दिल्ली जल थल रही। पीडब्ल्यूडी का विभाग स्वयं आतिशी के पास था लेकिन काम नहीं हुआ। मैं समझता हूं कि अब उन्हें और कोई नहीं रोक पाएगा। उनको नाले की सफाई करानी चाहिए। स्वाति मालीवाल ने बिल्कुल ठीक कहा कि आतिश के परिवार के लोगों ने अफजल गुरु को फांसी ना हो, इस बात के लिए बहुत प्रयास किया था। अब केजरीवाल को सोचना चाहिए कि ऐसे लोगों को बढ़ावा देना है कि नहीं। बता दें, शनिवार शाम साढ़े 4 बजे मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगी। केजरीवाल ने मंगलवार (17 सितंबर) को उपराज्यपाल (एलजी) वीके सक्सेना को अपना इस्तीफा सौंपा था। सरकार गठन की फाइलें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मंजूरी के लिए भेजी गई थीं। इस पर शपथ ग्रहण समारोह की तारीख 21 सितंबर प्रस्तावित की गई थी। 17 सितंबर को ही आतिशी को विधायक दल की बैठक में अगले सीएम के तौर पर चुना था। उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना शाम 4.30 बजे राज निवास में आतिशी और उनके मंत्रिपरिषद को शपथ दिलाएंगे। चार मौजूदा मंत्री गोपाल राय, कैलाश गहलोत, सौरभ भारद्वाज और इमरान हुसैन अपनी जगह बरकरार रखेंगे जबकि दलित विधायक मुकेश अहलावत कैबिनेट में नया चेहरा होंगे। एक मंत्री पद अभी भी खाली रहेगा।

## दस साल दिल्ली बेहाल बाय -बाय फजीर्वाल, दिल्ली की सड़कों पर केजरीवाल के खिलाफ लगाए पोस्टर

नई दिल्ली, प्रात : किरण




आतिशी आज दिल्ली के छठे मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगी। शपथ ग्रहण के पहले दिल्ली की सड़कों पर देर रात पोस्टर लगाए गए हैं। दिल्ली की सड़कों पर देर रात चस्पा पोस्टर्स में आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल को निशाने पर लिया गया है। यह पोस्टर दिल्ली बीजेपी नेता कपिल मिश्रा की ओर से लगवाएं गए हैं। लिखा है कि, दस साल दिल्ली बेहाल बाय-बाय फजीर्वाल निवेदक कपिल मिश्रा।

दिल्ली के प्रमुख चौराहे आईटीओ, राजघाट, आईटीआई से नोएडा और लक्ष्मी नगर की तरफ जाने रास्तों के साथ-साथ अन्य जगहों पर यह बड़े-बड़े होर्डिंग लगाए गए है। कपिल मिश्रा पहले आप नेता थे लेकिन मतभेद के कारण पार्टी छोड़ भाजपा में शामिल हो गए। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को लेकर अक्सर मुखर रहे हैं और खुलकर विरोध करते आए हैं। आप नेता कपिल मिश्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो संदेश भी जारी किया। कहा कि, आज एक कम्युनिस्ट को बैक डोर से दिल्ली का सीएम बनाया जा रहा है। दिल्ली देश का ऐसा चौथा राज्य बन गया है, जिसका सीएम कम्युनिस्ट है। दिल्ली में कम्युनिस्ट ताकतों को सत्ता में बैठाने की साजिश रची गई है। आतिशी के माता और पिता जी ने अफजल गुरु की फांसी पर सवाल उठाए थे।

वो उस कमेटी का हिस्सा रहे, जिन्होंने अफजल गुरु को फांसी दिए जाने के विरोध में अभियान चलाया।देश के खिलाफ बोलने का इतिहास केवल माता-पिता ने नहीं बनाया है, खुद आतिशी भी अपने परिवार के उसी परंपरा को आगे बढ़ा रही है। आने वाला समय दिल्ली के लिए चुनौती का रहने वाला है। दिल्ली का हाल बेहाल होने वाला है।

बता दें कि, दिल्ली में शराब घोटाले में घिरी आम आदमी पार्टी के कई बड़े नेता जमानत पर बाहर है। केजरीवाल के इस्तीफे के बाद आतिशी को विधायक दल का नेता चुना गया। इससे पहले कालकाजी सीट से विधायक आतिशी, दिल्ली सरकार में कई विभागों की जिम्मेदारी संभाल चुकी हैं।

उपराज्यपाल वी.के.सक्सेना शाम 4.30 बजे राज निवास में आतिशी और उनके मंत्रिपरिषद को शपथ दिलाएंगे। चार मौजूदा मंत्री गोपाल राय, कैलाश गहलोत, सौरभ भारद्वाज और इमरान हुसैन अपनी जगह बरकरार रखेंगे जबकि दलित विधायक मुकेश अहलावत कैबिनेट में नया चेहरा होंगे। एक मंत्री पद अभी भी खाली रहेगा। सुषमा स्वराज और कांग्रेस की शीला दीक्षित के बाद आतिशी दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री होंगी।

## पुलिस ने मुठभेड़ में दो बदमाशों को किया गिरफ्तार, लूट और स्नेचिंग की वारदात को देते थे अंजाम

गाजियाबाद, प्रात : किरण

गाजियाबाद पुलिस और बदमाशों के बीच बीती रात मुठभेड़ हो गई। पुलिस की टीम ने एक बदमाश को गोली लगने के बाद घायल अवस्था में और दूसरे को कांबिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया।

पकड़े गए दोनों बदमाश लूट और चेन स्नेचिंग के दर्जनों मामलों में वांछित चल रहे थे। इनमें से एक बदमाश पर नोएडा में एक हत्या में शामिल होने का भी आरोप लगा है। पुलिस को कई दिनों से इनकी तलाश थी। इन्होंने गाजियाबाद और नोएडा के कई इलाकों में चेन स्नेचिंग और लूट की कई घटनाओं को अंजाम दिया है।

पुलिस ने बताया कि थाना इंदिरापुरम पुलिस टीम ने लूट व स्नेचिंग की घटना को अंजाम देने वाले दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 1 तमंचा, 1 खोखा कारतूस, 1 जिंदा कारतूस, 6,700 रुपये और घटना में इस्तेमाल चोरी की बाइक बरामद की है। एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया है कि बीती रात इंदिरापुरम पुलिस रात करीब 12 बजे चेकिंग कर रही थी। तभी पुलिस ने एक बाइक पर दो युवकों का आते दिखा। पुलिस ने जब उन्हें रुकने का इशारा किया तो वह बाइक मोड़ कर वापस भागने लगे। पुलिस ने जब उनका पीछा किया तो उनकी बाइक फिसल कर गिर गई। इस दौरान उन्होंने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। एसीपी के मुताबिक, पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया और जबकि दूसरा भागकर झाड़ियां में छुप गया। हालांकि, पुलिस टीम ने दोनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। एक आरोपी ने अपना नाम आरिफ बताया है। उसने बताया कि वह एक लूट और चेन स्नेचिंग करता है। उसके खिलाफ नोएडा में भी हत्या का एक मामला दर्ज है, जिसमें इसकी तलाश की जा रही थी।

### मध्य दिल्ली में फर्नीचर बाजार में लगी आग, कोई घायल नहीं

नई दिल्ली। मध्य दिल्ली में नबी करीम के एक फर्नीचर बाजार में शनिवार तड़के आग लग गयी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दिल्ली दमकल सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि तड़के तीन बजकर 20 मिनट पर फर्नीचर बाजार में एक दुकान में आग लगने की सूचना मिली और दमकल की सात गाड़ियों को घटनास्थल के लिए भेजा गया। आग पर काबू पाने में चार घंटे लगे। अधिकारी ने बताया कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है लेकिन फर्नीचर और लकड़ी के अन्य सामान जलकर खाक हो गए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा बताया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी। मामले की जांच की जा रही है।

## छल कपट की राजनीति करने में माहिर है आम आदमी पार्टी : नीलम चौधरी

### दिल्ली की जनता समझ रही है इनकी चाल को

नई दिल्ली, प्रात : किरण

आन्दोलन की आड़ में बनी पार्टी अपनी स्थापना से ही छल कपट की राजनीती में शामिल रही है। आना हजारे से ले पार्टी के कई बड़े नेताओं से किनारा करने वाली यह पार्टी अपनी बनाई नीतियों से ही पल्ला झाड़ लेती है। यह कहना है बाबरपुर जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष नीलम चौधरी का। नीलम चुअध्री कहती है इनकी हर घोषणा में छल कपट की बू आती है। दिल्ली की जनता को भी इस पार्टी नें अपनी लोक लुभावनी घोषणाओं से छला ही है। पूरे देश नें देखा भ्रस्टाचार के आरोपों में इनके आधे से ज्यादा मंत्री और स्वयं मुख्यमंत्री जेल की सलाखों के पीछे पहुंचे। बावजूद इसके इन्हें शर्म नहीं आती खुद की तुलना शहीद भगत सिंह से करते है। जबकि असलियत यह है कि देश की सबसे भ्रष्ट पार्टी बन चुकी है यह पार्टी। नीलम चौधरी कहती हिन्जब सुप्रीम कोर्ट नें ही मुख्यमंत्री की तमाम शक्तियों पर यहाँ तक कि उनके दफ्तर जाने तक रोक लगा दी और किसी भी फाईल पर हस्ताक्षर करने तक पाबंदी लगा दी थी ऐसे में अरविन्द केजरीवाल के पास ईस्तीफा देने के अलावा कोई विकल्प ही नहीं बचता था। लेकिन अपने इस्स्तीफे को भी उन्होंने इवेंट बनाकर पेश किया। किसी दुस्सरे को मुख्यमंत्री बनाया तो उसे भी इवेंट बनाया। और अब जबकि अरविन्द केजरीवाल मुख्यमंत्री नहीं रहने वाले तो उनको मिलने वाली तमाम सुविधाएँ खुद ही समाप्त हो जायेगें लेकिन उसे भी आम आदमी पार्टी इवेंट बनाकर सहानुभूति बटोरना चाहती है। लेकिन दिल्ली की जनता बेहद समझदार है और इनकी हरकतों को अच्छे से समझ रही हैं। नीलम चौधरी कहती हैं कि अरविन्द केजरीवाल और उनकी आम आदमी पार्टी के नेता हर झूठ और नियमित बात को बार-बार दोहराकर जनता से सहानूभूति लेने की शैली पर काम करते है। अब जब अरविन्द केजरीवाल ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया है तो सरकारी प्रक्रिया अनुसार शीशमहल और पूरी सुरक्षा भी छोड़ना पड़ेगा, इसमें संजय सिंह द्वारा प्रेस वार्ता करके घोषणा करना कि केजरीवाल घर और सुरक्षा छोड़ेगे और आम आदमी की तरह रहेंगे, यह पूरी तरह से गुमराह करने वाली बयानबाजी है, क्योंकि पूरे 10 साल अरविन्द केजरीवाल ने सरकारी घर और लाव लश्कर वाली सुरक्षा में वीआईपी बनकर रहे है। उन्होंने कहा कि और अब जब सुप्रीम कोर्ट द्वारा मिली शर्तां पर जमानत के बाद शक्तियां खत्म होते मुख्यमंत्री पद से नाटकीय रुप में इस्तीफा देकर दिल्लीवासियों से सहानुभूति लूटने का असफल प्रयास किया।

### बसों की भारी कमी झेल रही है दिल्ली : परमानन्द शर्मा

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली का परिवहन सिस्टम लड़खड़ाता जा रहा है। दिल्ली में परिवहन सिस्टम लचर होने के चलते लोगो को भारी परेशानी उठानी पडती है। यह कहना है वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व निगम प्रत्याशी परमानन्द शर्मा का। परमानन्द शर्मा कहते हैं केजरीवाल सरकार की असंवेदनशीलता और अपने हित साधने की नीति के कारण पहले ही राजधानी में डीटीसी बसों की संख्यां बहुत कम है, उन्होंने कहा कि आज केजरीवाल सरकार ने दिल्ली की परिवहन व्यवस्था को बर्बाद कर दिया है, दिल्ली में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था ट्रांजिट बसों पर टिकी है, डीटीसी बसें नाम मात्र है जो इलेट्रिक बसें है वो डिपों में बिजली की कमी होने के होने कारण बसें सेवा में नही है और बंद खड़ी रहती है। परमानन्द शर्मा ने कहा कि आज दिल्ली को 20,000 बसों की जरुरत है, डीटीसी की केवल 4536 बसें चल रहे है जिनमें 2966 बसें सीएनजी ओर 1570 इलेक्ट्रिक बसें चल रही है, इनमें अधिकतर सीएनजी बसों की लाईफ खत्म हो चुकी है जो प्रदूषण का मुख्य कारण बन रही हैं, जबकि 3147 ट्रांजिट बसें रोड़ पर चल रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की परिवहन व्यवस्था को दुरस्त रखना दिल्ली सरकार की जिम्मेदारी है क्योंकि सरकार की लापरवाही के कारण दिल्ली के लोगों को परेशानियां झेलनी पड़ रही है। परमानन्द शर्मा ने कहा कि अगस्त 2021 में दिल्ली कांग्रेस ने 1000 बसों की खरीद और और मेनटेनैंस के लगभग 4288 करोड़ के घोटाले को उजागर करके कांग्रेस पार्टी ने सीबीआई और गृहमंत्रालय से जांच की मांग के साथ शिकायत दर्ज कराई थी। जिसके बाद गृहमंत्रालय ने सीबीआई को जांच के आदेश दे दिए थे परंतु जांच अधूरी की गई क्योंकि बस खरीद के साथ 3 साल मैंटेन्स कम्पनी ने देना था तब सरकार ने 3412.78 करोड़ रुपये ए.एम.सी. का कॉन्ट्रैक्ट कम्पनी को क्यों दिया।

## चेहरा बदलने से लाभ नहीं मिलने वाला आम आदमी पार्टी को : वेद प्रकाश बेदी

### लोग भूले नहीं केजरीवाल सरकार के भ्रष्टाचार को

नई दिल्ली, प्रात : किरण



विधानसभा चुनाव से मात्र चंद माह पूर्व और वो भी मजबूरी में अरविन्द केजरीवाल ने मुख्यमंत्री से इस्तीफा दे आतिशी को मुख्यमंत्री नामित कराया है। यह उनकी भारी भूल है कि चेहरा बदलने से लोग उनके भ्रष्टाचार को भूल जायेंगे और दिल्ली की सत्ता पर फिर से आम आदमी पार्टी काबिज हो जायेगी। यह कहना है वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के डेलिगेट वेद प्रकाश बेदी का। वेद प्रकाश बेदी कहते हैं दिल्ली की जनता नें आबकारी नीति में भ्रष्टाचार होते देखा है। एक के बदले एक शराब की बोतल मिलती देखी है। दिल्ली में कोरोना के दौरान लाशों के ढेर देखे है,कोरोना के दौरान सरकारी अस्पतालों की बदहाली देखी है,बिना ऑक्सीजन के मरीजों को तडपते देखा है। दिल्ली के लोगो नें मानसून के दौरान सड़क पर बने गड्ढों में डूबकर मरते लोगो को देखा है। बरसात के सीजन में दर्जनों लोगो को सरकार की लापरवाही के चलते मरते देखा है। वेद प्रकाश बेदी कहते हैं दिल्ली के लोग बदहाल सीवेज सिस्टम को देख रहे है। स्कूलों की बदहाली देख रहे हैं, मौहल्ला क्लीनिकों की दयनीय हालत देख रहे हैं। खराब होते परिवहन सिस्टम को देख रहे है। दिल्ली के लोग देख रहे हैं किस तरह से आम आदमी पार्टी सरकार के मंत्री जेल यात्रा कर रहे हैं अनके आधे से विधायकों पर मुकदमे चल रहे हैं। इतना कुछ देखने के बाद भी दिल्ली की जनता इन्हें क्यों वोट देगी। वेद प्रकाश बेदी कहते हैं दिल्ली की जनता ने शीला दीक्षित का शासन डेढ़ दशक तक देखा है उस दौरान हुए विकास कार्य देखे हैं जो जनता को आज भी याद हैं। उनकी सरकार का एक भी मंत्री या विधायक भ्रस्टाचार में शामिल नहीं रहा और ना ही कभी जेल गया। श्री बेदी कहते हिन्आने वाला समय कांगेस का है। लोग मुफ्त की घटिया राजनीत से दुखी हो चुके हैं। शीला जी की सरकार में जहां गंगा का शीतल जल लोगो को मिलता था आज मुफ्त पानी के नाम पर दूषित तथा बदबूदार मिल रहा है। वेद प्रकाश बेदी कहते हैं कि चेहरा बदलने से आम आदमी पार्टी पर लगे आरोप धुल नहीं जायेंगे। उन्होंने कहा की विषय यह नहीं है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल है या नहीं है, विषय यह है कि जो दिल्ली के मुख्यमंत्री के पद पर बैठा है वह आम आदमी पार्टी का ही कोई नेता है क्योंकि सिर्फ अरविंद केजरीवाल भ्रष्ट नहीं है पूरी आम आदमी पार्टी ही भ्रष्ट है, आम आदमी पार्टी का एक एक नेता भ्रष्ट है तभी तो जेल में सिर्फ अरविंद केजरीवाल ही नहीं गए, जेल में मनीष सिसोदिया भी गए, संजय सिंह भी गए, सत्येंद्र जैन भी गए तो इसलिए जिस पार्टी की नींव ही भ्रष्टाचार पर, झूठ पर रखी गई है उस पार्टी का कोई नेता सच्चा कैसे हो सकता है।

**दूषित पानी मामला** इस सोसाइटी में दूषित पानी पीने की वजह से 500 से ज्यादा लोग बीमार हो गए...

## यूपीपीसीबी ने बिल्डर पर 5 करोड़ और नोएडा अथॉरिटी ने सात लाख का जुमार्ना लगाया

ग्रेटर नोएडा, प्रात : किरण

ग्रेटर नोएडा वेस्ट की सुपरटेक इको विलेज 2 सोसाइटी में दूषित पानी पीने से सैकड़ों लोगों के बीमार होने के बाद अब इस मामले में उत्तर प्रदेश पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (यूपीपीसीबी) ने बिल्डर पर 5 करोड़ का जुमार्ना लगाया है। साथ ही ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी ने भी सात लाख का जुमार्ना लगाया है। इस सोसाइटी में दूषित पानी पीने की वजह से 500 से ज्यादा लोग बीमार हो गए थे। जांच में पता चला है की बिल्डर सोसाइटी में एसटीपी क्रियाशील नही है और जांच के दौरान पानी की टंकी भी साफ नही मिली थी।

ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी के एसीईओ आशुतोष द्विवेदी ने बताया है कि अथॉरिटी के जल और सीवर डिपार्टमेंट की तरफ से इस पूरे मामले की जांच की गई थी और उस दौरान यह पाया गया था कि पानी की टंकियां पूरी तरीके से साफ नहीं की गई हैं। उनमें गंदगी मौजूद थी। साथ ही जांच के दौरान ये भी पता चला था कि एसटीपी प्लांट भी क्रियाशील नहीं था। जिसके बाद ईको विलेज 2 सोसाइटी पर यूपीपीसीबी ने 5 करोड़ रुपए का और ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी ने सात लाख रुपये का जुमार्ना लगाया है।




बीते 10 सितंबर को पानी की जांच के बाद सुपरटेक ईको विलेज 2 सोसाइटी के पानी में ई कोलाई बैक्टीरिया पाया गया था, जो पेट के लिए काफी घातक होता है और इससे व्यक्ति को बहुत सारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस बैक्टीरिया को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी और उत्तर प्रदेश सरकार को भी अपनी रिपोर्ट भेजी थी। गौतमबुद्ध नगर के सीएमओ के मुताबिक, इस बैक्टीरिया से होने वाले नुकसान का इलाज और रोकथाम जरूर है लेकिन फिर भी सजग रहने की जरूरत है। गौरतलब है कि बीते दिनों ग्रेटर नोएडा वेस्ट की सुपरटेक इको विलेज 2 सोसाइटी में दूषित पानी के चलते हजारों लोग बीमार हो गए थे। जिनमें से 20 का इलाज दो अलग-अलग निजी अस्पतालों में चल रहा था। जिनमें बच्चों की संख्या ज्यादा थी। सोसाइटी के अंदर स्वास्थ्य विभाग और निजी अस्पतालों का हेल्थ कैंप लगातार तीन दिनों तक लोगों का इलाज किया था। उस वक्त आरोप लगा था कि सोसायटी में पानी की टंकियों की सफाई हुई थी। सफाई के बाद से जो पानी सप्लाई की जा रही है उसे पीने के बाद से चार टावरों में रह रहे लोग बीमार पड़ गए थे। लोगों को आशंका थी कि टैंक की सफाई के दौरान अंदर गंदगी रह गई है या फिर उसे साफ करने के लिए डाले गए केमिकल की मात्रा ज्यादा होने की वजह से लोग दूषित पानी पीने से वे बीमार पड़ रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### सीएम साइंस कॉलेज में विचार गोष्ठी आयोजित

दरभंगा।सीएम साइंस कॉलेज, दरभंगा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में मनाये जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा अन्तर्गत शनिवार को विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। स्वच्छता का हमारे जीवन में महत्व विषय पर आयोजित विचार गोष्ठी की अध्यक्षता प्रधानाचार्य प्रो. दिलीप कुमार चौधरी ने की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन के लिए अनिवार्य है। क्योंकि इसका हमारे जीवन में चतुर्दिक प्रभाव पड़ता है। यह न केवल हमारे स्वास्थ्य की रक्षा करता है। अपितु, इसका संबंध हमारे नैतिक मूल्यों से भी जुड़ा होता है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और साफ वातावरण से हमारी सोच में सकारात्मकता आती है और हमारा जीवन सार्थक बनता है।

विचार गोष्ठी में राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वयंसेवक छात्रों ने भी प्रस्तावित विषय पर अपने सारगर्भित विचार प्रस्तुत किये। जिसमें इकरा, केशव, सुनीधि, आफिया आदि ने स्वच्छता के महत्व को बढ़ते प्रदूषण के मद्देनजर काफी आवश्यक माना। राष्ट्रीय सेवा योजना की महाविद्यालय इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी डा. सत्येन्द्र कुमार झा के संचालन एवं संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में अनेक शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इसमें हिन्दी विभागाध्यक्ष डा. दिनेश प्रसाद साह, गणित विभागाध्यक्ष डा. अभय सिंह सहित पंकज कुमार, सानिया परवीन, वैष्णवी कुमारी, इकरा, आफिया आरजू, नरेश कुमार, विष्णु कुमार, केशव कुमार, सोनू कुमार, मो. युसूफ, बसंत कुमार आदि ने बढ़ चढ़कर भागीदारी दी।

### पार्षदों ने किया खुशी का इजहार

दरभंगा( आससे )।दरभंगा नगर निगम की हसन चक पार्किंग के एक हिस्से की जमाबंदी को अपने नाम करा उसे खाली कर सौंपने वाले को मुंह की खानी पड़ी। इस संबंध में उक्त जमाबंदी को रद्द कर जमाबंदी में सन्निहित जमीन के रकवा को दरभंगा नगर निगम की जमीन के साथ जोड़ने का आदेश अंचलाधिकारी, सदर, दरभंगा को अपर समाहर्ता के न्यायालय ने अपने आदेश में दिया है। इस संबंध ने गुरुवार कोबादेश की प्रति अंचल कार्यालय को प्राप्त करा दी गई। इसकी जानकारी मिलते ही निगम पार्षदों में खुशी छाई और मिठाईयां बांट खुशी का इजहार किया।

### बाइक सवार बदमाशों ने की चार लाख की छिनतई



समस्तीपुर। मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के कृष्णापुरी मोहल्ले में शनिवार को बैंक से रुपए निकाल कर जा रहे बाइक सवार दंपति से बदमाशों ने चार लाख रुपए की छिनतई कर ली और फरार हो गए। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई थी। छिनतई की घटना के संबंध में चकमेहसी थाना क्षेत्र के मदनपुर के रहने वाले व पेशे से ठेकेदार रंजीत कुमार ठाकुर ने मुफ्फसिल थाना में आवेदन देकर बताया है कि वह मथुरापुर थाना क्षेत्र के झिल्ली चौक स्थित स्टेट बैंक के ब्रांच से रुपए निकाल कर बाइक से अपनी पत्न ी के साथ वापस कृष्णापुरी स्थित अपने मकान लौट रहे थे। इसी दौरान आरएनएआर कॉलेज के पास बाइक सवार बदमाशों ने उनके पत्नी के हाथ से बैग छीन लिया और फरार हो गए। मिली जानकारी के अनुसार सीसीटीवी फुटेज में पुलिस को बदमाशों के पहचान के संबंध में कुछ सुराग मिला है, जिसके आधार पर वह छानबीन कर रही है। वहीं इस संबंध में मुफ्फसिल थानाध्यक्ष पिंकी प्रसाद ने बताया कि आवेदन के आधार पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

# जिला पदाधिकारी ने कहा किसी भी परिस्थिति में विद्यालयो में मध्या भोजन बंद नहीं रहना चाहिए

मधुबनी



जिला पदाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिलधिकारी ने बैठक से अनुपस्थित रहिका बासोपट्टी कलुआही, मधेपुर जयनगर के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के एक दिन का वेतन स्थगित करते हुए स्पष्टीलरण पूछने का निर्देश दिया। जिलधिकारी ने कस्तुरबा कन्या विद्यालयो की समीक्षा के क्रम में मधेपुर, खजौली,बाबूबरही के कस्तूरबा विद्यालय में नामांकन के विरुद्ध छात्राओं की कम उपस्थिति पर डीएम ने गहरी नाराजगी व्यक्त किया। उन्होंने निर्देश दिया कि कस्तुरबा विद्यालयो में नामांकन के विरुद्ध शत प्रतिशत उपस्थित सुनिश्चित करे। शिक्षा कोष पर शिक्षकों की उपस्थिति के समीक्षा के क्रम में जयनगर मधेपुर घोघरडीहा का प्रदर्शन निम्न पाया गया। उन्होंने अनुपस्थित शिक्षकों से स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया। शिक्षा पोर्टल पर बच्चों की इंट्री की समीक्षा में लखनोर का प्रदर्शन सबसे निम्न पाया गया। जिलाधिकारी ने उपस्थित जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि विद्यालयो में शतप्रतिशत छात्रों एवं शिक्षकों की उपस्थिति के साथ साथ विद्यालयो में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर विशेष रूप से फोकस करें। हमारे बच्चे हमरा कल हैं। इसलिए उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना हम सभी का दायित्व है।जिलधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी बीईओ निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप शत प्रतिशत विद्यालयो का निरीक्षण कर प्रत्येक सप्ताह निरीक्षण रिपोर्ट ई शिक्षा कोष एप पर अपलोड करे।उन्होंने निर्देश दिया कि निरीक्षण के दौरान विद्यालय में शौचालय की स्थिति, पोशाक छात्रवृति, मध्यान भोजन की गुणवत्ता, पठन पाठन में गुणवत्ता सहित सभी मामलों का अनुश्रवण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित शिक्षक से स्पष्टीकरण पूछते हुए उनका उक्त दिवस का वेतन रोका जाए। जिलधिकारी ने कहा कि आवंटन उपलब्ध रहने की स्थिति मेंशिक्षकों,टोला सेवक के वेतन/मानदेय भुगतान हर हाल में ससमय करे,एवं भुगतान संबधित रिपोर्ट प्रतिमाह उपलब्ध करवाना सुनिशित करे।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किए जाने से के क्रम में न केवल कमियों की तलाश की जाए, बल्कि उन समस्याओं के निदान के लिए आवश्यक कदम भी उठाए जाएं। ताकि, निरीक्षण को प्रभावी बनाते हुए सकारात्मक परिणाम हासिल किया जा सकें। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी परिस्थिति में विद्यालयों में मध्यान भोजन बंद नहीं रहना चाहिए। विद्यालय शिक्षा समिति का गठन न होना या रसोई गैस की अनुपलब्धता जैसे कारण स्वीकार नहीं किए जाएंगे।उन्होंने कहा कि शत प्रतिशत विद्यालयो में एपीजी से भोजन बनाना सुनिश्चित करे।उन्होंने जिले में ऐसे सभी विद्यालयों जिसके भवन जर्जर हैं और उनमें पठन पाठन से बच्चों के हित का नुकसान हो रहा है,ऐसे विद्यालयो की अविलम्ब सूची उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करे ताकि शीघ्र अग्रेतर करवाई किया जा सके।जिला पदाधिकारी द्वारा स्टूडेंट एनरोलमेंट मॉड्यूल,असैनिक कार्यो की प्रगति ,विद्यालयों में विद्युतीकरण, माध्यमिक विद्यालय विहीन पंचायतों में निर्माण, जल जीवन हरियाली, सीडब्ल्यूजेसी एमजेसी के मामले, टेक्स्ट बुक, प्रवेश उत्सव जैसे अन्य विषयों की समीक्षा भी की गई।उक्त बैठक में डीपीआरओ परिमल कुमार,जिला शिक्षा पदाधिकारी जावेद आलम, सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, सहित जिले के सभी प्रखंडों के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## दरभंगा एयरपोर्ट को दिव्य और भव्य बनाने के लिए केंद्र सरकार गम्भीर : गोपाल जी ठाकुर

प्रात : किरण



दरभंगा। दरभंगा का उड़ान सेवा देश स्तर पर अधिक मुनाफा देनेवाले हवाई अड्डा में शामिल हैं। अब इस हवाई अड्डे की महत्ता को देखकर उन्होंने केंद्रीय नागर विमानन मंत्री राममोहन नायडु से एक माह पूर्व मिलकर दरभंगा एयरपोर्ट को विश्वस्तरीय बनाने के लिए चर्चा की थी और विमान सेवा को हर दृष्टि से प्रशंसनीय बनाने का अपना सुझाव दिया था जिसपर पहल शुरू कर दिया गया है जिसके लिए नागर विमानन मंत्री बधाई के पात्र हैं। उसी पहल का नतीजा है कि विभाग के द्वारा नए टर्मिनल भवन का शिलान्यास पीएम के हाथो 26 सितंबर को होने की घोषना की गई थी जो अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई तथा शीघ्र ही नई तिथि की घोषना की जाएगी।

दरभंगा सांसद सह लोकसभा में पार्टी के सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने एक प्रैस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि यह हवाई अड्डा उरान योजना से बाहर हो चुका है इसलिए सपाइसजेट का एकाधिकार खत्म हो चुका है और इंडिगो अकाशा जैसी कंपनियों से ऊरान सेवा शुरू कराने के लिए विभागीय प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है।दरभंगा हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय मानक के अनुसार बनाने के लिए अब लगभग 54 एकड़ में 913 करोड़ की लागत से नए सिबिलएनक्लेव ओर टर्मिनल भवन का शिलान्यास शीघ्र ही किया जायेगा जिसमे 11 इप्रन का निर्माण किया जायेगा जिसपर एक साथ 27 विमान को ठहराया जा सकता है।दरभंगा एयरपोर्ट को भव्य और दिव्य स्वरुप में बनाने के लिए केंद्र की मोदी सरकार को प्रतिबद्ध बताते हुए कहा वर्षो तक शासन में रहने वाली काग्रेस और उसकी सहयोगी दलों ने मिथिला की समस्याओं को नजर अंदाज किया जिसके कारण यह क्षेत्र विकास से वंचित रहा लेकिन भाजपा और एनडीए के शासन में आते ही अब यहां के विकास में तेजी आनी शुरू हो चुकी है।

## स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा : सुलभ इंटरनेशनल द्वारा कोर्ट कैंपस में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता




शहर के कोर्ट कैंपस स्थित सार्वजनिक सुलभ शौचालय परिसर में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत शनिवार को सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस आर्गेनाइजेशन का जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें लोगों के बीच साफ-सफाई व सार्वजनिक शौचायलयों के व्यवहार को लेकर जागरूक किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि उप मेयर रामबालक पासवान ने कहा कि खुले में शौच से कई तरह की बीमारियों उत्पन्न होती है। इन बीमारियों से बचाव के लिए खुद को स्वस्थ व अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखना बहुत ही जरूरी है। उन्होंने कहा कि सुलभ इंटरनेशनल के प्रयासों ने न केवल मैला ढोने की अमानवीय प्रथा को समाप्त किया, बल्कि देशभर में लाखों सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण कर स्वच्छता का व्यापक आधार तैयार किया है। उन्होंने सुलभ के योगदान को सराहते हुए कहा कि स्वच्छ भारत अभियान की सफलता में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। सुलभ इंटरनेशनल के प्रदेश शाखा के मानद नियंत्रक जय प्रकाश झा ने बताया कि सुलभ इंटरनेशनल देशभर में 10 हजार 500 से अधिक सार्वजनिक और सामुदायिक शौचालयों का सफलतापूर्वक संचालन कर रही है। बिहार राज्य में सुलभ की 50 से अधिक शाखाएं सक्रिय हैं, जो न केवल शहरी इलाकों में, बल्कि सभी सदर अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों और अति-विशिष्ट अस्पतालों में शौचालयों के रखरखाव और प्रबंधन का कार्य कर रही हैं। मौके पर सुलभ इंटरनेशनल के अन्य प्रमुख अधिकारी, जैसे यूपी ओझा, अमूल कुमार चौधरी, मनोज कुमार पाठक, आनंद प्रकाश, चंदन कुमार सिंह, ललित विजय, सुजीत कुमार, मनीष कुमार झा सहित कई कर्मी मौजूद रहे। कार्यक्रम में नगर प्रबंधक, स्वच्छता अधिकारी और जिला स्वास्थ्य समिति की प्रतिनिधि अनिता कुमारी ने भी उपस्थित लोगों को स्वच्छता के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता ही जीवन का आधार है और सभी को अपने आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया।

## भेड़िया के हमले से तीन लोग एवं एक बकरी हुए जख्मी

कलयाणपुर समस्तीपुर ।प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न तीन जगह पर भेड़िया ने हमला कर दिया। जिसमें तीन लोग एवं एक बकरी गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी में रामपुरा गांव में बकरी पर हमला करने के दौरान बकरी को बचाने के क्रम में रामचंद्र बैठा का पुत्र लक्ष्मी बैठा पर भेड़िया ने हमला कर दिया। भेड़िया के हमले से लक्ष्मी बैठा के गर्दन हाथ काट कर जख्मी कर दिया। तो वहीं रतनपुर गांव में रविंद्र राय के पुत्र राजा बाबू, गंगा पारण गांव में मोहम्मद बेचू के पुत्र मोहम्मद छोटू गंभीर रूप से जख्मी हो गया । ईलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कल्याणपुर में भर्ती कराया गया । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ बी के ठाकुर ने बताया कि भेड़िया के काटने के कारण जख्मी हो गया है ।ईलाज के बाद हालात में सुधार होने की बात कही है। वहीं सड़क दुर्घटना में चंदन कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे ईलाज के लिए पीएचसी में भर्ती किया गया ।प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने सरदर अस्पताल समस्तीपुर रेफर करने की बात कही है।

## जनता दरबार में जिलाधिकारी ने किया कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन

प्रात : किरण



दरभंगा। जिलाधिकारी राजीव रौशन ने अपने कार्यालय कक्ष में परिवादियों से उनकी समस्यायों को सुना,समाधान भी किया एवं शेष आवेदन को संबधित पदाधिकारीयों को त्वरित निष्पादन करने का निर्देश भी दिया।

उल्लेखनीय है कि प्रत्येक सप्ताह में जनता का दरबार आयोजित किया जाता है। इसके अलावा भी जिलाधिकारी प्रत्येक दिन आम जनता से मिलते हैं उनके समस्याओं का समाधान करते हैं। विधि सम्मत कार्यों को समाधान का भरपूर प्रयास करते हैं। जिलाधिकारी के पास आज लगभग 30 से अधिक परिवादी अपनी समस्या की समाधान के लिए उपस्थित हुए। जनता दरबार में समाज कल्याण विभाग, नगर निगम, शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग, ग्रामीण विकास, सामान्य प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग,नगर एवं आवास विभाग एवं आदि के मामलों का निष्पादन किया गया। जिलाधिकारी ने न केवल परिवादियों की शिकायतों को सुना, बल्कि कई शिकायतों के त्वरित निष्पादन किये तथा शेष आवेदनों को यथाशीघ्र समाधान करने के लिए उपस्थित अधिकारियों मोबाइल के माध्यम से दिए महत्वपूर्ण निर्देश।सदर प्रखंड के परिवादी शेखर कुमार द्वारा बताया गया कि आयुष्मान कार्ड रहने के बावजूद भी दरभंगा चिल्ड्रेन हॉस्पिटल में बच्चे की इलाज में आयुष्मान कार्ड को नहीं माना।

जिलाधिकारी ने सिविल सर्जन को नियमानुकूल कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के अंदर निष्पादन करने के निर्देश दिए। साथ ही इलाज के दौरान अस्पताल के द्वारा जो राशि ली गई है,वापस कराने के निर्देश दिए।इसी प्रकार बिरौल प्रखंड के एक परिवादी ने मनरेगा योजना से संबंधित जॉब कार्ड धारक को रोजगार हेतु आवेदन दिया।जिलाधिकारी ने उप विकास आयुक्त को नियमानुकूल कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर नगर आयुक्त राकेश कुमार गुप्ता, उप विकास आयुक्त चित्रगुप्त कुमार,अपर समाहर्ता राजस्व नीरज कुमार दास,अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था राकेश रंजन, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी बालेश्वर प्रसाद जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस, डीआरडीए निदेशक, सहायक निदेशक जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी संजय कुमार,आईटी प्रबंधक पूजा चौधरी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

## विश्वविद्यालय संगीत एवं नाट्य विभाग में राष्ट्रीय नृत्य दिवस पर व्याख्यान आयोजित



प्रात : किरण

दरभंगा। विश्वविद्यालय संगीत एवं नाट्य विभाग में राष्ट्रीय नृत्य दिवस का आयोजन किया गया जिसमें ह्यगायन,वादन और नृत्य का अन्तसंबंधह्न विषयक एक दिवसीय व्याख्यान हुआ। इस आयोजन में विषय विशेषज्ञ के रूप में एम डी डी एम कॉलेज, मुजफ्फरपुर की संगीत विभागाध्यक्ष प्रो स्वस्ति वर्मा और मगध महिला महाविद्यालय, पटना में संगीत के पूर्व अध्यक्ष डॉ अरविन्द कुमार उपस्थित थे।

प्रो स्वस्ति वर्मा ने जीवन में संगीत की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए भारतीय संगीत में गायन ,वादन और नृत्य के समन्वय पर प्रकाश डाला।डॉ अरविन्द कुमार ने कहा कि संगीत में गायन,वादन और नृत्य की प्रतिमूर्ति विद्यमान है।विश्वप्रसिद्ध नृत्यगुरू पं बिरजू महाराज इसके प्रत्यक्ष उदाहरण हैं।गायन-वादन में भावपूर्ण अभिव्यक्ति ही उसका नृत्य रूप है। हमारे संगीत में तीनों ही का समावेश है। पाश्चात्य संगीत में गायन-वादन है और नृत्य अलग है। दोनों व्याख्यान के बाद संगीत विषय की शोध-छात्रा जेआरएफ सोमा मण्डल ने भरतनाट्यम नृत्य शैली में भगवान महादेव से सम्बद्ध कृति की सुन्दर और भावपूर्ण प्रस्तुति की। इस नृत्य के रचनाकार तंजावुर शंकर अय्यर,नृत्य निमार्ता डॉ प्रवीण कुमार हैं ।यह रचना राग रेवती तथा आदि ताल में निबद्ध थी।इस अवसर पर उपस्थित मानविकी संकायाध्यक्ष और विश्वविद्यालय हिन्दी विभाग के वरीय आचार्य प्रो चन्द्रभानु सिंह ने इस आयोजन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए जीवन में भी संगीत की महत्ता को रेखांकित किया आरम्भ में विभागाध्यक्षा प्रो लावण्य कीर्ति सिंह काव्या ने सभी आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए विषय-प्रवेश किया तथा धन्यवादज्ञापन श्रीमती सोमा मण्डल ने किया। अन्त में ,देश-भर के सभी नृत्यकारों को राष्ट्रीय नृत्य दिवस के अवसर पर विभाग की ओर से हार्दिक बधाई प्रेषित की गई।

## कुलपति ने थामा झाड़ू,किया विश्वविद्यालय परिसर को साफ

प्रात : किरण

दरभंगा।स्वच्छता का मैसेज दूर तलक जाए इसके लिये संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 लक्ष्मी निवास पांडेय ने शनिवार को स्वयं झाड़ू थाम लिया। स्वाभाविक है कि ऐसे में विश्वविद्यालय के अन्य पदाधिकारी भी पीछे नहीं रहे और सभी ने कैम्पस में सामूहिक रूप से झाड़ू लगाया। घास-फूस को भी उखाड़ा गया और साफ-सफाई की गई। मौके पर कुलपति पांडेय ने सभी का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि आंतरिक व वाह्य स्वच्छता हमारे संस्कारों को प्रतिविम्बित करती है। इसकी शुरूआत स्वयं से होनी चाहिए। तभी आप दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित कर सकते हैं। उन्होंने कैम्पस के अलावा अन्य संस्थानों को भी साफ सुथरा करने की सलाह दी।

स्नातकोत्तर एनएसएस इकाई द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत आज की सारी गतिविधियां महाराजाधिराज डॉ सर कामेश्वर सिंह की प्रतिमा पर कुलपति प्रो0 पांडेय द्वारा माल्यार्पण के बाद शुरू हुई। स्नातकोत्तर समेत शिक्षा शास्त्र विभाग के स्वयंसेवकों के साथ साथ सभी विभागाध्यक्षों, प्रध्यापकों व अन्य कर्मियों ने बढ़ चढ़ कर कार्यक्रम में भागीदारी निभाई। नतीजा रहा कि ग्रह- नक्षत्र वाटिका समेत परिसर का अन्य भाग चकाचक हो गया। इसी क्रम में स्नातकोत्तर इकाई की कार्यक्रम पदाधिकारी सह कला रंजिनी की संयोजिका डॉ. साधना शर्मा ने सभी को स्वच्छता सम्बन्धी शपथ पत्र देकर जन- जागरण की अपील की। कार्यक्रम में अध्यक्ष छात्र कल्याण डॉ. शिवलोचन झा, शिक्षा शास्त्र के पवन सहनी भी शरीक हुए।

## भाजपा की राज्य सभा सांसद ने लोगों को दिलाई भाजपा की सदस्यता



मनीगाछी( दरभंगा )।भाजपा के सदस्यता अभियान में तेजी लाने के लिए शुक्रवार को भाजपा नेता सह राज्य सभा सांसद डॉ धर्म शीला गुप्ता ने भाजपा पश्चिमी मंडल के सकरी ब्रह्मपुर पहुंच कर घर-घर जाकर लोगों को भाजपा की सदस्यता लेने के लिए प्रेरित किया। सदस्यता अभियान के दौरान उनसे प्रेरित कई लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने बताया कि वे दरभंगा ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र में तीन दिनों का प्रवास कर अधिक से अधिक लोगों को भाजपा का सदस्य बनाने का काम करेंगी।सदस्यता अभियान की शुरूआत से पूर्व सकरी स्थित चंदन झा के आवास पर महिला मोर्चा की निर्मला देवी द्वारा उन्हें पाग चादर माला से स्वागत किया गया।सांसद ने बताया कि पुनः दूसरे दिन प्रखंड के दोनों मंडलों के अध्यक्षों एवं सभी पंचायत अध्यक्षों के साथ बैठक कर सदस्यता अभियान में गति लाने का प्रयास किया जाएगा ताकि दिए गए लक्ष्य को 2 अक्टूबर से पहले प्राप्त कर लिया जाए। मौके पर बिनोद कुमार मिश्र, भवनाथ झा,सुनील साहु,कृष्णदेव मंडल, पारस मंडल, रागिनी देवी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## डीएम ने की 18 लोक शिकायत मामले की सुनवाई

मुजफ्फरपुर।जिला पदाधिकारी द्वारा लोक शिकायत व सेवा शिकायत, तथा जन शिकायत के मामलों की नियमित रूप से शुक्रवार को सुनवाई की जाती है एवं समाधान की कार्रवाई की जाती है। इस क्रम में शुक्रवार को जिला पदाधिकारी द्वारा अपने कार्यालय प्रकोष्ठ मे लोक शिकायत के 18 मामलों की सुनवाई कर समाधान की कार्रवाई की गई। इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा जन शिकायत के 68 मामलों की सुनवाई करते हुए जनता की समस्याओं को सुना गया तथा समाधान की कार्रवाई की गई। जन शिकायत के तहत अधिकांश मामले भूमि विवाद,अतिक्रमण , रास्ता का समाधान करने आदि से संबंधित आए जिस पर अपेक्षित कार्रवाई करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अंचलाधिकारी को नियमानुकूल कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## उत्तर बिहार के जीवों में अगले 2 दिनों तक बारिश की सम्भावना नहीं

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। उत्तर बिहार के जिलों में अगले दो -तीन दिनों तक बारिश की सम्भावना नहीं है।इस दौरान आसमान में बादल छाए रहेंगे।दो -तीन दीनो के बाद बर्षा होने की सम्भावना है।मौसम सम्बंधी यह जानकारी ग्रामीण कृषि मौसम सेवा , डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग ने 21से 25 सितंबर तक के लिए जारी मध्यावधि मौसम पूवानुमान में दी है। इस अवधि में तापमान में वृद्धि की सम्भावना है। अधिकतम तिपमान 36से 38डिग्री और न्यूनतम तापमान 26से 28डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। पूवार्नुमानित अवधि में अगले दो दिनों तक पछिया , उसके बाद पूरवा हवा चलने का अनुमान है।मौसमीय वेधशाला पूसा के आकलन के अनुसार पिछले तीन दिनों का औसत अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 34.0 एवं 25.9 डिग्री सेल्सियस रहा। औसत सापेक्ष आर्द्रता 91 प्रतिशत सुबह में एवं दोपहर में 62 प्रतिशत, हवा की औसत गति 7.0 कि०मी० प्रति घंटा एवं दैनिक वाष्पन 3.6 मि०मी० तथा सूर्य प्रकाश अवधि औसतन 7.6 घन्टा प्रति दिन रिकार्ड किया गया तथा 5 से०मी० की गहराई पर भूमि का औसत तापमान सुबह में 30.1 एवं दोपहर में 36.9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इस अवधि में वर्षा नहीं हुई। किसानों को सलाह दी गई है कि 25 सितम्बर के बाद वर्षा होने की संभावना को देखते हुए किसान भाई इस अवधि में कीटनाशी दवाओं का छिड़काव स्थगित रखें। कीटन दवाओं का छिड़काव आसमान साफ रहने पर हीं करें। धान, मक्का, खरीफ प्याज, चारा एवं अन्य सब्जियों की फसलों मेंआवश्यकतानुसार नत्रजनीय उर्वरक का व्यवहार करें।

अगात बोयी गई धान की फसल जो दुग्धाअवस्था में आ गयी हो उसमें गंधी बग कीट की निगरानी करें। इस कीट के शिशु एवं पौढ़ दोनों प्रारं धान की कोमल पत्तियों तथा तनों का रस चूसते हैं जिससे पत्तियों पीली होकर कमजोर हो जाती है तथा पौधों की बढ़वार बाधित हो जाती है वे छोटे रह जाते है। जब पौधों में बाली निकलती है तो यह बालियों का रस चुसना प्रारंभ कर देती हैं जिससे दाने खोखले एवं हल्के हो जान तथा छिलका का रंग सफेद हो जाता है। धान की दुग्धावस्था में यह पौधों को अधिक क्षति पहुंचाती है जिससे उपज में काफी कमी होता है। इ शरीर से विशेष प्रकार का बदबु निकलती है. जिसकी वजह से इसे खेतों में आसानी से पहचाना जा सकता है। इसकी संख्या जब अधिक हो ज है तो एक-एक बाल पर कई कीट बैठे मिलते है। इसके नियंत्रण के लिए फॉलीडाल 10 प्रतिशत धूल का प्रति हेक्टेयर 10-15 किलोग्राम की से भूरकाव 8 बजे सुबह से पहले अथवा 5 बजे शाम के बाद बालियों पर करें। खतों के आस-पास के मेड़ों पर दवा का भूरकाव अवश्य करें।

## लाइसेंसी हथियार से डराने -धमकाने पर अनुज्ञप्ति निलंबित , मामला दर्ज

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिलाधिकारी ने लाइसेंसी हथियार का दुरूपयोग करने पर शस्त्र अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत कठोर कार्रवाई की है। शहर के जयप्रभा नगर निवासी अभिमन्यु कुमार के पिस्टल का लाइसेंस डीएम ने निलंबित कर दिया है।मुशहरी प्रखंड अंतर्गत काजी मोहम्मदपुर थाना के जयप्रभानगर निवासी अभिमन्यु कुमार, पिता स्व चंद्रमा सिंह चौहान के पिस्टल का लाइसेंस जिला दंडाधिकारी द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। विदित हो कि लाइसेंस धारक द्वारा अपने पिस्टल का उपयोग जितेन्द्र कुमार नामक व्यक्ति को डराने-धमकाने में किया गया था जिसका विडियो भी वायरल हुआ था। इस मामले की शिकायत जितेन्द्र कुमार द्वारा सदर थाना में की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सदर थाना में कांड संख्या 601/24, दिनांक 17/9/24 दर्ज किया गया। इस मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 191(2)/191(3)/126(2)/ 115(2 )/352/ 351 (2) बीएनएस के तहत केस दर्ज किया गया है। सदर थानाध्यक्ष के रिपोर्ट के आधार पर लाइसेंसधारक अभिमन्यु कुमार की अनुज्ञप्ति तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है तथा उन्हें निदेश दिया गया है कि वे अपना शस्त्र संबंधित थाना काजी मोहम्मदपुर में तुरंत जमा करना सुनिश्चित करें । साथ ही अनुज्ञप्तिधारी से स्पष्टीकरण करते हुए एक सप्ताह के अंदर जवाब मांगा गया है तथा कहा गया है कि क्यों नहीं आपकी शस्त्र अनुज्ञप्ति को शस्त्र अधिनियम की सुसंगत प्रावधानों के तहत रद्द कर दिया जाए।

## नल - जल योजना का रख-रखाव अब पीएचईडी के जिम्मे



प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। सरकार के सात निश्चय योजना के तहत हर घर नल का जल पंचायती राज विभाग के द्वारा क्रियान्वयन किया गया जिसे अब पीएचईडी को हस्तांतरित कर दिया गया है। जलापूर्ति योजना के क्रियान्वयन का 4 साल से अधिक समयावधि गुजर जाने के कारण नल -जल के अवयव खराब होने लगे हैं। खराब पड़े नल तथा उसके अवयव की मरम्मती कराने हेतु जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन द्वारा मुजफ्फरपुर एवं मोतीपुर प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता एवं उनकी टीम के साथ समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में बैठक की गई । बैठक में कार्यपालक अभियंता द्वारा अवगत कराया गया की नल जल की वर्तमान स्थिति का सर्वेक्षण कराया गया है तथा अक्टूबर माह से पीएचईडी द्वारा मरम्मती का कार्य कराया जाएगा। वर्तमान सर्वे के अनुसार पूरे जिले में मोतीपुर प्रमंडल में 327 तथा मुजफ्फरपुर प्रमंडल में 229 छूटा हुआ टोला का रिपोर्ट प्राप्त हुआ है ,जिसमें अलग से नई योजना के क्रियान्वयन की आवश्यकता है। नवंबर माह में यह कार्य शुरू हो जाएगा।बैठक में जिला पंचायत राज पदाधिकारी को नल जल योजना के संचालन में नियुक्त अनुरक्षक के मानदेय भुगतान एवं बिजली बिल के भुगतान की कार्रवाई विभागीय दिशा निर्देश के अनुरूप सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गयाबैठक में उप विकास आयुक्त श्रेष्ठ अनुपम,कार्यपालक अभियंता मुजफ्फरपुर मुकेश कुमार ,कार्यपालक अभियंता मोतीपुर राकेश कुमार, जिला पंचायत राज पदाधिकारी नवीन कुमार सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## मिथिला पेंटिंग विषय पर चित्रांकन प्रतियोगिता आयोजित किया गया

बेनीपुर (दरभंगा)।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार दरभंगा के तत्वावधान में परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में विधिक साक्षरता क्लब के छात्राओं के बीच मिथिला पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पैनल अधिवक्ता विनोद कुमार मिश्र ने कहा कि मिथिला चित्रकला की शुरूआत रामायण काल से हुआ जब राम जानकी के वैवाहिक दृश्य को चित्रित किया गया था। इस कला को विश्व प्रसिद्ध बनाने में महासुंदरी देवी ने अपना योगदान दिया। आजकल इस कला लोगों ने सम्मान के साथ साथ जीविकोपार्जन के लिए भी अपना रहे हैं। प्रतियोगिता में पूजा कुमारी,राधिका, शिवानी, लक्ष्मी, वैष्णवी, रागिनी, खुशबू और चांदनी सहित 35 छात्राओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानाचार्य डा. अजहर जमाल नकवी, क्लब के प्रभारी शिक्षक डा.गुलाम रब्बानी खान एवं पीएलवी रिंकी कुमारी ने सहयोग किया।

सम्पादकीय

# अब तिरुपति प्रसादम के लड्डूओं में चर्बी की मिलावट




भारत के सबसे अमीर माने जाने वाले तिरुपति मंदिर के प्रसादम् हेतु बनाये जाने वाले लड्डू भी मिलावट के शिकार हो गए है। लड्डू बनाने वाले इनके निर्माण में देशी घी के बजाय चर्बी का इस्तेमाल करते आये हैं। अब इसकी पुष्टि भी हो गयी है, लेकिन न भगवान तिरुपति इन अधम लोगों का कुछ बिगाड़ पाए हैं और न आंध्र प्रदेश की सरकार इनका कुछ बिगाड़ पायेगी। हाँ प्रसादम् के लड्डुओं की अपवित्रता को लेकर राजनीति अवश्य होने लगी है। आपको बता दूँ कि तिरुपति मंदिर में शुद्ध देसी घी के रोज 3.50 लाख लड्डू बनते हैं। आंध्र के मुख्यमंत्री और टीडीपी सुप्रीमो एन चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार, को जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली पिछली वायएसआरसीपी सरकार पर तिरुपति प्रसाद में पशु चर्बी मिलाने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा कि जगन मोहन सरकार ने प्रसादम् की पवित्रता खंडित कर दी है। तेलुगु देशम पार्टी ने तिरुपति मंदिर के लड्डू प्रसादम् बनाने के लिए भेजे गए गाय के घी के सैंपल की लैब रिपोर्ट दिखाई। टीडीपी प्रवक्ता अनम वेंकट रमना रेड्डी ने दावा किया कि इसमें गोमांस और सुअर की चर्बी के अलावा फिश ऑयल की पुष्टि की गई है। वेंकट रमना रेड्डी ने गुरुवार, 19 सितंबर को प्रेस कॉन्फ्रेंस में लैब रिपोर्ट सार्वजनिक की। उन्होंने बताया कि गुजरात स्थित लाइवस्टॉक लेबोरेटरी, एनडीडीबी लिमिटेड को 9 जुलाई, 2024 को सैंपल भेजा गया था। लैब रिपोर्ट 16 जुलाई को मिली। सेंटर फॉर एनालिसिस एंड लर्निंग इन लाइव स्टॉक एंड फूड गुजरात के आनंद में स्थित (नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड) की लेबोरेटरी है। चंद्रबाबू नायडू कहते हैं कि पिछले 5 साल में वायएसआरसीपी के नेताओं ने तिरुमाला की पवित्रता को धूमिल किया। तिरुमाला के पवित्र लड्डू में घी की जगह जानवरों की चर्बी का इस्तेमाल किया। हालांकि, अब हम प्रसादम् में शुद्ध घी का इस्तेमाल कर रहे हैं। हम तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम की पवित्रता की रक्षा के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। नायडू ने कहा कि जिस कंपनी से घी लिया जा रहा था, उससे करार खत्म कर ब्लैक लिस्ट कर रहे हैं। मामले की जांच विजिलेंस को सौंप दी गई है। एक साल पहले ही कंपनी को सप्लाई का टेंडर मिला था। लड्डू में चर्बी कांड उजागर होने कि बाद कांग्रेस नेता और जगन मोहन की बहन शर्मिला ने सीबीआई जांच कराने की मांग की है। एक जानकारी कि मुताबिक मंदिर में प्रसादम के लड्डू बनाने के लिए हर छह महीने में 1400 टन घी मंदिर में लगता है। बीते 50 साल से कर्नाटक कॉपरेटिव मिल्क फेडरेशन रियायती दरों पर ट्रस्ट को घी दे रहा था। जुलाई 2023 में कंपनी ने कम रेट में सप्लाई देने से मना कर दिया, जिसके बाद पिछली जगन सरकार ने 5 दूसरी फर्मों को सप्लाई का काम दिया। इसी साल 17 जुलाई को राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की फूड लैब काल्फ ने बताया कि तिरुमाला के लड्डुओं में पशु चर्बी, मछली तेल से बने घी का इस्तेमाल हो रहा है। जांच में एक फर्म का घी मिलावटी मिला था। इसके बाद जुलाई में तिरुमाला ट्रस्ट के ईओ जे. श्यामला राव ने बैठक कर लड्डुओं के नमूने फिर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे। अब इसकी रिपोर्ट नायडू ने उजागर किया। इसमें पता चला कि घी में बीफ, फिश ऑयल और सुअर की चर्बी मिलाई गई थी तिरुपति मंदिर दुनिया के सबसे लोकप्रिय और अमीर धर्मस्थलों में से है। यहां हर दिन करीब 70 हजार श्रद्धालु भगवान वेंकटेश्वर स्वामी के दर्शन करते हैं। इसका प्रशासन तिरुपति तिरुमाला देवस्थानम संभालता है। मैं कोई दो दशक पहले इस मंदिर में गया था। मैं भी प्रसादम के कुछ लड्डुओं कि पैकेट लेकर आया था। उस समय के लड्डुओं में चर्बी थी या नहीं ये मुझे ज्ञात नहीं है। मैंने उन लड्डुओं को खुद खाया और अपने नाते-रिश्तेदारों को भी खिलाया था। इस मंदिर परिसर में बनी रसोई कोई आज की नहीं बल्कि तीन सौ साल पुरानी है। इसे पोटू कहते है।



**राकेश अचल**
(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार है)

# हर निवाले की बचत जरुरी....

भोजन का सही सम्मान उसकी बर्बादी न करके और उसे प्रेम से ग्रहण करके किया जाता है। भूख हमारे देश की एक बड़ी समस्या है, जिससे आजादी के 78 सालों बाद भी हम पूरी तरह निजात नहीं पा सके हैं। हमारे देश में रोज करीब 20 करोड़ लोग भूखे सोने को मजबूर हैं। यूनिसेफ की रिपोर्ट के अनुसार, हर दिन लगभग 3,000 बच्चे कुपोषण और भूख के कारण मर जाते हैं, जो सालाना लगभग 10 लाख बच्चों की मौत का कारण बनता है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2023 में भारत की स्थिति बेहद चिंताजनक है, जहां हमारी रैंक 107 है, और देश की लगभग 40% आबादी कुपोषण का शिकार है। वहीं दूसरी ओर बड़े-बड़े कार्यक्रमों में फिजूलखर्ची और दिखावे के चलते रोजाना खाना बर्बाद हो जाता है। एक अनुमान के अनुसार भारत में पैदा होने वाले अन्न का 30-40% हर साल बर्बाद हो जाता है। जबकि थोड़ी समझदारी और सूझबूझ से न जाने कितना ही खाना बर्बाद होने से बचाया जा सकता है। हमने अक्सर देखा है कि शादी ब्याह के आयोजनों में खाने के लिए बड़ी थालियाँ रखी जाती हैं। बड़ी थाली होने से लोग अधिक खाना लेते हैं। यह एक मनोवैज्ञानिक धारणा है कि जब थाली बड़ी होती है, तो हमें लगता है कि उसमें अधिक खाना होना चाहिए। और फिर वही खाना खाने में न आ पाने के कारण बर्बाद हो जाता है। इसका समाधान यह हो सकता है कि उत्सवों, होटलों, और बड़े आयोजनों में बड़ी थालियों की जगह छोटी प्लेटों का उपयोग किया जाए। जब थाली छोटी होगी, तो खाना भी कम लिया जाएगा। साथ ही परोसगारी करने वालों को भी छोटे बर्तन दिए जाने चाहिए ताकि वे जरूरत से ज्यादा खाना एक बार में न परोसें। इससे भोजन की बर्बादी स्वतः ही कम हो जाएगी। मेरी नजर में खाने की बर्बादी एक अपराध है इसलिए जिस तरह किसी अपराध पर पेनल्टी लगाई जाती है, उसी तरह भोजन की बर्बादी पर भी उचित पेनल्टी लगाई जानी चाहिए। आखिरकार, जब हम किसी अमूल्य संसाधन को बर्बाद करते हैं, तो यह भी समाज के लिए एक प्रकार का अपराध ही है। चाहे वह घर हो, होटल हो या फिर कोई बड़ा आयोजन–जहाँ भी खाने की बर्बादी हो, वहाँ सख्त नियम बनाए जाएं। यदि किसी आयोजन में खाना फेंका जाता है, तो आयोजकों पर पेनाल्टी लगाई जाए। इससे लोग अनावश्यक रूप से खाना बर्बाद करने से बचेंगे और आयोजनकर्ता भी अधिक सावधानी बरतेंगे। साथ ही, यह नियम आम लोगों को भी खाने की बर्बादी के प्रति जागरूक बनाएगा। रेस्टोरेंट्स और होटलों में कस्टमाइज्ड प्लेट का विकल्प होना चाहिए। मतलब कि ग्राहक अपनी भूख के अनुसार छोटी या बड़ी प्लेट का चयन कर सकें, जिससे वह उतना ही खाना ऑर्डर करे जितनी जरूरत है। यह ट्रेंड शुरू हो चुका है, और इसे भारत में भी लागू किया जाना चाहिए। इससे खाना बचाने में मदद मिलेगी, और ग्राहक भी अपने पैसे का सही उपयोग कर पाएंगे।



**अतुल मलिकराम**
(लेखक और राजनीतिक रणनीतिकार)

# नदियां हैं तो जल है..जल है तो कल है...

**भारत के कई शहरों में उद्योगों से निकलने वाले अपशिष्ट पदार्थ को नदियों में ही छोड़ दिया जाता है। मध्य प्रदेश के उज्जैन जिले में मौजूद चंबल नदी को ग्रेसिम उद्योग नागदा द्वारा प्रदूषित किया जा रहा है। नदी इस कदर प्रदूषण हो चुकी है कि नदी का पानी पीने योग्य नहीं बचा है। सीपीसीबी की साल 2020 की रिपोर्ट के अनुसार भारत की जीनदायिनी कही जाने वाली ये नदियां खुद खतरे में हैं। 521 नदियों के पानी की मॉनिटरिंग करने वाले प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार देश की 198 नदियां ही स्वच्छ हैं। जो छोटी नदियां हैं। जबकि, बड़ी नदियों का पानी भीषण प्रदूषण की चपेट में है। 198 नदियां स्वच्छ पाई गई हैं।**



विश्व नदी दिवस विशेष



**-सुरेश सिंह बैस 'शाश्वत'-**
**(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार है)**

एक पुरानी कहावत है की नदियां सब कुछ बदल सकती हैं ! गत वर्ष के नदी दिवस का थीम इसी वाक्य को लेकर रखा गया था। भारत नदियों की धरती है। भारत और बांग्लादेश की नदियों को अगर मिलाकर आंकड़े देखें तो विश्व की सबसे अधिक नदियां यहीं बहती हैं। मान्यता है कि हिमालय की पहाड़ियों से बहने वाली सिंधु नदी से हमारी सभ्यता की शुरूआत हुई है। यह वर्तमान की भयावह और कटु सत्य है कि बढ़ते हुए प्रदूषण की वजह से नदियों का जल दुषित प्रदूषित होता जा रहा है। प्रदूषण की वजह से जलवायु में भी परिवर्तन हुआ है। जलवायु चक्र भी गड़बड़ा गया है, जिसके कारण कई नदियां उथली होती जा रही हैं, सिकुड़ती जा रही हैं। विश्व नदी दिवस पर कई देश सहित लाखों लोग और कई अंतरराष्ट्रीय संगठन, नदियों के बचाव हेतु निरंतर अपना योगदान कर रहे हैं। बचाव के नए-नए साधन विकसित कर रहे हैं। इस दिन लोग संकल्प लेते हैं कि वे नदियों को प्रदूषित नहीं करेंगे और उन्हें प्रदूषित होने से हर संभव बचाएंगे। इसी कड़ी में गंगा को प्रदूषण से मुक्त कराने का हमारे केंद्र सरकार ने बीड़ा उठाया है। अब तो गंगा, नर्मदा, यमुना, गोदावरी सहित कई नदियों को प्रदूषण से बचाए जाने के लिए बड़ी-बड़ी योजनाएं बन रही है। और सुचारू रूप से कार्य भी आरंभ हो चुका है। यह मानव सभ्यता के लिए शुभ संकेत है।

पुराणों में उल्लेख है कि विश्व की प्राचीन सभ्यतायें नदियों के किनारे ही विकसित हुई हैं। नदियां स्वच्छ जल का संवाहक होती हैं। एशिया महाद्वीप का हिमालय पर्वत पुरातन समय से नदियों का उद्गम स्त्रोत रहा है। गंगा, यमुना, सिंधु, झेलम, चिनाव, रावी, सतलज, गोमती, घाघरा, राप्ती, कोसी, हुबली तथा ब्रहमपुत्र आदि सभी नदियों का उद्गम हिमालय से शुरू होकर हिन्द महासागर में जाकर अपनी गिरती है। पुराने लोगों द्वारा कहा जाता है, कि सालों पहले भारत की नदियां बारह मासी यानी बारहों माह बहने वाली होती थी, लेकिन अंधाधुंध पेड़ों की कटाई के कारण नदियों ने अपना अस्तिव खो दिया। वर्तमान में हालात यह है कि ग्रीष ऋतु में भारत की सभी नदियों का जल सूख जाता है।

इन नदियों का महत्व हमारे जीवन के लिए कहीं से भी कम नहीं है, क्योंकि यह नदियां बारहमासी रहती हैं। और मानव व जीव जंतुओं को पेयजल व सिंचाई व अन्य आवश्यकताओं के लिए उपलब्ध कराती हैं। इन नदियों के कारण जल भराव व बाढ़ की समस्याओं का भी एक तरह से निदान हो जाता है। नदियां अपने साथ पानी बहा कर सागर की ओर ले जाती हैं। बाढ़ की घटनाएं कम होती हैं। तो वही यह नदियां अन्य मौसम में जल से भरी रहने के कारण सूखे से लड़ने में मदद करती हैं। नदियों के ही वजह से तो भूजल का स्त्रोत कभी कम नहीं होता और भूजल फिर से भरने लगता है। यही नदियां ही है तो है जिनके वजह से वर्षा भी नियंत्रित रहती है, और सामान्य वर्षा का होना नदियों के वजह से ही नियंत्रित रहता है। जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव कम होते हैं। मिट्टी का कटाव रुकता है।

जल की गुणवत्ता में सुधार होता है। मिट्टी की गुणवत्ता बेहतर होती है। यह नदियां अपने निर्मल धवल अमृतुल्य जल के साथ जैव विविधता का भी सुरक्षा करती हैं।

भारत के कई शहरों में उद्योगों से निकलने वाले अपशिष्ट पदार्थ को नदियों में ही छोड़ दिया जाता है। मध्य प्रदेश के उज्जैन जिले में मौजूद चंबल नदी को ग्रेसिम उद्योग नागदा द्वारा प्रदूषित किया जा रहा है। नदी इस कदर प्रदूषण हो चुकी है कि नदी का पानी पीने योग्य नहीं बचा है। सीपीसीबी की साल 2020 की रिपोर्ट के अनुसार भारत की जीनदायिनी कही जाने वाली ये नदियां खुद खतरे में हैं। 521 नदियों के पानी की मॉनिटरिंग करने वाले प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार देश की 198 नदियां ही स्वच्छ हैं। जो छोटी नदियां हैं। जबकि, बड़ी नदियों का पानी भीषण प्रदूषण की चपेट में है। 198 नदियां स्वच्छ पाई गई हैं। इनमें ज्यादातर दक्षिण-पूर्व भारत की हैं। महाराष्ट्र में सिर्फ 7 नदियां ही स्वच्छ हैं, जबकि 45 नदियों का पानी प्रदूषित है। नदियों का जीवन अगर बचाना है तो उसका जल निर्बाध बहता रहे, जीवन उसका सुरक्षित रहे तो नदियों को छिछली (उथली) होने से बचाया जाना अति आवश्यक है। वहीं नदियों के किनारों पर सघन वृक्षारोपण किया जाये जिससे किनारों पर कटाव ना हो। नदियों का पानी गन्दा होने से बचायें, मसलन पशुओं को नदी के पानी मे जाने से रोकें। गांव व शहरों का घरेलू अनुपचारित पानी नदी में नही मिलने दे। पानी को यह सोच कर साफ रखने का प्रयास करें कि आगे जो भी गांव या शहर वाले इस पानी को उपयोग में लाने वाले हैं, वो आपके ही भाई बहन या परिवार के लोग हैं।

नगरपालिका और ग्राम पंचायत अपने स्तर पर घरेलू पानी (दूषित) को साफ करने वाला सयंत्र लगाने के लिए प्रोत्साहित करें। उद्योगों का अनुपचारित पानी नदी के पानी मे नही मिलने दे। हो सके तो समय समय पर पानी की गुणवत्ता की जांच करवाते रहे। जलकुम्भी की सफाई समय समय पर करवाने का प्रयत्न करते रहें। अंततः हम सभी को यह स्मरण रखना अत्यंत आवश्यक हो गया कि जल है तो कल है और कल है तभी तो हम, हमारी सभ्यता कायम रहेगी।

# रोजगार के संकट से जूझती गांव की युवा पीढ़ी

**ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के साधन को बढ़ाने के लिए कुछ यदि कुछ सुझावों का पालन किया जाए तो आर्थिक समस्या को दूर करने में मदद मिल सकती है। उदाहरण के लिए सरकार के साथ साथ निजी क्षेत्रों को भी ग्रामीण इलाकों में उद्योग स्थापित करने चाहिए, ताकि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा सकें। कृषि के आधुनिकीकरण के माध्यम से उत्पादकता बढ़ाने पर जोर दिया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त राजस्थान के पारंपरिक शिल्पकला को जीवित रखने के लिए हस्तशिल्प उद्योग को आधुनिक विपणन और डिजाइनिंग तकनीकों से जोड़ना जरूरी है ...**





**-मुरमा कंवर-**
**(लेखिका वरिष्ठ स्तंभकार हैं)**

कृषि, पशुधन और हस्तशिल्प हमेशा से ग्रामीण राजस्थान की पारंपरिक जीवनशैली का केंद्र रहे हैं. इन स्त्रोतों से हजारों परिवार अपनी आजीविका कमाते रहे हैं. लेकिन हाल के वर्षों में बदलती परिस्थितियों, जलवायु परिवर्तन और प्रौद्योगिकी के प्रसार ने राजस्थान की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित किया है. जिससे बेरोजगारी तेजी से बढ़ने लगी है और अब यह एक गंभीर समस्या बनती जा रही है. राजस्थान एक सूखा और शुष्क क्षेत्र है, जहां पानी की कमी हमेशा एक चुनौती रही है. जलवायु परिवर्तन ने इस चुनौती को और भी अधिक गंभीर बना दिया है. अनियमित बारिश और अत्यधिक गर्मी के कारण कृषि पर निर्भर लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है. किसानों की फसलें नष्ट हो रही हैं. यही कारण है कि कृषि अब कई लोगों के लिए आजीविका का साधन नहीं रह गई है. वहीं आजीविका के अन्य साधनों के सीमित विकल्प ने रोजगार के संकट को चुनौतीपूर्ण बना दिया है.

एक समय कपड़ा छपाई, चमड़े का काम और आभूषण बनाने सहित राजस्थान के हस्तशिल्प दुनिया भर में प्रसिद्ध थे. जिससे हजारों लोगों को रोजगार प्राप्त होता था. लेकिन बड़े पैमाने पर मशीनीकृत उद्योगों के विकास और बदलते बाजार रुझानों के कारण पारंपरिक कारीगरों के लिए अवसर सीमित हो गए हैं. हस्तशिल्प की मांग घट गई जिसके परिणामस्वरूप ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़े हजारों कारीगर बेरोजगार हो गए हैं. वहीं दूसरी ओर शिक्षा और कौशल की कमी के कारण युवाओं के पास रोजगार के अवसर भी सीमित हो चुके हैं. ऐसे में युवा रोजगार की तलाश में शहरों की ओर पलायन करने पर मजबूर हैं, लेकिन वहां भी उन्हें अक्सर कम वेतन वाली अनौपचारिक नौकरियों में रोजगार मिलता है. पलायन से जहां गांव की कृषि प्रभावित हो रही है वहीं दूसरी ओर घरेलू अर्थव्यवस्था पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है. हालांकि सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार प्रदान करने के लिए मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) जैसी विभिन्न योजनाएं शुरू की हैं, लेकिन प्रभावी क्रियान्वयन नहीं होने से ये योजनाएं जमीनी स्तर पर ग्रामीणों को अपनी पूरी क्षमता से लाभ नहीं दे पा रही हैं, जिससे बेरोजगारी की समस्या और भी बढ़ गई है.

सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआईई) की रिपोर्ट के अनुसार अप्रैल 2024 तक देश में 47 लाख लोगों के पास रोजगार नहीं है. इनमें सर्वाधिक करीब 90 फीसदी हिस्सेदारी गांवों में रहने वाले लोगों की रही है. रिपोर्ट के अनुसार हरियाणा और राजस्थान में सबसे अधिक बेरोजगारी की दर देखी गई है. यहां औद्योगिक और कुटीर उद्योग क्षेत्र में गिरावट से रोजगार के अवसर सीमित हो गए हैं, जिससे ग्रामीण स्तर पर बेरोजगारी और गरीबी बढ़ी है और लोगों को विभिन्न प्रकार की आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है. ऐसा ही एक गांव करणीसर भी है, जो राजस्थान के बीकानेर जिला स्थित लूणकरणसर ब्लॉक से 50 किमी दूर स्थित है. चारों तरफ से पहाड़ियों से घिरे इस गांव में प्रवेश करते ही आपको कुछ ही घर पक्के नजर आएंगे. लेकिन अधिकांश ग्रामीणों के पास कच्चे मकान हैं. गांव की मुख्य आबादी झोपड़ी में रहती है. ग्रामीणों के पास रोजगार का मुख्य साधन खेती है.

इसके अतिरिक्त गांव में पशुपालन भी किया जाता है. हर घर में 3 से 4 जानवर आसानी से देखने को मिल जाते हैं. हालांकि यहां हर किसी के पास अपना खेत नहीं है. अधिकतर बड़े खेत मालिकों की जमीन पर मजदूरी करते हैं. खेतों में सिंचाई के लिए ट्यूबवेल की व्यवस्था है. लेकिन गर्मी के दिनों में बिजली न मिलने से सिंचाई प्रभावित होती है और फसलें खराब हो जाती हैं. जिससे किसानों को भारी आर्थिक संकट का सामना करना पड़ता है. आर्थिक रूप से कमजोर किसान जो ट्यूबवेल से खेती करने में सक्षम नहीं हैं, वह खेती के लिए बारिश पर निर्भर हैं. यहां पशुपालन करने वाले परिवारों के सामने भी चारा आपूर्ति एक बड़ी समस्या बनी हुई है. चारागाह नहीं होने की वजह से उनके लिए मवेशी पालना कठिन होता जा रहा है.

गांव में रोजगार संकट का सबसे नकारात्मक प्रभाव महिलाओं के जीवन पर पड़ रहा है. पुरुष कमाने के लिए पलायन कर जाते हैं. लेकिन महिलाओं को घर की जिम्मेदारी के साथ साथ आर्थिक उपार्जन भी करनी पड़ती है. ऐसे में उनके सामने रोजगार के लिए दूसरों के खेतों में काम या फिर मनरेगा ही विकल्प के रूप में रह जाता है. इस संबंध में 30 वर्षीय शारदा देवी कहती हैं कि ह्यपुरुष रोजगार के लिए दूर-दराज के शहरों में चले जाते हैं जबकि महिलाएं गांव में ही रहकर मनरेगा जैसे काम करती हैं. लेकिन इसमें भी उन्हें बेहतर आमदनी नहीं हो पाती है. ऐसे में कई महिलाएं पति के साथ पलायन करती हैं जहां उन्हें मजदूरी के साथ साथ घर के काम भी करने पड़ते हैं. वहीं 55 वर्षीय विमला देवी कहती हैं कि उनका 28 वर्षीय बेटा लोगों के खेतों में काम करता है. उसके परिवार में 4 बच्चे भी हैं. उसे महीने में 10 दिन ही काम मिलता है. ऐसे में घर में आर्थिक संकट बना रहता है. वह कहती हैं कि घरेलू कारणों से उनका बेटा बाहर जाकर रोजगार नहीं कर सकता है. उनके घर तक कोई सरकारी योजना भी नहीं पहुंची है. न बिजली, न पीने का साफ पानी और न ही घर में शौचालय की उचित व्यवस्था है. खारा पानी के कारण वे लोग अक्सर कई प्रकार की बीमारियों से ग्रस्त रहते हैं. वह कहती हैं कि ह्ययदि गांव में ही रोजगार के बेहतर साधन उपलब्ध होते तो उनके परिवार की आर्थिक समस्या खत्म हो जाती.ह्न

गांव के एक दुकानदार सीताराम ने बताया कि उसकी दुकान 24 साल पुरानी है. इसके अतिरिक्त जमीन के छोटे टुकड़े पर खेती कर कुछ आमदनी प्राप्त करते हैं. वह कहते हैं कि गांव में रोजगार के कम साधन का प्रभाव उनकी दुकानदारी पर भी नजर आता है. पैसे नहीं होने के कारण लोग सामान कम खरीदते हैं. वहीं 47 वर्षीय पूनम देवी अपने पति के साथ खेतों में काम करती हैं. वह कहती हैं कि करणीसर गांव में लोगों के लिए रोजगार सबसे बड़ी समस्या है. इसके कारण युवा शहरों की ओर पलायन करने पर मजबूर हैं. लेकिन वहां भी उनके लिए बहुत अधिक आय अर्जित करने के विकल्प नहीं होते हैं. वह कहती हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों के लिए बहुत सारी सरकारी योजनाएं हैं जिनका लाभ उठाकर युवा गांव में ही रहकर रोजगार कर सकते हैं. इसके लिए उनका मार्गदर्शन करने की जरूरत है जिससे उनके जीवन में बदलाव आ सके. वह कहती हैं कि गांव में शिक्षा के प्रति जागरूकता फैला कर इस कमी को दूर किया जा सकता है क्योंकि बेरोजगारी का मुख्य कारण शिक्षा की कमी है.

# कानून, अदालत या बुलडोजर किससे डरते हैं अपराधी?

**-मनोज कुमार अग्रवाल-**

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अगली सुनवाई तक देश में एक भी बुलडोजर कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए। हालांकि इस ऑर्डर में सड़क, रेलवे लाइन जैसी सार्वजनिक जगहों के अवैध अतिक्रमण शामिल नहीं हैं। अगली सुनवाई एक अक्टूबर को है। केंद्र सरकार ने कोर्ट के इस ऑर्डर पर सवाल उठाए हैं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा- संवैधानिक संस्थाओं के हाथ इस तरह नहीं बांधे जा सकते। इस पर जस्टिस बीआर गवई और केवी विश्वनाथन की बेंच ने कहा- अगर कार्रवाई दो हफ्ते रोक दी, तो आसमान नहीं फट पड़ेगा। आप इसे रोक दीजिए, 15 दिन में क्या होगा ? यहां आपको बता दें कि पीले पंजे उर्फ बुलडोजर ने अपराधियों के दिल दिमाग में पहली बार कानून व्यवस्था का वह खौफ कायम किया जिसे आजादी के बाद 75 साल में अदालत और कड़े कानून कायम करने में नाकाम हो रहे थे। दरअसल, बुलडोजर एक्शन के खिलाफ जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने 22 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। इसमें यूपी के मुरादाबाद, बरेली और प्रयागराज में हुए बुलडोजर एक्शन का भी जिक्र किया गया था। कोर्ट ने कहा कि अगले आदेश तक देश में कहीं भी मनमाने ढंग से बुलडोजर की कार्रवाई नहीं होगी। हालांकि यह सुप्रीम कोर्ट का अंतरिम आदेश है। शीर्ष अदालत इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी करेगा। देश के सभी राज्यों को इन निदेर्शों का पालन करना होगा। शीर्ष अदालत ने बुलडोजर कार्रवाई के महिमा मंडन पर भी सवाल खड़ा किया। कोर्ट ने कहा यह रुकना चाहिए।

वरिष्ठ अधिवक्ता सीयू सिंह ने कहा कि हर दिन तोड़फोड़ हो रही है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया कि 2022 में नोटिस दिया गया और उसके बाद कार्रवाई की गई। इस बीच अपराध भी हुए हैं। जस्टिस गवई ने कहा कि जब 2022 में नोटिस जारी किए गए तो 2024 में जल्दबाजी क्यों ? सभी राज्य सरकार को सूचित किया जाए। जस्टिस विश्वनाथन ने कहा कि मैं स्पष्ट कर दूं कि हमारे निर्देश होंगे। इन्हें गाइडलाइन कहा जा रहा है। अगली तारीख तक कोर्ट की अनुमति के बिना तोड़फोड़ पर रोक लगाई जाए। जस्टिस जे गवई ने कहा कि हमने स्पष्ट कर दिया है कि हम अनधिकृत निर्माण के बीच में नहीं आएंगे, लेकिन कार्यपालिका न्यायाधीश नहीं हो सकती। सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी विशेष शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए यह आदेश पारित किया। मगर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने आदेश पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि वैधानिक अधिकारियों के हाथ इस तरह से नहीं बांधे जा सकते। इस पर पीठ ने कहा कि अगर दो सप्ताह तक तोड़फोड़ रोक दी जाए तो आसमान नहीं गिर जाएगा।

वैसे कई लोगों को इस बात से परेशानी हो रही है कि विशेषकर भाजपा के शासन वाले राज्यों में दंगाइयों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है और उनकी संपत्तियों पर बुलडोजर चलाया जा रहा है। भारत में धर्म, जाति आदि के नाम पर दंगाइयों के समर्थन में खड़े होने वालों की कमी नहीं है। यहां दर्जनों लोगों के हत्यारे आतंकी के लिए रात को तीन बजे सुप्रीम कोर्ट भी खुलवाई जा सकती है तो दंगाइयों के पैरोकारों की भला कहां कमी होगी। ऐसे ही कुछ लोगों को विशेषकर उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और गुजरात में दंगाइयों, अपराधियों, पत्थरबाजों की संपत्ति पर बुलडोजर चलाने से पीड़ा हो रही है। शीर्ष अदालत में कई याचिकाएं दायर की गई हैं कि इस बुलडोजर एक्शन पर रोक लगाई जाए। केंद्र सरकार ने अदालत को साफ शब्दों में बताया भी कि धर्म विशेष या अपराधियों की संपत्तियों के ध्वस्त करने का विमर्श गढ़ा जा रहा है। याचिका दायर करने वाले एक भी ऐसा मामला पेश नहीं कर पाए जहां कानून का पालन किए बिना बुलडोजर चलाया गया हो। केंद्र ने यह भी याद दिलाया कि जिन लोगों के अवैध अतिक्रमण पर बुलडोजर चला है, उनमें से तो कोई अदालत में याचिका लगाने आया ही नहीं, क्योंकि उनके निर्माण वास्तव में अवैध थे और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई उचित थी डिमोलिशन की कार्रवाई जहां हुई है, वो कानूनी प्रकिया का पालन करके हुई है। एक समुदाय विशेष को टारगेट करने का आरोप गलत है और गलत नैरेटिव फैलाया जा रहा है। दरअसल कई प्रदेशों में ध्वस्त कानून व्यवस्था को कायम करने में बुलडोजर एक्शन ने अहम भूमिका निभाई है। यूपी की योगी सरकार ने उपलब्ध कानून का सहारा लेकर माफिया और अपराधियों की संपत्ति पर बुलडोजर का एक्शन शुरू किया। जुलाई 2020 की रात को उत्तर प्रदेश पुलिस के इतिहास में सबसे बड़ा हमला हुआ था। उस दिन रात को कानपुर के बिकरू गांव में गैंगस्टर विकास दुबे ने साथियों के साथ मिलकर 8 पुलिसकर्मियों को मौत के घाट उतार दिया था। इसके बाद बुलडोजर एक्शन में विकास दुबे के साम्राज्य को रेत खेत कर दिया गया। वहीं माफिया डॉन अतीक अहमद के कब्जे से करीब 752 करोड़ 27 लाख की संपत्ति को बुलडोजर चला कर मुक्त कराया गया। अब तक 416 करोड़ 92 लाख रुपए की संपत्ति जब्त तक की गई है। वहीं, माफिया डॉन मुख्तार अंसारी की 314 करोड़ 23 लाख की संपत्ति गैंगस्टर एक्ट में जब्त की गई है। अब तक 285 करोड़ 70 लाख की अवैध कब्जे वाली संपत्ति को बुलडोजर चलाकर मुक्त कराया गया है। संगठित अपराध को खत्म करने के लिए माफिया की अवैध कमाई से बनाई संपत्ति 14 ए के तहत जब्त की जा रही है। सभी जनपदों में अरबों की संपत्ति जब्त की जा चुकी है। दंगाइयों और माफियाओं पर नियंत्रण के लिए बुलडोजर एक्शन सबसे कारगर और सटीक साबित हुआ योगी के बुलडोजर एक्शन की सफलता को देखते हुए मध्यप्रदेश, गुजरात, हरियाणा आदि राज्यों की सरकारों ने भी इसे अपनाया है।

## संक्षिप्त खबरें

### सरकारी स्कूल में दिखाई दिएं दो तेंदुए, बच्चों की करनी पड़ी छुट्टी

गजरौला।गांव खजूरी में पिछले कई दिनों से तेंदुआ की दहशत बनी हुई है। अब तक तेंदुआ जंगल में देखे जाने का शोर था मगर, शनिवार की सुबह में आबादी में सरकारी स्कूल के पास तेंदुआ का जोड़ा दिखा तो हर कोई भयभीत हो गया।स्कूल के बच्चे कक्षाओं में कैद हो गए। ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर खेतों में निकल आए। पुलिस भी पहुंच गई। फिर स्कूल का अवकाश करते हुए बच्चों को सुरक्षित उनके घर पहुंचा। वन विभाग की टीम ने पहुंचकर गांव में पिंजरा लगाने की तैयारी शुरू कर दी है।

### जनरेटर सड़क पर और स्वास्थ्य विभाग ने जारी कर रहा नोटिस


कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, गाजियाबाद।

गाजियाबाद। क्या वाकई में अब जनरेटर और सड़कें भी स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों की रेख-देख के भीतर आने लगीं, ये तो गजब की तानाशाही और लोगों की जान पर बन आई, क्या ऐसा कभी सुना गया है या फिर ये नई कानूनी व्यवस्था बनाई गई है, दरअसल स्वास्थ्य विभाग के द्वारा गाजियाबाद में अब एक नया आयाम स्थापित होने जा रहा है, यहां पर सीएमओ गाजियाबाद के द्वारा हर्ष अस्पताल के संचालक डॉ बीपी त्यागी को एक नोटिस दिया है जिसमें दशार्या गया है कि मानकों के विपरीत सड़क पर रखे जनरेटर को लेकर 03 दिनों के भीतर अस्पताल संचालक अपना पक्ष रखें। हालांकि इस संबंध में जानकारी लेने बावत हमारे संवाददाता ने दो बार सीएमओ गाजियाबाद को फोन किया एक बार उनके अर्दली द्वारा फोन उठाया गया उनके द्वारा कहा गया साहब मीटिंग में हैं आप 5:30 पर फोन करें इसके बाद हमारे संवाददाता ने फिर 5:40 पर फोन किया जिसे रिसीव नहीं किया गया। अब यहां पर सबसे अधिक अचंभित करने वाली बात यह है कि क्या सड़क की जिम्मेदारी भी अब सरकारी दायरे में स्वास्थ्य विभाग को दे दी गई है, और अगर ऐसा नहीं है तो फिर ये बात बड़ी दुखद है कि इतने बड़े अधिकारी के द्वारा उनके विभाग की जिम्मेदारी है ही नहीं तो फिर ये नोटिस देने का उद्देश्य क्या है, क्या ये कोई और गेम है या फिर नोटिस जारी करने वाले अधिकारी की नादानी कही जाएगी, खैर जो भी हो लेकिन स्वास्थ्य विभाग को सड़क का अधिकार तो कतई नहीं हो सकता। अब सोचकर देखिए क्या इसे सरकारी अमले की अनदेखी कहा जाएगा या फिर नादानी।

### भाजपा के सदस्यता अभियान में सबकी भागीदारी : शाहिद कुरैशी



गाजियाबाद। भाजपा के सक्रिय और समर्पित नेता शाहिद कुरैशी ने हमारे संवाददाता से बात करते हुए कहा कि पार्टी का सदस्यता अभियान देश के लिए मिसाल बनेगा, बता दें कि गाजियाबाद में मुस्लिम समुदाय से ताल्लुक रखने वाले भाजपा नेता शाहिद कुरैशी ने कहा कि सदस्यता अभियान जोरों पर है और यह सदस्यता अभियान गाजियाबाद शहर में मिसाल कायम करेगा। उन्होंने कहा कि भले ही विपक्षियों के द्वारा लोगों के भीतर एक भ्रम सा फैलाया हुआ है कि मुस्लिम समुदाय भाजपा विरोधी है लेकिन ऐसा इसलिए नहीं कहा जा सकता है कि जिस तरह से मुस्लिम समुदाय भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं ये एक सबूत के तौर पर काफी है। अब तक अलग-अलग वार्ड के हिसाब से सभी भाजपाइयों को 200 सदस्य बनाने की जिम्मेदारी दी गई है लेकिन यहां पर कुछ ऐसे भी भाजपा नेता और कार्यकर्ता हैं जो इस आंकड़े को डबल कर देंगे, शाहिद कुरैशी ने ये भी कहा कि इस आंकड़े को वह स्वयं पार करेंगे शाहिद ने कहा कि वह अधिकाधिक संख्या में समय से पहले उनके द्वारा सदस्यता ग्रहण कराने वालों की लिस्ट महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा को सौंप देंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा के सदस्यता अभियान में मुस्लिमों का बड़ा योगदान है जिसे सदस्यता ग्रहण के बाद सब सराहेंगे, शाहिद के साथ उनके समस्त सहयोगी घर-घर जाकर लोगों को सदस्यता ग्रहण कराने का काम कर रहे हैं और आंकड़े को पार करने का भरसक प्रयास कर रहे हैं। इस दौरान शाहिद ने कहा कि देश का 18 साल या उससे अधिक उम्र का कोई भी व्यक्ति पार्टी का सदस्य बन सकता है। भाजपा का सदस्य बनने के लिए 8800002024 पर मिस्ड कॉल करना है इसके बाद मोबाइल पर एक एसएमएस आएगा जिसमें एक लिंक होगा उस लिंक पर क्लिक करके अपनी जानकारी देने के बाद पार्टी का सदस्य बना जा सकता है।

## आदिल प्रधान बहा रहे गाँव में बिना भेदभाव के विकास की गंगा

# ग्राम पंचायत सहसपुर मे खुलीं बैठक का आयोजन, ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान के कार्यों की तारीफ

प्रातः किरण, संवाददाता




स्योहारा/सहसपुर।बहुत से जनप्रतिनिधि अपने गांव ,शहर और क्षेत्र का बिना भेदभाव के चहुंमुखी विकास करा रहे है जी हाँ ऐसे ही एक जनप्रतिनिधि है जो आदिल प्रधान के नाम से मशहूर है बुढ़नपुर ब्लाक की सहसपुर देहात ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान शेख मौ.आदिल ने अपनी ग्राम पंचायत में विकास की गंगा बहा रखी है उनके अंदर अपने गांव के चहुँमुखी विकास और ग्रामवासियों को मूलभूत सुविधाएं दिलवाने का जज्बा कूट कूटकर भरा है इसी लगन के साथ सहसपुर देहात के प्रधान मो.आदिल ने भी अपने क्षेत्र के कामों की शुरूआत की थी जो आज उनकी मेहनत और सरकार के सहयोग से कामयाब होती दिख रही है आदिल प्रधान के प्रयासों से आज सहसपुर देहात तेज रोशनी की लाइटों से जगमगा रहा है तो साथ ही सफाई व्यवस्था में भी अव्वल है तो कई पक्की सड़कें भी क्षेत्र को मिली हैं, इसके अलावा यहां की राशन की दुकान में पूरी पारदर्शिता बरती जा रही है तो गरीबों को मिलने वाली सरकारी योजना का लाभ भी यहां की जनता को प्रधान जी की वजह से पूरी तरह मिल रहा है। इसी कड़ी में उनके कामों से प्रभावित होकर बुधवार को यहां बने नए ग्राम पंचायत घर में एक खुली बैठक का भी आयोजन हुआ। जिसमें मौजूद ए.डी.ओ. पंचायत करुणा चौहान ने भी आदिल प्रधान के प्रयासों और उनके द्वारा किए गए विकास कार्यों को सराहा। इस मौके पर आदिल प्रधान ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए जनता को यकीन दिलाया की वो जब तक प्रधान है तब तक बिना भेदभाव के यूं ही सवार्गीण विकास होता रहेगा और यहां के लोगो को किसी भी तरह की कोई समस्या नहीं होने दी जाएगी। आपको बताते चलें कि शेख मौहम्मद अदिल प्रधान अपने गांव की प्रधानी के साथ-साथ क्षेत्र की सामाजिक,राजनेतिक व धार्मिक गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं वह लोगों के आपसी मनमुटाव दूर करवाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं तथा क्षेत्र में भाईचारा बढाने और शांति और अमन कायम कराने के लिये भी सदैव तैयार रहते है।

## रेडक्रास सोसायटी ने निर्धन परिवारों को राहत सामग्री वितरित की : सुभाष गुप्ता



गाजियाबाद, लायक हुसैन

भारतीय रेडक्रास सोसायटी गाजियाबाद द्वारा अध्यक्ष इंद्र विक्रम सिंह जिलाधिकारी गाजियाबाद की प्रेरणा से बाढ आपदा राहत के अन्तर्गत ग्राम कुम्हेड़ा मुरादनगर के 20 अति निर्धन परिवारों को शनिवार को राहत सामग्री वितरित की गई। राहत सामग्री मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल द्वारा विकास भवन में बांटी गई। भारतीय रेडक्रास सोसायटी गाजियाबाद के सभापति सुभाष गुप्ता ने बताया कि राहत सामग्री में तारपोलिन किचेन सेट व हाइजिन किट शामिल हैं। साथ ही उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन की खुशी जताई। इस मौके पर सभापति सुभाष गुप्ता, किरणगर्ग, पूनम शर्मा, एम सी गौड़, ग्राम प्रधान कुम्हेडा बिजेन्द्र आदि ग्रामीण लोग मौजूद रहे। राहत सामग्री पाकर सभी लाभार्थी बेहद खुश दिखाई दे रहे थे सभी ने रेड क्रॉस के कार्यों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। आओ मिलकर साथ चलें रचें नया इतिहास।

## रेड क्रास सोसायटी और इनरव्हील क्लब ने 35 क्षय रोगियों को पुष्टाहार पोटली वितरित की : सुभाष गुप्ता

प्रातः किरण, संवाददाता




गाजियाबाद। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी गाजियाबाद व इनरव्हील क्लब गाजियाबाद ग्रेटर द्वारा संयुक्त रूप से गोद लिए हुए 35 क्षय रोगियों को पुष्टाहार पोटली वितरित की। क्षय रोग उन्मूलन आंदोलन में कमर कस कर इनर व्हील क्लब गाजियाबाद ग्रेटर की अध्यक्ष सुषमा गुप्ता के नेतृत्व में पूरी टीम पूरे समर्पण भाव से रेड क्रॉस का साथ निभा रही है। आज का यह सेवा कार्य गाजियाबाद के ग्रामीण क्षेत्र भोजपुरी के स्वास्थ्य केंद्र पर आयोजित किया गया था जिसमें पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी सदस्य प्रदेश कार्यकारी समिति की गरिमामई में उपस्थिति में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा इनर व्हील और रेड क्रॉस मिलकर सरकार की सहभागिता करते हुए सेवा कार्यों को संपादित करते हैं। सभी रोगियों के इलाज कराते हुए स्वास्थ्य नियमों का पालन करते हुए स्वस्थ रहने के सुझाव दिए।सभापति डॉक्टर सुभाष गुप्ता ने बताया कि हमें प्रधानमंत्री के लक्ष्य 2025: टी बी मुक्त भारत को पूरा करने के लिए हर संभव कोशिश करनी पड़ेगी, जिस प्रकार एकजुट होकर पोलियो को भगाया है उसी प्रकार टी बी मुक्त भारत बनाकर एकता और अखंडता का परिचय देना है। इस अवसर पर डॉ सुभाष गुप्ता, डॉ किरण गर्ग, डॉ अनिल कुमार यादव, सुषमा गुप्ता, रश्मि अग्रवाल,एम सी गौड़, पवित्रा त्यागी, रानू वैश्य, संध्या त्यागी के साथ साथ संजय यादव के सफल दिशा निर्देश में क्षय रोग विभाग की पूरी टीम तन्मयता से लगी रही। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि प्रशांत चौधरी ने एक बुके द्वारा तथा इनर व्हील क्लब की टीम द्वारा एक अंग वस्त्र ओढ़ा कर स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ विवेक का अभिनंदन किया।

## रसूले खुदा ने दुनिया को दिया प्यार और मौहब्बत का संदेशः मौलाना काजिम

प्रातः किरण, संवाददाता



नौगावां सादात। जशने मुस्तुफा सल्ललाह आलेहे वसल्लम के सम्बन्ध में इमामबरगाह हाजी बाकर में एक जशन का आयोजन किया गया। जिसमे सर्व प्रथम मोलाना ने तिलावते कुराने पाक की उसके बाद मोलाना रजा अब्बास साहब ने मोहम्मद साहब की विलादत को बयान करते हुए सीरते रसूले खुदा सल्ललाह0वा0 आलेही 0वसल्लम0 की जीवनी पर प्रकाश डाला और शायरों ने नाथे रसूल पडी जिनमे मुख्य रूप से मोहम्मद ताहिर,अली हुसैन ,इरशाद अली ,गदीर सलाम्माहू ने तरन्नुम में नाथे रसूले पाक पड़ी। उसके बाद मोलाना काजिम अस्करी ने बताया कि रसूले खुदा ने मुस्लिम धर्म प्यार मोहमबत का पैगाम देकर फैलाया और बताया की रसूले खुदा अहिंसा के मानने वाले थे।जिन्होंने सत्य के मार्ग अर्थात सिरातुल मुस्तकीम पर चलने की लोगो को हिदायत दी और बताया जीवन भर अमले सालेहा करोगे तो जीवन इस जीवन में भी सफल होगा और मरने के बात भी जन्नत अता होगी। गरीबो की जीवन भर मदद करो।

अध्यक्ष गुलाम हैदर ने लोगो से शांती पूर्ण जुलूस निकालने की हिदायत दी और लोगो को जागरूक किया। सचिव तारिक रजा शोबी ने जुलूस में शासन व प्रशासन द्वारा बताये गए निदेशों का पालन करने की हिदायत दी शासन के दिशा निदेर्शों के सम्बन्ध में सब कार्यकर्ताओ को अवगत कराया। शोबी राजा अधिवक्ता ने कहा की 17 रबीउल अव्वल जितना बड़ा खुसी का दिन है कि हमें उस स्तर पर ही इस दिन को मनाना चाहिए। मौहम्मद साहब के संदेशो ने दुनिया में अमन और शांती का सन्देश दिया है।और हम सब उसके अनुयायी बने। इस अवसर पर मुख्य रूप से हाजी सय्यद हसन मेजर मेंहर अब्बास , वक्कार हैदर नूर अब्बास राना ,अथर अब्बास ,मोहम्मद हैदर ,वजीर अस्करी ,अब्बास अली ,मोहम्मद मुस्तफा ,शहजाद अबिदी ,अली इमाम नदीम मोहम्मद हसनैनअली इमाम अहमद सज्जाद क्षण फरमान आदिल अली आजम आजम अली मुस्तुफा शाहे आलम नवाब रजा कुररम अली रफ्सन जानी साहिल मोहम्मद अली मुतुर्जा अली मोहम्मद अब्बास जकी अब्बास अली आदी लोग मोजूद रहे।

# बिरला पब्लिक कन्या इंटर कॉलेज में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन, दिया स्वच्छता का संदेश




प्रातः किरण , नादिर त्यागी

स्योहारा।शासन के आदेश पर संचालित हो रहे स्वच्छता की सेवा कार्यक्रम के अन्तर्गत जनता को स्वछता और सफाई के प्रति जागरूक किया जा रहा है।ये कार्यक्रम 17 सितम्बर 2024 से 02 अक्टूबर 2024 तक नगर पालिका परिषद स्योहारा जनपद बिजनौर में चलेगा इस अभियान के तहत पालिका अध्यक्ष फैसल वारसी व अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल के दिशा निदेर्शों पर प्रति दिन विभिन्न प्रेरणादायक कार्यक्रमों जैसे स्वच्छता जन भागीदारी, सफाई के प्रति युवाओ को जागरूक किया जाना, श्रमदान, स्वच्छता शपथ इत्यादि आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में निकाय द्वारा आज दिनांक 21 सितम्बर, 2024 को प्रातः काल में बिड़ला पब्लिक कन्या इन्टर कालिज स्योहारा में छात्राओ को स्वच्छता शपथ दिलाई गयी। साथ ही बिड़ला पब्लिक कन्या इन्टर कालिज में ही चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अन्तर्गत जारी गाईडलाईन के अनुरूप निकाय द्वारा दिनांक 21 सितम्बर, 2024 को सफाई मित्र स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन निकाय के सभाकक्ष में किया गया। जिसके अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य के स्टॉफ द्वारा नगर पालिका परिषद स्योहारा के सफाई मित्रों के स्वास्थ्य यथा (शुगर, ब्लड प्रेशर इत्यादि) का परीक्षण किया गया। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अन्तर्गत निकाय द्वारा प्रतिदिन नगर के 05-05 वार्डो का चयन करते हुये विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है।

साथ ही चयनित वार्डों में प्रतिदिन एण्टीलार्वा, फागिंग, कीटनाशक दवाओ आदि का छिड़काव कराया जा रहा है। निकाय द्वारा दिनांक 02 अक्टूबर, 2024 तक इसी प्रकार के कार्यक्रमो का संचालन किया जायेगा। जिसमें 155 घण्टे का महा अभियान भी सम्मलित है। इस मौके पर प्रधानाचार्या रंजना शुक्ला ,वरिष्ठ लिपि देवेंद्र कुमार, जे.ई सागर, व लिपिक अमित कुमार सहित बिरला पब्लिक कन्या इंटर कॉलेज का स्टाफ मौजूद रहा।

## मरीज के इलाज से ज्यादा जरूरी और कुछ नहीं : डॉ. बीपी त्यागी

डॉ बीपी त्यागी जैसा जज्बा और सेवा भाव बहुत कम देखने और सुनने को मिलता है, यह जज्बा बहुत कुछ सीख देता है

गाजियाबाद, प्रातः किरण



सच्चाई के पैर बहुत लंबे होते हैं, अब जाहिर तौर पर सच की नींव बड़ी मजबूत होती है, बस अपनी-अपनी सोच और समझ पर निर्भर करता है। कहते हैं कि बात निकलती है तो फिर दूर तलक जाती है, इसी क्रम में निस्वार्थ सेवा करना और सबकुछ भगवान पर छोड़ देना सच्ची समाजसेवा कहलाती है, ऐसे जज्बे को सलाम करना बुरा नहीं होता जो दूसरों की निस्वार्थ सेवा करे, डॉ. बीपी त्यागी ऐसे ही मशहूर नहीं हैं, दरअसल दुखियारों के दुख को बगैर कहे समझ लेना और फिर उनकी निस्वार्थ भाव से सेवा करने का जज्बा शायद ही इस तरह का आज तक कहीं सुनने और देखने को मिला हो, 25 वर्षों से लगातार अपना अस्पताल चला रहे डॉ. ब्रजपाल सिंह त्यागी (बीपी त्यागी) अपने हर्ष ईएनटी अस्पताल में मरीजों की सेवा इस तरह से करते आ रहे हैं जैसे एक परिवार का सदस्य अपने इंसान की सेवा करता है, बताते चलें कि आज इसी सेवा भाव के चलते उस भगवान ने डॉ. बीपी त्यागी को ऊंचाईयों पर पहुंचाया है आज डॉ. त्यागी को विश्व विख्यात ईएनटी सर्जन कहा जाता है। इनकी मुख्य विशेषताओं का व्याख्यान किया जाए तो एक लंबी फेरहिस्त में शामिल है, मरीज से बेहद शालीनता से पेश आना जैसे कि उसके परिवार का कोई सदस्य उसकी कुशलता पूछ रहा हो इसी के साथ डॉ. बीपी त्यागी पैसे के बल पर इलाज नहीं करते बल्कि मरीज को ठीक करने के जज्बे से इलाज करते हैं जिसने जो दिया वही ठीक है। तरूणमित्र संवाददाता से बात करते हुए डॉ. बीपी त्यागी ने बताया कि मरीज का ठीक होना ज्यादा मायने रखता है उसके पास इलाज के लिए पैसे हैं या नहीं हैं ये जरूरी नहीं है, उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों की दयनीय स्थिति को लेकर वह चिंतित हैं अगर सरकारी अस्पतालों की दयनीय स्थिति ठीक हो जाए तो वही गरीब अस्पताल में इलाज कराकर सरकार के गुणगान गाएं, लेकिन अफसोस जनक बात है कि सरकारी अस्पताल में मरीजों की रेख-देख और सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पाता, उन्होंने कहा कि तमाम खबरों के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जाता है परंतु सरकार भी इस ओर अपना ध्यान आकर्षित नहीं करती, अब ऐसे में अगर मेरे अस्पताल परिसर में गरीबी से जूझ रहा मरीज थक हार कर आता है तो मेरा जमीर ये गवाही नहीं देता कि मैं इस मरीज से फीस लूं या दवाओं के पैसे लूं ऐसे में मैं सबकुछ उस भगवान पर छोड़ देता हूँ बस इलाज जितना बेहतर हो सके करता हूँ। यहां पर एक बात और भी बता दें कि डॉ. बीपी त्यागी के द्वारा हर माह एक निशुल्क कैंप का आयोजन किया जाता है जिसमें अवेकनिंग इंडिया का सहयोग रहता है जिसके चलते राह और भी आसान हो जाती है, और इसी के साथ हर वर्ष अस्पताल के स्थापना दिवस पर डॉ. बीपी त्यागी के द्वारा एक सप्ताह निशुल्क मरीजों का इलाज किया जाता है जिसमें सौ से लेकर दो सौ मरीजों का इलाज किया जाता है। दूसरी तरफ हमारी सुरक्षा में तैनात हमारे जवानों का इलाज भी निशुल्क करने का काम डॉ. बीपी त्यागी के द्वारा किया जाता है जिसमें उन्होंने अपने अस्पताल परिसर में लिखकर चस्पा किया है कि आप हमारी फीस हमारी सुरक्षा के दौरान बार्डर पर ही दे चुके हैं, जरा सोचकर देखिए क्या इस जज्बे को सलाम नहीं करना चाहिए जो हम सबके लिए समर्पित हो। डॉ बीपी त्यागी का यह जज्बा बेहद सराहनीय है।

## स्कूली बच्चों को रेबीज से कैसे बचा जाए इसकी जानकारी देते डॉक्टर बीपी त्यागी

गाजियाबाद,प्रातः किरण




जब बात स्वास्थ्य से जुड़ी हो तो हमें आम लोगों से लेकर स्कूली बच्चों में जागरूकता पैदा करने के उपाय अवश्य बताना चाहिए। इसी क्रम में रेबीज से कैसे बचें इस पर गाजियाबाद के जाने माने नाक, कान और गले के वरिष्ठ डॉक्टर और अवेकनिंग इंडिया के डायरेक्टर डॉक्टर बी.पी.एस त्यागी ने यह जानकारी आज एम.पी. एस. पब्लिक स्कूल संजय नगर में बच्चों को गाजियाबाद रेबीज मुक्त अभियान के अंतर्गत दी। उन्होंने बच्चों और स्कूल की अध्यापिकाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि अवेकनिंग इंडिया और एस.बी.एन. स्कूल के सहयोग से गाजियाबाद के स्कूल में बच्चों को रैबीज मुक्त रहने की जानकारी लगातार दी जा रही है और अब तक लगभग 700 स्कूली बच्चों तक यह जानकारी पहुंच चुकी है रेबीज के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि यह एक जानलेवा बीमारी है जोकि कुत्ता, बिल्ली, बन्दर, गिलहरी, चूहा इत्यादि के काटने से फैलती है और इसका उपचार तुरंत ना किया जाए तो इसमें पीड़ित को जान से हाथ धोना पड़ जाता है। उन्होंने रेबीज के टीकाकरण को विस्तार से बताया कि किस तरह टीकाकरण करना चाहिए और यदि जानवर का दांत गढ़ जाता है तो उसी जगह सीरम लगाना अति आवश्यक होता है और पालतू जानवरों को कैसे टीकाकरण करएं इसकी भी जानकारी दी इसके अलावा उन्होंने ई.एन.टी. से जुडी बीमारियों के बारे में भी बच्चों को जानकारी दी सभी बच्चों और अध्यापिकाओं ने बड़े ही ध्यानपूर्वक सभी जानकारियों को सुना और समझा और भविष्य में इसको आगे और लोगों तक पहुंचने की शपथ भी ली।

## एम्स के मेडिकल छात्रों ने प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया

नई दिल्ली। एम्स के मेडिकल छात्र इन दिनों प्रशासन के खिलाफ धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। छात्र ऑप्टोमेट्री कॉलेज, पढ़ाई और सुरक्षा तथा छात्रावास की किल्लत दूर करने जैसी कई मांगें कर रहे हैं। इन छात्रों का कहना है कि वे 20 दिन से धरने पर बैठे हैं मगर उनकी कोई नहीं सुन रहा। एम्स के बैचलर ऑफ ऑप्टोमेट्री छात्र नसीर हसन का कहना है कि हमारा विरोध एम्स प्रशासन के खिलाफ है। हमारी प्राथमिक मांग हमारी शिक्षा है। एम्स हमें शिक्षा देने में असमर्थ है। वे ऑप्टोमेट्री कॉलेज नहीं बना रहे हैं। जो पाठ्यक्रम है वह स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा लागू किया गया है मगर एम्स द्वारा लागू नहीं किया गया। हमें पढ़ाने के लिए ट्यूटर नियुक्त नहीं किए गए हैं। छात्र विभिन्न राज्यों से यहां आते हैं लेकिन उन्हें छात्रावास की सुविधा प्रदान नहीं की जाती है और महिला सुरक्षा भी है एक मुद्दा।

# नमो चित्र प्रदर्शनी का मंत्री असीम अरुण ने फीता काटकर किया उद्घाटन

गाजियाबाद, प्रातः किरण



भारतीय जनता पार्टी महानगर गाजियाबाद द्वारा सेवा पखवाड़ा के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संकल्पना थीम पर आधारित एक भव्य चित्र प्रदर्शनी का आयोजन नंदग्राम के मदर इंडिया पब्लिक स्कूल में मानव अध्यक्ष संजीव शर्मा की अध्यक्षता में प्रदर्शनी का उद्घाटन फीता काटकर उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण द्वारा किया गया। साथ में अतिथि के रूप में महापौर सुनीता दयाल उपस्थित रहीं।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि मंत्री असीम अरुण ने बताया नमो चित्र प्रदर्शनी का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन के विभिन्न पहलुओं और उनके नेतृत्व में भारत की प्रगति को जनमानस तक पहुंचाना है। यह भी हमारा सेवा पखवाड़ा का प्रमुख कार्य है। प्रदर्शनी में देश के प्रति प्रधानमंत्री मोदी के योगदान और कर्तव्यनिष्ठा की गाथा को चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। जिसे देखने के लिए स्कूली बच्चों से लेकर आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। उन्होंने बताया प्रदर्शनी में नरेंद्र मोदी के जीवन की यात्रा को क्रमिक रूप से दशार्या गया था। उनके बचपन की तस्वीरें जहां वे अपने परिवार और माता से मिले संस्कारों से प्रभावित हुए विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं।देश भक्ति की शक्ति शीर्षक से एक खंड में मोदी के राष्ट्रप्रेम और उनकी प्रारंभिक शिक्षा से जुड़े क्षणों को दिखाया गया जो देश के युवा वर्ग के लिए प्रेरणास्रोत बने। इसी क्रम में किताबों के समंदर के गोताखोर शीर्षक से उनके अध्ययनशील व्यक्तित्व और ज्ञान के प्रति रुचि को रेखांकित किया गया।

फोटो प्रदर्शनी का प्रमुख आकर्षण नरेंद्र मोदी के राजनीतिक जीवन की विभिन्न झलकियों को प्रदर्शित करने वाला खंड था। पावरफुल सीएम शीर्षक से गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल की झलक दिखाई गई जहां उन्होंने विकास के नए मापदंड स्थापित किए। वीआईपी कल्चर को गुडबाय में उनके द्वारा वीआईपी संस्कृति को खत्म करने और आम नागरिकों से सीधे जुड़ने की कोशिशों को रेखांकित किया गया। महापौर सुनीता दयाल ने बताया मोदी 3.0 में प्रधानमंत्री के तीसरे कार्यकाल में किए गए विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यों और नीतियों को प्रदर्शित किया गया जिसने भारत को विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि देने की झलक बाबासाहेब को सच्ची श्रद्धांजलि शीर्षक से प्रदर्शित की गई। इसमें बाबासाहेब की सपने को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कैसे साकार किया इसके बारे में दिखाया गया। आतंकवाद के खिलाफ उनकी सख्त नीतियों और सर्जिकल स्ट्राइक जैसे कड़े फैसलों को आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब शीर्षक के अंतर्गत दिखाया गया। संजीव शर्मा ने कहा प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा देश के विकास के लिए किए गए विभिन्न कार्यों की भी विस्तृत झलक प्रस्तुत की गई है। जल शक्ति से जलक्रांति में जल संरक्षण और जल प्रबंधन की दिशा में किए गए उनके प्रयासों का प्रदर्शन किया गया। एक पेड़ माँ के नाम शीर्षक से प्रदर्शित खंड में मोदी द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए उठाए गए अंतरिक्ष शक्ति शीर्षक से प्रदर्शित खंड में भारत की अंतरिक्ष उपलब्धियों की झलक प्रस्तुत की गई जिसमें प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में चंद्रयान-3 से लेकर सूर्य मिशन की सफलता के बारे में बताया गया। इस प्रदर्शनी को देखने के लिए जिले के स्कूली बच्चे, शिक्षक, और आम नागरिक शामिल हुए। हर वर्ग ने मोदी जी के जीवन और उनके नेतृत्व में भारत के विकास के सफर को नजदीक से देखा और सराहा। स्कूली बच्चों के लिए यह प्रदर्शनी विशेष रूप से प्रेरणादायक रही चूंकि मोदी जी के संघर्ष, साहस, और कर्तव्यनिष्ठा को नजदीक से देखा और समझा। प्रदर्शनी में मंत्री असीम अरुण के साथ महापौर सुनीता दयाल, भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, पूर्व अध्यक्ष अरविन्द भारतीय, कार्यक्रम आयोजक पायलट राकेश त्यागी, संयोजक व महामंत्री सुशील गौतम, महामंत्री राजेश त्यागी,मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, उपाध्यक्ष बॉबी त्यागी, कुलदीप त्यागी पार्षद वीरेंद्र त्यागी, पंकज भारद्वाज, बिरजू पण्डित, मंडल अध्यक्ष पंकज राय आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अर्चित त्यागी ने किया।

## संक्षिप्त खबरें

### आर्म्स एक्ट में फरार अभियुक्त हुआ गिरफ्तार

जमुई झाझा आर्म्स एक्ट के पुराने मामलें में फरार चल रहे एक अभियुक्त को झाझा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान मोहनपुर थानाक्षेत्र के हदहदिया गांव के रहने वाले महेश साह के रूप में हुई है। बताया जाता है कि झाझा पुलिस को गुप्त सूचना मिला कि नामजद अभियुक्त झाझा-मोहपुर थानाक्षेत्र के सीमा पर देखा गया है जिसके बाद थानाध्यक्ष संजय सिंह दलबल के साथ उक्त स्थल पर पहुंचकर फरार अभियुक्त को गिरफ्तार किया। कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में जमुई भेज दिया गया।

### बालू लदा ट्रैक्टर हुआ जब्त

जमुई [ झाझा ] अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरूद्ध पुलिस की निरंतर कि जा रही कार्रवाई के तहत पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बालू लदा एक ट्रैक्टर को जब्त करते हुए चालक एवं वाहन मालिक के खिलाफ कार्रवाई करने में जुट चुकी है। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि शैर गांव के पास अवैध तरीके से बालू की तस्करी कि जा रही है जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो चालक पुलिस को देखकर वाहन छोड़कर फरार हो गया जिसके बाद पुलिस ने बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया।

### डीएम ने बाढ़ से प्रभावित लोगों के बीच पोलिथिंग सीट का वितरण किया

मुंगेर। जिले में उत्पन्न बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह स्वयं क्षेत्रों का भ्रमण भी कर रहे हैं और सभी पदाधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने तथा बाढ़ प्रभावित सभी क्षेत्रों में नजर रखने का निर्देश दिए हैं। शुक्रवार के दिन उन्होंने उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह के साथ सदर अंचल के क्षेत्रों का भ्रमण किया। शनिवार को भी जिलाधिकारी सदर अंचल के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जा कर लोगों की समस्याओं से जहां रूबरू हुए वहीं पीड़ित परिवारों को पॉलिथीन सीट और आवश्यक खाद्य सामग्री भी वितरित किया। उन्होंने कहा कि बाढ़ से निपटने के लिए सभी अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया गया है। साथ ही एसडीआरएफ की टीम भी लगातार पीड़ित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में जुटी हुई है।

### बाढ़ की स्थिति पर डीएम रख रहें हैं नजर

मुंगेर। जिले में उत्पन्न बाढ़ की विभीषिका से निपटने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह जुट गई है। जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह द्वारा स्वयं ही बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। साथ ही बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के सभी संबंधित पदाधिकारी भी राहत एवं बचाव कार्य में पूरी तत्परता के साथ कार्य कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि बाढ़ के दृष्टिगत जिन इलाकों में बाढ़ का पानी घरों में घुस गया है वहां एसडीआरएफ की टीम द्वारा नावों के जरिए लोगों को सुरक्षित स्थानों अथवा राहत शिविरों में भेजा जा रहा है। इसके अलावा विभिन्न स्थानों पर सिविल सर्जन स्वयं अपनी निगरानी में कैंप कर के चिकत्सा सेवा उपलब्ध करा रहे हैं। पशुपालन पदाधिकारी द्वारा भी विभिन्न स्थानों पर जा कर पशु पालकों को सुखा चारा उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अलावा खड़गपुर और बरियारपुर अंचल के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में भी सभी वरीय अधिकारियों द्वारा भ्रमण कर लाभुकों को सुखा अनाज और प्लास्टिक का भी वितरण किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि गंगा के जल स्तर में वृद्धि हुई है लेकिन कल के मुकाबले आज गंगा के जल स्तर में कम वृद्धि देखी गई है। अनुमान है कि कल से गंगा के जल स्तर में स्थिरता आए। हालांकि जिला प्रशासन पूरी तरह बाढ़ से निपटने को तैयार है।

# चाय उद्योग का भारतीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान: प्रो.पासवान

## *विश्व में जल के बाद सबसे अधिक पिया जाने वाला पेय पदार्थ चाय है

प्रात : किरण, संवाददाता



जमुईःराष्ट्रीय चाय दिवस के अवसर पर मानव जीवन में चाय का महत्व और विकास में योगदान से विषय पर नगर परिषद स्थित सिरचंद्र नवादा मे मुख्य अतिथि के बतौर एक परिचर्चा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केकेएम कॉलेज के स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. गौरी शंकर पासवान ने कहा कि भारत में चाय उद्योग का आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। अपना देश भारत चाय उत्पादन के मामले में विश्व में चीन के बाद दूसरे स्थान पर है। संसार का सबसे अधिक पिया जाने वाला दूसरा पेय पदार्थ यदि कोई है तो वह चाय ही है। चाय उद्योग लाखों लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्रदान करती है। यह विदेशी मुद्रा अर्जुन का एक बेहतर साधन भी है। उन्होने कहा कि चीन के सुचाउ विश्वविद्यालय ने एक शोध में बताया है कि तीन बार चाय की चुस्की व्यक्ति को रिचार्ज कर देती है। प्रतिदिन 3 कप चाय-कॉफी पीने वालों में ह्रदय रोग का खतरा 50% कम हो जाता है। चाय के प्रति भारतीयों की दीवानगी इतनी बढ़ गई है कि चाय के बिना चैन नहीं पड़ता। किसी कार्य में मन ही नहीं लगता है। सुबह शाम चाय पीना हमारी संस्कृति का एक हिस्सा बन चुका है।

प्रो.पासवान ने कहा कि भारत के सात चाय वाले जीरो से हीरो बनने की कहनी लिखी है।अर्थात काफी प्रसिद्धि प्राप्त कर चुके हैं। जैसे एमबीए चायवाला प्रफुल बिलोरे इंदौर, रैपर चायवाला दिल्ली, ग्रेजुएट चाय वाला बिहार, बीटेक चायवाला उड़ीसा, ऑडी चाय वाला गुरुग्राम हरियाणा, डोली चाय वाला बिहार, आदि। इतना ही नहीं हमारे देश में एक चाय वाला भारत का प्रधानमंत्री हैं और वे शक्स हैं माननीय श्री नरेंद्र मोदी। कहते हैं कि बड़नगर गुजरात का मोदी चाय वाला अपने पिता के साथ बड़नगर रेलवे स्टेशन पर चाय बेचते थे। बाद में उन्होंने खुद चाय की दुकान चलाई। चाय वालों की कहानियां प्रेरणा दायक है जो बताती है कि किसी भी छोटे काम से बड़ा बिजनेस खड़ा किया जा सकता है और बड़ा आदमी बना जा सकता है।

चाय प्रोपराइटर निक्कू कुमार केशरी ने कहा कि भारत में 21 सितंबर को हर वर्ष राष्ट्रीय चाय दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य चाय के सांस्कृतिक और आर्थिक महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना और उत्पादन में वृद्धि करना है। चाय का शुद्ध हिंदी नाम जल मिश्रित शर्करा युक्त पर्वतीय बूटी या उष्डोदक है। चाय की खेती सबसे पहले असम में ब्रिटिश शासन के द्वारा 1823 में ही अंग्रेजों के द्वारा किया गया था। विश्व में चाय का जनक होने का श्रेय चीन को है। कहते हैं कि 2700 ईसा पूर्व एक चीनी शासक शेननुंग बगीचे में बैठकर पानी गर्म कर रहे थे कि पेड़ का एक पत्ता गर्म पानी में गिर गया। पानी का रंग लाल हो गया और उससे सुगंध आने लगी। उस गर्म पानी को पिया। इस तरह चाय का आविष्कार हुआ।

चाय प्रोपराइटर रंजित कुमार ने कहा कि चाय सुस्ती को दूर करने वाला, तन में चुस्ती लाने वाला और शरीर में ताजगी लाने वाला एक पेय पदार्थ है। चाय-कॉफी शरीर में सुकून की लहर उत्पन्न करती है। कहते हैं कि चाय के बिना दिन अधूरा है और चाय के साथ जीवन में खुशियों का एहसास पूरा है। चाय के महत्व पर किसी ने कहा है कि तपती दुपहरी हो या सर्दियों की शाम। चाय की एक घुट से दिल को मिले आराम।

# खेती-बाड़ी-जागरूकता कार्यक्रम के बावजूद मोटे अनाज की खेती के लिए किसान नहीं हो रहे हैं जागरूक

## 25 प्रतिशत हिस्से में होती थी मोटे अनाज की खेती, मिट्टी को भी मिलती थी उर्वरा शक्ति

प्रात : किरण, संवाददाता



गिद्धौर। प्रखंड में मोटे अनाज की खेती में लगातार कमी आ रही है। जबकि इस इलाके में मोटे अनाज की खेती बड़े पैमाने पर की जाती थी। खासकर भदई फसलों के रूप में मोटे अनाज की खेती प्रमुखता से की जाती थी। जिसमें मक्का, मड़वा, मडुआ, ज्वार की प्रमुखता रहती थी। इसके अतिरिक्त शनाई और तिसी की खेती की जाती थी। इन फसलों की कटनी भादो महीने में होती थी। इसके बाद कुछ किसान धान की बुआई भी कर देते थे। नहीं तो इसमें सरसों और दलहनी पौधे उगाए जाते थे। इससे किसानों को अच्छी आमदनी हो जाती थी। सभी गांव में इसकी खेती कम से कम 25 प्रतिशत भाग में की जाती थी।

मोटे अनाज की खेती जरुरी

कृषि के जानकार अरविन्द कुमार सिंह ने बताया कि मोटे अनाज की खेती भूमि के लिए आवश्यक है। हर माह किसानों का चयन कर उन्हें मिलेट्स की खेती की भूमिका बताते हुए जागरूकता अभियान चलाते हैं। उन्होंने कहा कि (ज्वार, बाजरा व रागी) गुणों का जिक्र करते हुए श्रीअन्न कहा है। कम पोषक तत्व वाले मिट्टी में मोटे अनाज की खेती को हर तरह से लाभकारी साबित होते हैं। किसानों को चाहिए कि वो ज्यादा से ज्यादा मात्रा में मोटे अनाज उगाएं।

पहले मोटे अनाज की कीमत थी कम

प्रखंड के पूर्वी भाग के गांव में बड़े पैमाने पर मोटे अनाज की खेती की जाती थी। लेकिन अब बहुत कम क्षेत्र में मोटे अनाज की खेती हो रही है। सेवा गांव के किसान तुलसी यादव ने बताया कि पहले इस क्षेत्र में मोटे अनाज मड़वा और मकई की खेती बड़े पैमाने पर होती थी। लेकिन अब नलकूप के साधन होने से सिंचाई की सुविधा मिल गई है। इससे धान का रकबा बढ़ गया है। पहले मोटे अनाज की कीमत कम मिलती थी। लेकिन अब मोटे अनाज की कीमत बढ़ गई है। भौराटांड़ गांव के किसान अर्जुन यादव ने बताया कि अब मडुआ की खेती लगभग गायब हो गई है। हालांकि इसकी खेती में लागत कम आती थी और उपज भी अच्छा होता था, जिससे किसान को अच्छी आमदनी होती थी।

सुपर फूड की कैटेगरी में शामिल

मोटे अनाज को खाने में शामिल कर बहुत सारे बीमारियों से बचा जा सकता है। ज्वार, बाजरा, कोदो व रागी (मडुआ) आदि ऐसे मोटे अनाज है। इसमें कैल्शियम, आयरन, जिंक, रेशा, फास्फोरस, पोटाश, मैग्नीशियम अनेक महत्वपूर्ण पोषक तत्व पाए जाते हैं। मोटे रवाद्यान्न से अधिक पोषक तत्व किसी भी फसल में नहीं पाए जाते हैं। इसके नियमित सेवन से मनुष्य स्वस्थ्य एवं तंदुरुस्त रहेंगे। इन सभी गुणों के कारण देश से लेकर विश्व स्तर पर मोटे अनाज को पौष्टिक खाधान्न के रूप में लोग शामिल कर रहे हैं। इसे देखते हुए मिलेट्स यानी मोटे अनाज को सुपर फूड की कैटेगरी लेकर खड़ा करता है।

# डायट सेंटर में जिलास्तरीय रोल प्ले एवं लोक नृत्य प्रतियोगिता में बालिका उच्च विद्यालय झाझा के छात्रों को मिला प्रथम पुरस्कार

## द्वितीय पुरस्कार उत्क्रमित उच्च विद्यालय शिवमंदिर झाझा को मिला

● प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राएं को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में लेगें भाग

प्रात : किरण, संवाददाता




गिद्धौर। राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद के निर्देश पर गिद्धौर स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में जिलास्तरीय रोल प्ले एवं लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाराजा चंद्रचूड़ विद्या मंदिर गिद्धौर, प्लस टू उत्क्रमित हाई स्कूल शिवमंदिर बलियाडीह, बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय, झाझा, प्लस टू हाई स्कूल चांय, महात्मा गांधी हाई स्कूल झाझा, प्लस टू कुमार हरिशंकर उच्च विद्यालय केशोपुर, प्लस टू उत्क्रमित उच्च विद्यालय सबलबीघा सिकंदरा, प्लस टू उत्क्रमित उच्च विद्यालय, सिमरिया सिकंदरा एवं प्लस टू कृत्यानंद उत्क्रमित उच्च विद्यालय, मलयपुर के छात्रझ छात्राओं ने भाग लिया।कार्यक्रम की शुरूआत डायट प्राचार्य डॉ.नवेद हसन खान वरिय व्याख्याता सचिन कुमार भारती ने इसकी शुरूआत की। चयनित प्रतिभागियों द्वारा एक से बढ़कर लोक नृत्य एवं गीत संगीत प्रस्तुत किए गए। साथ ही दहेज प्रथा, नशा मुक्ति, जल जीवन हरियाली पर भी चर्चा की गई। प्रभारी प्रचार्य डॉ नावेद खान मुख्य संयोजक सचिन कुमार भारती, रश्मि कुमारी, श्वेता कुमारी, वंदना कुमारी, डॉ रविंद्र कुमार डाइट जमुई के सभी व्याख्याता मौके पर मौजूद थे। रोल प्ले तथा लोक नृत्य प्रतियोगिता में जमुई जिला के 10 विद्यालय तथा 100 बच्चों ने भाग लिया सभी बच्चों को प्रमाण पत्र एवं मेडल दिया गया। प्रथम पुरस्कार बालिका उच्च विद्यालय झाझा, द्वितीय पुरस्कार उत्क्रमित उच्च विद्यालय शिव मंदिर बलियाडीह, तृतीय पुरस्कार उत्क्रमित उच्च विद्यालय चांय के छात्रों को प्रदान किया गया। चयनित प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। मौके पर बड़ी संख्या में डायट सेंटर के व्याख्याता वंदना कुमारी, श्वेता कुमारी, डॉ.सुधीर कुमार, रश्मि कुमारी सहित शिक्षकगण एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

### पूर्व प्रत्याशी ने किया विभिन्न गांवों का दौरा



प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। राष्ट्रीय जनता दल के जिला उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को तारापुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अरुण साह के द्वारा संग्रामपुर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव का दौरा किया गया जहाँ लोगों से जनसंपर्क कर जन समस्या से रूबरू हुए। क्षेत्र भ्रमण के क्रम में लोगों के द्वारा उन्हें भरपूर सहयोग और समर्थन मिला इस दौरान उन्होंने कहा कि जिस प्रकार आप सबों का समय और प्यार विधानसभा के उपचुनाव में मिला उसके लिए मैं क्षेत्र के जनता का आभारी हूं आपने तो हमें अपना मत देखकर विजय बना ही दिया था जिस प्रकार से आपका सहयोग और समर्थन मिला मुझे उम्मीद है कि आने वाले समय में आप सभी का सहयोग और समर्थ मुझे पुनः मिलेगा लोगों ने भी उन्हें पुनः मैदान में उतरने को कहा। क्षेत्र भ्रमण के क्रम में मौके पर राजद के विनय कुमार सिंह, कंचन रजक, पप्पू यादव, सचिन कुमार, भीम यादव, सोनू यादव सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# सड़क निर्माण अपराध और बिजली के सवाल पर सर्वदलीय संघर्ष समिति आंदोलन के लिए है तैयार

● शनिवार को एसपी से मिले सर्वदलीय नेता सोमवार को आयुक्त से मिल करेंगे आंदोलन की घोषणा

प्रात : किरण संवाददाता



मुंगेर। जिला मुख्यालय के सड़क की भयावह दुर्दशा जानलेवा स्थिति, क्षेत्र में बढ़ते अपराध, विद्युत की अनियमित आपूर्ति को लेकर संघर्ष समिति पुरी तरह आंदोलन के मूड में है जिसे लेकर सोमवार को संघर्ष समिति के संयोजक से सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव जाप के प्रदेश महासचिव फैसल अहमद रूमी सीपीआई नेता दिलीप कुमार एनसीपी के जिला अध्यक्ष जाबिर हुसैन राजद के वरिष्ठ नेता आदर्श कुमार राजा बसपा के जिला प्रभारी कृष्णानंद राउत कांग्रेस के नगर अध्यक्ष अजीत मालाकार मनोज क्रांति एसपी से मिले एवं बिगड़ी विधि व्यवस्था पर अभिलंब अंकुश लगाने की बात कही एसपी को सौंपे ज्ञापन में सर्वदलीय नेताओं ने अपराध पर रोक लगाने, जमीनी विवाद के मामले को तत्परता से निपटने थाना को दलालों से मुक्त करने एवं परवान चढ़े शराब एवं स्मैक के धंधे पर लगाम लगाने की मांग की जिस पर पुलिस अधीक्षक ने सर्वदलिए नेताओं को इस मामले पर अविलंब संज्ञान लेने का आश्वासन दिया। वहीं मोर्चा के संयोजक ने कहा कि सर्वदलिए संघर्ष समिति के द्वारा सड़क निर्माण के ज्वलंत सवाल बढ़ते अपराध आदि को लेकर प्रमंडलीय आयुक्त एवं एसपी से मिलने का पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत एसपी से मिला लेकिन प्रमंडलीय प्रमंडल के अधिकारियों के साथ चल रहे बैठक के कारण आयुक्त कार्यालय से सोमवार को मिलने की तिथि तय हुई है सर्वदलीय नेता सड़क निर्माण को लेकर प्रमंडलीय आयुक्त से मिलने व संतोषजनक वार्ता नहीं होने पर 48 घंटे के अंदर आंदोलन के लिए सड़क पर उतरने की बात कही।

# जनरल स्टोर थोक विक्रेता के दुकान में लगी आग

## साढ़े 9 लाख रुपए का सामान जलकर हुआ राख

● दुकान में आग लगाने के शक में एक को पकड़कर पीटा



गिद्धौर। थाना क्षेत्र के गिद्धौर बाजार मछली पट्टी अवस्थित रंजन जनरल स्टोर थोक विक्रेता की दुकान में आग लग गई। इस अगलगी की घटना में थोक विक्रेता की दुकान में रखा नगदी कीमती सामान सोफा सहित साढ़े 9 लाख रूपए का सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित व्यवसायी गिद्धौर निवासी नंदकिशोर रावत का पुत्र रंजन कुमार के रूप में की गई है। बताया जाता है कि रंजन जनरल स्टोर थोक विक्रेता है।जिसके दुकान आग लगी है, वही आग लगाने के शक में एक युवक को स्थानीय लोगों ने पकड़कर उसकी पीटाई कर दी।

चोरी की कोशिश में आग लगाने का शक पीड़ित रंजन कुमार ने बताया कि उसके दुकान में आग लगाने से पहले उसके पास के मुन्ना साह गैंस दुकान से सिलेडर की चोरी की गई थी। वही उसी चोरो द्वारा उसके दुकान में भी चोरी की कोशिश कि गई। वही घटना को अंजाम नहीं दे पाने पर चोरों द्वारा दुकान में आग लगाई गई है। वही घटना के बाद पास में लगे सीसीटीवी के आधार पर गिद्धौर के ही गोपी भुईया को स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया। जब उससे पूछताछ की तो उसने सिलेडर चोरी करने की बात स्वीकार किया है। साथ ही बताया कि इस घटना में उसका दोस्त सुरज भुईया व विक्की भुईया दादपुर निवासी है। वही घटना के बाद स्थानीय लोगों ने गोपी भुईया को पकड़ उसकी पिटाई कर दिया। हालाकि बाद में उसे पुलिस के हवाले कर दिया।

इधर मामले की जानकारी के बाद गिद्धौर थाने की पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है। पीड़ित रंजन कुमार ने बताया कि इस अगलगी की घटना में नगदी सहित साढ़े 9 लाख रुपए का सामान जलकर राख हो गया। वही गिद्धौर थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि एक दुकान में आग लगने की जानकारी मिली है। पुलिस दुकानदार के द्वारा आवेदन दिया गया है पूरे मामले की जांच की जा रही है।

# खाली पड़ी कुर्सी उपप्रमुख की हुआ चुनाव में सुनीता देवी ने र्निविरोध दर्ज कि जीत



प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई। झाझा शनिवार को झाझा प्रखंड कार्यालय में बीते 22 फरवरी से उपप्रमुख की खाली पड़ी कुर्सी को लेकर उपप्रमुख पद के लिए चुनाव करवाया। चुनाव निष्पक्ष तरीके से हो इसको लेकर एसडीओ अभय कुमार तिवारी भी मौजूद रहे। उपप्रमुख के चुनाव को लेकर सुबह से पंचायत समिति सदस्यों में एक अलग उत्साह दिख रहा था। कार्यालय के सभागार में एसडीओ की उपस्थिति में प्रारंभ हुए चुनाव में एकमात्र उम्मीदवार पंसस सुनीता देवी ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था। चुनाव में अन्य उम्मीदवार के नामांकन पत्र दाखिल नही किए जाने के एवज में सुनीता देवी को र्निविरोध उपप्रमुख घोषित किया। चुनाव को लेकर मौजूद 26 पंसस सदस्य में चिंता देवी, वंदना कुमारी और पूर्व के उपप्रमुख सदाम अंसारी अनुपस्थित रहे। र्निविरोध चुनाव जीतने के बाद एसडीओं के द्वारा मनोनित उपप्रमुख को प्रमाण पत्र दिया। इधर सुनीता देवी की इस जीत पर नप के प्रमुख बदमियां देवी मुख्य पार्षद संजय यादव, उपमुख्य पार्षद विपीन कुमार, समाजसेवी राजीव कुमार उर्फ गुडडु यादव, वार्ड सदस्य विकास शर्मा, विपुल झा, पूर्व जिप सदस्य पवन राम, मनोनित उपप्रमुख पति रवि यादव, चंद्रदेव यादव, आदि ने उपप्रमुख को बधाई दिया। उपप्रमुख ने कहा कि पंचायत में विकास कार्यो को पूरा करवाने में प्रमुख के साथ हमेशा खड़ी रहूंगी। बताते चले कि बीते 22 फरवरी को पूर्व के उपप्रमुख सदाम अंसारी के खिलाफ 22 पंसस ने अविश्वास प्रस्ताव लाया था।

# खराब ट्रांसफार्मर को ठीक कराने बुलाई गई पंचायत के दौरान एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या



सोनो जमुई संवाददाता

जमुई जिले के सोनो थाना क्षेत्र अंतर्गत केवाली गांव में बंद मोटर को चालू करने एवं खराब पड़े ट्रांसफार्मर को ठीक करने को लेकर दो पक्षों के बीच किए जा रहे पंचायत के दौरान झगड़ा होने के बाद एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई है । मृतक की पहचान केबाली गाँव निवासी सकलदेव सिंह का 45 वर्षिय पुत्र गुड्डू सिंह के रूप में की गई है । ग्रामीणों के सहयोग से एवं परिजनों के द्वारा घायल व्यक्ति को इलाज के लिए सदर अस्पताल जमुई ले जाया गया , जहां पर इमरजेंसी रुम में भर्ती गुडडु सिंह का इलाज करने पहुंचे डाक्टर घनश्याम प्रसाद ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने गोली मारने का आरोप गांव के ही जोगी सिंह का पुत्र गुलशन कुमार और सोनू कुमार पर लगाया गया है । घटना की सुचना पाकर मौके पर पहुंची सोनो पुलिस ने मामले की जांच पडताल में जुट गई है । सुत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मामला ट्रांसफार्मर को ठीक कराने को लेकर हुई विवाद के बाद इस घटना को अंजाम दिया गया है। बताया गया है कि पिछले कई दिनों पुर्व से विधुत ट्रांसफार्मर खराब था। जिस कारण गुडडु सिंह का मोटर बंद पड़ा था । खराब ट्रांसफार्मर को ठीक कराने के लिए पंचायत बुलाई गई थी , इसी दौरान गुलशन कुमार ने गुड्डू सिंह को छाती में गोली मार दी । इस मामले में झाझा एसडीपीओ राजेश कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है तथा मामले की जांच की जा रही है । जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा ।

# तकनीकी पदाधिकारी के मासिक समीक्षा बैठक जिला पदाधिकारी ने की

## तकनीकी विभागों में संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन पर डीएम ने किया चर्चा

प्रात : किरण, संवाददाता



मुंगेर। सभी विभागों के तकनीकी पदाधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक शनिवार को समाहरणालय में जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।इस में विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा कि गई गई। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह सहित विभिन्न विभागों के तकनीकी पदाधिकारी उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने आरडब्ल्यू डी की समीक्षा करते हुए कहा कि मुख्य मंत्री ग्रामीण योजना से जुड़ी जितनी भी जर्जर सड़क हैं उन सबों को स-समय पूर्ण कर लें। आरडीडब्ल्यूडी के तकनीकी पदाधिकारी ने बताया कि 19 योजना प्रगति पर है, जबकि 41 सड़क निर्माण कार्य निविदा की प्रक्रिया में है। जिलाधिकारी ने आरडब्ल्यू डी द्वारा बने सड़कों की गुणवत्ता की जांच का निर्देश उप विकास आयुक्त को दिया है। भवन प्रमंडल की समीक्षा में बताया गया कि एसडीआरएफ भवन का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है, निर्माण कार्य पूरा होते ही उसे हैंड ओवर कर दिया जाएगा। वहीं बेलन बाजार में पदाधिकारियों के लिए बन रहे क्वाटर का कार्य भी जारी है, जब की 14 योजना का कार्य निविदा प्रक्रिया में है। हवेली खड़गपुर में प्रखंड सूचना केंद्र का निर्माण कार्य भी जारी है। जिलाधिकारी ने कहा जो भी भवन निर्माण का कार्य चल रहा है उसे निर्धारित समय टीके पूर्ण करें और निर्माण कार्य में पूरी गुणवत्ता का ध्यान रखें।

भवन निर्माण निगम की समीक्षा में तकनीकी पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि पशु चिकित्सालय के निर्माण कार्य की निविदा प्रक्रिया में है, जबकि धरहरा में बन रहे स्टेडियम का निर्माण कार्य भी जारी है। जिलाधिकारी ने निर्धारित समय तक पूरी गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखें। कभी भी किसी भी निमार्णाधीन भवन का निरीक्षण अथवा जांच किया जाएगा। यदि किसी कार्य में स्थानीय लोगों द्वारा रुकावट या व्यवधान उत्पन्न किया जाता है तो उन्हें समझाएं और उसके बाद भी कार्य अवरुद्ध किया जाए तो उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश दिया। मेडिकल कॉलेज निर्माण कार्य एजेंसी के तकनीकी पदाधिकारी को भी निर्बाध गति से कार्य करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जमीन जमाबंदी की कोई समस्या हो तो तुरत उसकी जानकारी दें, ताकि समय रहते उसका समाधान किया जा सकेगा। सिंचाई प्रमंडल की समीक्षा में जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को कारी घाटी परियोजना कार्य को भी स-समय पूर्ण करने का निर्देश दिया। लघु सिंचाई के तहत साथ निश्चय पार्ट 2 में लक्ष्य के अनुरूप कार्य नहीं होने पर जिलाधिकारी ने असंतोष व्यक्त करते हुए कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। राजकीय नलकूप योजना के तहत संचालित खराब पड़े नलकूपों की सूची उपलब्ध कराते हुए उसे शीघ्र शुरू करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी द्वारा इसके अलावा अन्य तकनीकी विभाग के कार्यों की भी समीक्षा की गई।

### ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं के बीच चलाया गया सदस्यता अभियान

जमुई[झाझा]भाजपा की ओर से चलाए जा रहे सदस्यता ग्रहण अभियान को लेकर भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष कंचन देवी की अगुवाई में चांय महापुर सहित अन्य कई जगहों पर शनिवार को सदस्यता अभियान चलाया गया। इस दौरान क्षेत्र की महिलाओं के बीच जिलाध्यक्ष पहुंचकर उन्हे देश के पीएम नरेंद्र मोदी के द्वारा देश में किए जा रहे विकास कार्यो को लेकर पूर्ण जानकारी दिया और उनके बीच सदस्यता अभियान चलाते हुए महिलाओं को पार्टी से जोड़ने का काम पूरा किया। जिलाध्यक्ष ने ग्रामीण महिलाओं के बीच में पहुंचकर लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि देश का यह पहला पीएम है जिन्होने गरीब तबके के लिए कई तरह की योजनाओं को लागू किया जिसमें पीएम विश्वकर्मा योजना भी शामिल है। इसके अलावे पीएम आवास योजना का लाभ भी गांव गांव में लोगों के बीच पहुंचा है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पीएम ने देश के अंदर गांव की हालात को बेहतर बनाने का जो संकल्प लिया है उस दिशा में सकरात्मक कार्य भी किया जा रहा है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि अभियान में 100 से भी अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने का काम किया गया।

# बच्चों का मनोबल बढ़ाने के लिए विद्यालय प्रधान ने किताब और कॉपी का किट वितरण किया

प्रात : किरण, संवाददाता



टेटिया बम्बर (मुंगेर)। टेटिया बम्बर के जगन्नाथ हाई स्कूल में सरकार के द्वारा उपलब्ध कराए गए किताब और कोपी के किट को प्रभारी प्रधानाध्यापक वीरेंद्र कुमार के द्वारा वितरण किया गया। 10वीं 11वीं और 12वीं के छात्र-छात्राओं के बीच वितरण किया गया इस दौरान संस्थान के सभी शिक्षक मौजूद रहे। इरशाद आलम पंकज , मनोरमा कुमारी व संस्थान के के सभी शिक्षक गण और टेटिया पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार सिंह उर्फ टुको सिंह सहित अन्य कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस मौके सरपंच प्रतिनिधि ने कहा कि नीतीश कुमार बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए यह बहुत ही सुनहरा काम किए हैं। इससे बच्चों का मनोबल शिक्षा के क्षेत्र में और भी बढ़ेगो

### अलग-अलग मामले के तीन नामजद गिरफ्तार भेजा गया जेल

प्रात : किरण, संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। संग्रामपुर थाना पुलिस ने पूर्व के शराब मामलें में फरार चल रहें दो वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। गिरफ्तारी की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष रुबिकांत कच्छप ने बताया कि बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के नामजद आरोपी थाना क्षेत्र भीखाडीह गांव निवासी सुदीन राम और शंकर राम को गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। वही न्यायालय से निर्गत कुर्की जब्ती वारंटी कुमरसार गांव के दिवाकर यादव को भी गिरफ्तार कर शुक्रवार की सुबह न्यायिक हिरासत में मुंगेर भेज दिया गया।

### आनन-फानन में लाए गए भूमि सर्वे का साइड इफेक्ट है नवादा अग्निकांड - केशरी

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर । नीतीश सरकार द्वारा आनन-फानन में लाए गए भूमि सर्वे का ही साइड इफेक्ट है कि नवादा में सरकारी जमीन हड़पने की मंशा से वर्षो से रह रहे महादलित समाज के सौ से अधिक मकानों को आग के हवाले कर दिया गया। उपर्युक्त बातें एनसीपी शरदचंद्र पवार के प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता संजय केशरी ने आक्रोशित शब्दों में कहा। उन्होंने कहा कि अविवेकपूर्ण भूमि सर्वे तत्काल बंद करते हुए नीतीश सरकार पहले जमीन से संबंधित सरकारी दस्तावेज दुरुस्त करें अन्यथा नवादा जैसी अनेकों घटनाएं घटित होंगी जिन्हें नीतीश सरकार चाह कर भी नहीं रोक पायेगी। श्री केशरी ने कहा कि नीतीश सरकार पहले सभी अंचलों में कैंप लगाकर जमीन मालिकों की समस्याओं का निराकरण करते हुए भूमि सर्वे के प्रति जागरूकता अभियान चलाये। साथ ही साथ अंचलों में बैठे दलालों एवं भ्रष्ट कर्मचारियों पर नकेल कसे उसके बाद ही भूमि सर्वे का काम शुरू कराए। नहीं तो पूरे बिहार में अराजकता और भ्रष्टाचार का साम्राज्य स्थापित हो जाएगा जिसे एनसीपी शरदचंद्र पवार कभी भी बर्दाश्त नहीं करेगी।



# जल्द सैफ के साथ स्क्रीन साझा करेंगी करीना, प्रभास की स्पिरिट में कास्ट होने की चर्चा तेज



बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर, जिन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में 25 साल पूरे कर लिए हैं। इन दिनों अभिनेत्री अपनी हालिया रिलीज फिल्म द बकिंघम मर्डर्स को लेकर भी काफी चर्चा में चल रही हैं। अभिनेत्री की फिल्म को दर्शकों और आलोचकों की अच्छी खासी प्रतिक्रिया मिली है। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर फिल्म का प्रदर्शन कुछ खास नहीं नजर आ रहा है। अब हाल ही में, करीना ने पति सैफ अली खान के साथ काम करने के बारे में खुलकर बात की है। हाल ही में, मीडिया से बातचीत के दौरान करीना से पूछा गया कि क्या वह जल्द ही सैफ के साथ काम करेंगी। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए अभिनेत्री ने कहा, उम्मीद है कि जल्द ही। करीना ने आगे कहा, मैं उनके साथ काम करना पसंद करूंगी। अभी वह पहली बार तेलुगू फिल्म देवरा में काम कर रहे हैं, जो अगले सप्ताह रिलीज हो रही है। लोग इसके लिए काफी उत्साहित हैं। इसलिए मैं जल्द ही उनके साथ कुछ करना पसंद करूंगी। हालांकि, इन सब के बीच रेडिट पर हाल ही में एक पोस्ट में बताया गया कि यह करीना और सैफ की जोड़ी प्रभास की स्पिरिट की कास्ट में शामिल हो गई है। इसमें बताया गया कि करीना प्रभास की प्रेमिका की भूमिका निभाएंगी, जबकि सैफ फिल्म में खलनायक की भूमिका में नजर आएंगे। हालांकि, निर्माताओं ने अभी तक आधिकारिक तौर पर कुछ भी घोषणा नहीं की है। करीना और सैफ ने ओमकारा, एजेंट विनोद, कुर्बान और टशन जैसी फिल्मों में साथ में स्क्रीन स्पेस साझा किया है। इस बीच, वर्क फ्रंट की बात करें तो करीना को आखिरी बार द बकिंघम मर्डर्स में देखा गया था। फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने के अलावा, उन्होंने एकता कपूर के साथ मिलकर इसे प्रोड्यूस भी किया है।



# सामंथा रुथ प्रभु ने शुरू की रक्त ब्रम्हांड की शूटिंग, राज-डीके की सीरीज पर आया बड़ा अपडेट

अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने अपनी अगली वेब सीरीज रक्त ब्रम्हांड की शूटिंग शुरू कर दी है। इस एक्शन-फंतासी सीरीज के निर्देशन की कमान राही अनिल बर्वे ने संभाली है, जो समीक्षकों द्वारा प्रशंसित फिल्म तुम्बाड के लिए जाने जाते हैं। यह शो फिल्म निर्माता जोड़ी राज निदिमोरु और कृष्णा डीके द्वारा बनाया जा रहा है, जो द फैमिली मैन के तीसरे सीजन पर भी काम कर रहे हैं। इसमें आदित्य रॉय कपूर मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं।

## पोस्ट कर दी जानकारी

अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने स्वास्थ्य कारणों से लंबा ब्रेक लिया था। हालांकि, उन्होंने हाल ही में एक इंस्टाग्राम पोस्ट साझा किया। फोटो में सामंथा का नोटपैड दिखाया गया है, जो एक खूनी मुकुट से सजा है जो नेटफ्लिक्स शो का प्रतिनिधित्व करती है। इसके अलावा, उनकी मेज पर एक पेंसिल, एक बैकपैक, एक कॉफी कप दिखाई दे रहा है। उन्होंने इसके साथ नोट में लिखा, सपने देखना कभी बंद नहीं करें। कुछ समय बाद रक्त ब्रह्मांड के सेट पर वापस आकर खुशी हुई।

## राज-डीके की पहली एक्शन फंतासी सीरीज है रक्त ब्रह्माण्ड

सेट से एक सूत्र ने को बताया कि रक्त ब्रह्माण्ड एक काल्पनिक साम्राज्य पर आधारित राज-डीके की पहली एक्शन-फंतासी सीरीज है। सूत्र ने कहा, यहां तक कि जब वे द फैमिली मैन की शूटिंग कर रहे हैं, तब भी वे रक्त ब्रम्हांड की प्रगति की लगातार निगरानी कर रहे हैं। प्रोडक्शन का विशाल स्तर कुछ ऐसा है जिसका उन्होंने पहले प्रयास नहीं किया है। हमने दो सप्ताह पहले शूटिंग शुरू की थी, और वर्तमान में बोरीवली में बाहुबली स्टूडियो में कुछ विस्तृत एक्शन दृश्यों की शूटिंग कर रहे हैं।

## रक्त ब्रह्माण्ड पर अपडेट

सूत्र ने कहा कि जल्द ही 10 दिनों का छोटा ब्रेक होगा, जिसके बाद टीम अक्तूबर में फिर से इकट्ठा होगी। उन्होंने बताया कि ज्यादातर शूटिंग फरवरी 2025 तक इसी सेट पर और शहर के अन्य हिस्सों में होगी। सीरीज को रक्त, विश्वासघात और साम्राज्यों की एक महाकाव्य कहानी के रूप में वर्णित किया गया है। इसमें अली फजल और वामिका गब्बी भी हैं।

# बिग बॉस 18 का हिस्सा बनेंगी नेता चाहत पांडे?



चाहत पांडे टीवी के साथ-साथ राजनीति में भी काफी सक्रिय हैं। अभिनेत्री के बिग बॉस 18 में शामिल होने की अटकलें चल रही है। हालांकि, मेकर्स की तरफ से अभी तक इस बात की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। चाहत पांडे टीवी की जानी मानी अभिनेत्री हैं, उन्होंने पवित्र बंधन, हमारी बहू सिल्क जैसे शो में काम किया है। हालांकि, चाहत की जिंदगी विवादों से काफी भरी रही है और उन्होंने जिंदगी में कई परेशानियों का सामना किया है। पिछले साल मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले चाहत ने आम आदमी पार्टी जॉइन की थी।

# सुपरहिट फिल्म मुकुथी अम्मान के सीक्वल में दिखेंगी नयनतारा



नयनतारा को लेडी सुपरस्टार के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने अपनी अभिनय से लोगों के दिलों में खास जगह बनाई है। कई सुपरहिट फिल्मों में नजर आ चुकी अभिनेत्री अपने नए प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा में आ गई हैं। दरअसल, नयनतारा अपनी सुपरहिट फिल्म मुकुथी अम्मान के सीक्वल में नजर आने वाली हैं। फिल्म का निर्देशन सुंदर सी करने वाले हैं। वहीं, इसके पहले भाग को आरजे बालाजी ने निर्देशित किया था। हाल ही में निर्माताओं ने मुकुथी अम्मान 2 के एक खास पोस्टर के साथ निर्देशक का स्वागत किया। इस फिल्म की टीम ने वादा किया कि दूसरा भाग पहले भाग से अलग होगा। मुकुथी अम्मन 2 के प्रोडक्शन हाउस में से एक वेल्स फिल्म इंटरनेशनल लिमिटेड ने निर्देशक सुंदर सी का स्वागत करते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्टर साझा किया। साथ ही, कैप्शन में लिखा, कमर्शियल एंटरटेनर्स के बादशाह, निर्देशक सुंदर सी का एमए-2 की दिव्य काल्पनिक दुनिया में स्वागत है। निर्माताओं के अनुसार मूकुथी अम्मान 2 दिव्य फंतासी शैली की फिल्म है, जिसे बड़े बजट पर तैयार किए जाने की योजना है। इस फिल्म का निर्माण वेल्स फिल्म इंटरनेशनल, राउडी पिक्चर्स, अवनी सिनेमैक्स ने संयुक्त रूप से किया है। वहीं, आईवीवाई एंटरटेनमेंट और बी4यू मोशन पिक्चर्स ने इस फिल्म का सह-निर्माण किया है। आरजे बालाजी और नयनतारा की मूकुथी अम्मान धर्मगुरुओं और कई अंधविश्वासी प्रथाओं पर किया गया एक कटाक्ष था। इस फिल्म को लेकर एक बयान में कहा गया है, यह मुकुथी अम्मान भाग 1 के कथानक से अलग होगी, जिसमें कई शानदार नाटकीय क्षण होंगे। फिल्म के कलाकारों और क्रू की घोषणा आने वाले हफ्तों में की जा सकती है। इसके अगले साल सिनेमाघरों में आने की उम्मीद है।

# द नाइट मैनेजर के एमी नॉमिनेशन से खुश हैं अर्जुन




इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड में अनिल कपूर, आदित्य रॉय कपूर और शोभिता धुलिपाला की सीरीज के नॉमिनेट होने पर चर्चा तेज हो गई है। सीरीज के नॉमिनेशन पर अर्जुन कपूर ने स्टार कास्ट और निर्माताओं को बधाई दी है। अभिनेता अर्जुन कपूर ने अपने चाचा अनिल कपूर की ड्रामा सीरीज द नाइट मैनेजर के एमी अवॉर्ड में नामांकित होने पर प्रतिक्रिया दी है। अर्जुन कपूर ने इस नॉमिनेशन को बिल्कुल सही और योग्य बताया है। सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर अर्जुन कपूर ने अपने चाचा अनिल कपूर को बधाई भी दी है। इस पोस्ट को आदित्य रॉय कपूर ने रिशेयर किया है। साथ ही उन्होंने भी इस पर खास तरीके से कमेंट किया है।

## अर्जुन कपूर ने शेयर किया पोस्ट

अभिनेता अर्जुन कपूर ने सोशल मीडिया पर स्टोरी पोस्ट की है। इसमें उन्होंने ड्रामा सीरीज द नाइट मैनेजर की स्टार कास्ट यानी अनिल कपूर, आदित्य रॉय कपूर और शोभिता धुलिपाला के साथ और सीरीज क्रिएटर संदीप मोदी सहित टीम को टैग कर तालियां बजाती हुई इमोजी भी लगाई है। साथ ही अर्जुन ने इस सीरीज को नॉमिनेशन के लिए योग्य बताया है। इसको लेकर सोशल मीडिया पर फैंस ने चर्चा शुरू कर दी है।

## अनिल कपूर ने दिया रिएक्शन

उन्होंने कहा, 'मुझे अभी पता चला है कि 'द नाइट मैनेजर' के हमारे भारतीय रूपांतरण को अंतर्राष्ट्रीय एमी के लिए नामांकित किया गया है। मुझे याद है कि जब मुझे यह प्रस्ताव मिला था, तो मैं उलझन में था। इसने मुझे एक जटिल किरदार निभाने का अवसर दिया, लेकिन दूसरी ओर, ह्यूग लॉरी द्वारा इतनी कुशलता से निभाए गए किरदार में नयापन और प्रामाणिकता जोड़ने की बड़ी जिम्मेदारी भी दी।'

## आदित्य रॉय कपूर ने शेयर की थी पोस्ट

एमी अवॉर्ड में अपनी सीरीज के नॉमिनेशन के बाद आदित्य ने भी सोशल मीडिया पर अर्जुन कपूर की पोस्ट को रिशेयर किया है। इस पर कमेंट कर आदित्य ने लिखा,अरे,अरे। अपनी सीरीज के एमी में नॉमिनेशन को लेकर अभिनेता काफी खुश हैं।



# क्या स्त्री 3 में शामिल होना चाहेंगी पत्रलेखा? अभिनेत्री ने दिया जवाब

राजकुमार राव की फिल्म स्त्री 2 ने बॉक्स ऑफिस पर ऐसा धमाल मचाया कि रिकॉर्ड पर रिकॉर्ड टूटते चले गए। सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म ने 562.24 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है। फिल्म अभी भी सिनेमाघरों में लगी हुई है। स्त्री फेंचाइजी की दूसरी फिल्म की सफलता को देखते हुए निर्माता एलान कर चुके हैं कि इसका तीसरा भाग भी दर्शकों के बीच लाया जाएगा। इसी बीच, स्त्री 3 का हिस्सा होने को लेकर राजकुमार राव की पत्नी और अभिनेत्री पत्रलेखा ने एक बयान दिया है।

## राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की जोड़ी अच्छी है

एक हालिया साक्षात्कार में पत्रलेखा से पूछा गया कि क्या वो स्त्री 3 में राजकुमार राव के साथ काम करना पंसद करेंगी। फिल्मीज्ञान को इसका जवाब ना में देते हुए पत्रलेखा ने कहा कि राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की जोड़ी अच्छी है। इसके साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि स्त्री में पंकज त्रिपाठी, अपारशक्ति खुराना, अभिषेक बनर्जी जैसे कलाकार हैं और फिल्म की दुनिया सेट है।

## पत्रलेखा ने आईसी 814 – द कंधार हाईजैक में किया काम

पत्रलेखा इन दिनों अपनी वेब सीरीज आईसी 814- द कंधार हाईजैक को लेकर भी चर्चा में है। इसका निर्देशन अनुभव सिन्हा ने किया है। इसे ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया गया है। इससे पहले उन्हें फिल्म वाइल्ड वाइल्ड पंजाब में देखा गया था। वो सिटीलाइट्स, बदनाम गली, लव गेम्स और नानू की जानू समेत कई फिल्मों में काम कर चुकी हैं। राजकुमार राव की बात करें तो वो अगली बार विक्की विद्या का वो वाला वीडियो में दिखाई देंगे, जो 11 अक्तूबर, 2024 को रिलीज होगी।



# सिनेमा के प्रति प्यार के कारण एक्टिंग कर रहे हैं विनीत कुमार

**सुपर बॉयज ऑफ मालेगांव में लेखक का किरदार निभाने वाले विनीत कुमार सिंह ने अपनी बॉलीवुड यात्रा को लेकर बातचीत की है। वाराणसी में पले-बढ़े और चिकित्सा की पढ़ाई कर रहे विनीत का मानना है कि यह उनकी किस्मत थी जो उन्हें मुंबई ले आई। बातचीत के दौरान विनीत ने अपनी फिल्म के अलावा अपनी सह कलाकार रीमा कागती को लेकर भी बातचीत की है।**

सिनेमा के प्रति प्यार के कारण कर रहे हैं काम पीटीआई से बातचीत में विनीत ने कहा, मैं यहां केवल सिनेमा के प्रति अपने प्यार के कारण हूं। मैं अपने किरदार से जुड़ गया हूं और जब ऐसा होता है, तो यह आसान हो जाता है। मुझे यहां आना तय था। मैं जहां से आता हूं, वहां इंडस्ट्री में मुझसे पहले कोई नहीं आया। मेरे बहुत से बुद्धिमान दोस्त वापस चले गए। कभी-कभी थोड़ा कम बुद्धिमान होना इतनी बुरी बात नहीं होती है। मैंने बहुत सारी परेशानियों का सामना किया, लेकिन मैं यहां इसलिए हूं क्योंकि मुझे विश्वास था कि मुझे यहां होना चाहिए। अनुभव के साथ, आप यह अनुमान लगाने की कोशिश करते हैं कि परिणाम क्या होने वाला है और यहीं से आप गलतियां करना शुरू कर देते हैं।

फिल्म फेस्टिवल को लेकर की ये बात विनीत ने फिल्म फेस्टिवल को लेकर बात की। उन्होंने कहा, दुनिया भर के फिल्म निर्माता, लेखक और फिल्म प्रेमी एक-दूसरे की फिल्में देखने के लिए वहां एकत्र हुए थे। अपनी फिल्म का विश्व प्रीमियर वहां होना एक सपना था। मैं अभी भी उन खड़े होकर तालियां बजाने, सीटियां बजाने और तालियों की ऊर्जा महसूस करता हूं। यह फिल्म से जुड़े हर व्यक्ति के लिए खास है। ऐसा कभी-कभार ही होता है। लोगों को फिल्म बहुत पसंद आई।

## रीमा कागती के साथ दोबारा किया काम

रीमा और मैंने गोल्ड पर काम करते हुए एक तालमेल विकसित किया। वह इस बारे में स्पष्ट हैं कि उन्हें क्या शूट करना है। उन्हें किरदारों के बारे में बहुत अच्छी समझ है। झयह स्पष्टता निर्देशक और सेट पर मौजूद अभिनेताओं दोनों की मदद करती है। वास्तव में, मुझे दहाड़ भी करनी थी, लेकिन मेरी ओर से शेड्यूलिंग की समस्या थी। फिर, हम सुपरमैन ऑफ मालेगांव के लिए मिले, एक सीन पढ़ा और इस तरह यह हुआ।

## ऐसी रिमेक फिल्म में करना चाहेंगे काम

विनीत ने कहा, मैं सरदार और सरदार दोनों की भूमिका निभाना पसंद करूंगा। खान और फैजल खान को फिर से वासेपुर बनाने की स्थिति में शामिल किया जाएगा, भले ही मैंने फिल्मों में दानिश खान का किरदार निभाया हो। अगर शोले कभी दोबारा बनाई जाती है तो मैं गब्बर और जय दोनों का किरदार निभाऊंगा। मैं 3 इडियट्स के रीमेक में फुंसुक वांगडू का किरदार भी निभाना चाहता हूं। जब भी लगे रहो मुन्ना भाई फिर से बनाई जाएगी, मैं मुन्ना भाई का किरदार निभाना चाहूंगा। ये सभी असाधारण फिल्में हैं जो अभी-अभी बनी हैं। मुझे नहीं पता कि इसका रीमेक कौन बना सकता है। रीमेक के लिए एक खूबसूरत फिल्म को छूना एक खतरनाक प्रस्ताव है।

## सुपर बॉयज ऑफ मालेगांव को लेकर कही ये बात

सुपर बॉयज ऑफ मालेगांव में अभिनेता फरोग जाफरी की भूमिका निभा रहे हैं, जो मालेगांव के शोले और मालेगांव का सुपरमैन जैसी अजीबोगरीब फिल्मों के पटकथा लेखक हैं, जिनका बॉलीवुड में आने का सपना अधूरा रह गया। शौकिया फिल्म निर्माता नासिर शेख के जीवन से प्रेरित, सुपर बॉयज ऑफ मालेगांव महाराष्ट्र के मालेगांव के ग्रामीणों के एक समूह की कहानी है, जो बड़े सपने देखने की हिम्मत करते हैं और सीमित संसाधनों के साथ फिल्में बनाना शुरू करते हैं। रीमा कागती द्वारा निर्देशित इस फिल्म का विश्व प्रीमियर 13 सितंबर को 49वें टोरंटो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में हुआ था। विनीत ने कहा, मुक्काबाज, गैंग्स ऑफ वासेपुर, अग्ली और गुंजन सक्सेना- द कारगिल गर्ल जैसी फिल्मों में काम कर चुके हैं।




# भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार 5वें सप्ताह हुई बढ़ोतरी

## इसी के साथ अपना विदेशी मुद्रा भंडार रिकार्ड हाई पर पहुंच गया है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में एक बार फिर से बढ़ोतरी हुई है। यह लगातार पांचवा सप्ताह है, जबकि अपना विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ा है। इसी के साथ अपना विदेशी मुद्रा भंडार एक बार फिर से रिकार्ड हाई लेवल पर पहुंच गया है। बीते 13 सितंबर को समाप्त सप्ताह के दौरान इसमें 223 मिलियन डॉलर की बढ़ोतरी हुई। हालांकि इससे पहले, यानी 6 सितंबर को समाप्त सप्ताह के दौरान इसमें 5.24 बिलियन की भारी बढ़ोतरी हुई थी। इसी के साथ अपना भंडार अब बढ़ कर 689.45 बिलियन डॉलर की नई ऊंचाई पर पहुंच गया है। उधर, अपने पड़ोसी देश पाकिस्तान को भी पिछले सप्ताह इस मोर्चे पर खुशखबरी मिली। इस सप्ताह उसके विदेशी मुद्रा भंडार में भी बढ़ोतरी हुई है।



भारतीय रिजर्व बैंक से जारी आंकड़ों के मुताबिक 13 सितंबर 2024 को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 223 मिलियन की बढ़ोतरी हुई है। इसी के साथ अपना विदेशी मुद्रा भंडार अब बढ़ कर 689.458 बिलियन तक पहुंच गया है, जो कि अब तक का सर्वकालिक स्तर है। इसे रुपये के हिसाब से आंका जाए तो भारत का भंडार इस सप्ताह घटा ही है क्योंकि उस सप्ताह इसमें 776 करोड़ रुपये कमी हुई है। हालांकि एक सप्ताह पहले यानी 6 सितंबर 2024 को समाप्त सप्ताह के दौरान अपने विदेशी मुद्रा भंडार 5.248 बिलियन की भारी बढ़ोतरी हुई थी। इससे एक सप्ताह पहले भी अपने भंडार में 2.299 बिलियन की बढ़ोतरी हुई थी।

### घट गया फॉरेन करेंसी एसेट्स

रिजर्व बैंक की तरफ से जारी साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार आलोच्य सप्ताह के दौरान भारत की विदेशी मुद्रा आस्तियां में कमी हुई है। 13 सितंबर 2024 को समाप्त सप्ताह के दौरान अपने एफसीएएस में 223 मिलियन की कमी हुई है। इससे एक सप्ताह पहले ही इसमें 5.107 बिलियन की बढ़ोतरी हुई थी। अब अपना एफसीए भंडार घट कर स्ठ 603.629 बिलियन रह गया है। उल्लेखनीय है कि कुल विदेशी मुद्रा भंडार में विदेशी मुद्रा आस्तियां या फॉरेन करेंसी असेट एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। डॉलर में अभिव्यक्त किये जाने वाले विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पौंड और येन जैसे गैर अमेरिकी मुद्राओं में आई घट-बढ़ के प्रभावों को भी शामिल किया जाता है।

### गोल्ड रिजर्व बढ़ा है

बीते सप्ताह देश का गोल्ड रिजर्व बढ़ा है। 13 सितंबर 2024 को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत के स्वर्ण भंडार में 899 मिलियन डॉलर की बढ़ोतरी हुई है। अब अपना सोने का भंडार स्ठ 62.887 बिलियन का हो गया है।

### एसडीआर घट गया

रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, बीते सप्ताह भारत के स्पेशल ड्रॉइंग राइट या विशेष आहरण अधिकार (स्ठक्र) में कमी हुई है। समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान एसडीआर में 516 मिलियन डॉलर घटा। अब यह घट कर 18.419 बिलियन डॉलर रह गया है। इसी सप्ताह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास रखे हुए देश के रिजर्व मुद्रा भंडार में भी है।

### पाकिस्तान के चेहरे पर भी खुशी

भारत के साथ-साथ बीते सप्ताह अपने पड़ोसी देश, पाकिस्तान के चेहरे पर भी खुशी दिखी। यूं तो, इस समय वहां विदेशी मुद्रा की जबरदस्त किल्लत चल रही है। स्थिति यह है कि वहां सिर्फ जरूरी सामानों का ही आयात हो पा रहा है। तभी तो वहां बेहद संभल कर विदेशी मुद्रा खर्च की जा रही है। राहत की बात है कि पिछले सप्ताह वहां के विदेशी मुद्रा भंडार में इजाफा हुआ है। बीते 13 सितंबर को समाप्त सप्ताह के दौरान वहां के विदेशी मुद्रा भंडार में 30.4 मिलियन डॉलर की बढ़ोतरी हुई। अब वहां का विदेशी मुद्रा भंडार 14.826 अरब डॉलर का हो गया है। इससे पहले यानी 6 सितंबर को समाप्त सप्ताह के दौरान भी वहां के विदेशी मुद्रा भंडार में 56.2 मिलियन डॉलर की बढ़ोतरी हुई थी। इससे वहां की अर्थव्यवस्था को थोड़ा ही सही, लेकिन बल मिलेगा।;

# उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक ने 15वीं स्थापना दिवस मनाया

उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने आज गर्व के साथ अपने 15वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में भारत भर में 18 नए बैंकिंग आउटलेट्स का उद्घाटन किया। इस विस्तार के साथ, के बैंकिंग आउटलेट्स की कुल संख्या बढ़कर 966 हो गई है। नए बैंकिंग आउटलेट्स को विभिन्न राज्यों में बैंक की पहुंच को बढ़ाने के लिए रणनीतिक रूप से स्थापित किया गया है-बिहारः 4 आउटलेट्स, हिमाचल प्रदेशः 1 आउटलेट, झारखंडः 2 आउटलेट्स, केरलः 2 आउटलेट्स, मध्य प्रदेशः 3 आउटलेट्स, महाराष्ट्रः 1 आउटलेट, ओडिशाः 2 आउटलेट्स, उत्तर प्रदेशः 2 आउटलेट्स, उत्तराखंडः 1 आउटलेट। विस्तार पर टिप्पणी करते हुए, पार्वीन कुमार गुप्ता, अध्यक्ष, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने कहा, हमारे स्थापना दिवस पर इन नए बैंकिंग आउटलेट्स का उद्घाटन हमारे वित्तीय समावेशन के दृष्टिकोण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हम अपनी पहुंच बढ़ाने और प्रत्येक व्यक्ति और समुदाय को सशक्त बनाने वाले नवोन्मेषी और ग्राहक-केंद्रित बैंकिंग समाधानों को प्रदान करने के प्रति प्रतिबद्ध हैं। बैंक की यात्रा पर विचार करते हुए गोविंद सिंह, प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने कहा, उत्कर्ष कोरइन्वेस्ट लिमिटेड के गठन से लेकर उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक बनने तक, पिछले वर्षों में विकास, सीखने और प्रतिबद्धता की एक शानदार यात्रा रही है। हमारे मूल कंपनी के समय से लेकर आज तक की हमारी यात्रा ने ग्राहकों को मूल्य प्रदान करने और वित्तीय समावेशन के अपने मिशन को पूरा करने पर लगातार ध्यान केंद्रित किया है। जैसे ही हम अपने 15वें स्थापना दिवस का जश्न मनाते हैं, इन 18 नए बैंकिंग आउटलेट्स का उद्घाटन हमारे सामुदायिक सशक्तीकरण और आर्थिक विकास के लिए लगातार प्रयासों का प्रतीक है।

# 3 महीने से सुस्त पड़े डिफेंस कंपनियों के शेयरों ने भरी उड़ान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिन डिफेंस कंपनियों के शेयरों के लिए शानदार रहा है। इस दौरान दिग्गज कंपनियों के शेयरों का भाव 10 प्रतिशत तक चढ़ गया। पारस डिफेंस हो या मझगांव सबकी कीमतों में तेजी देखने को मिली है। बता दें, लम्बे समय से डिफेंस कंपनियों के शेयरों की रफ्तार सुस्त हो गई थी।

**पारस डिफेंस के शेयर :** बीएसई में कंपनी के शेयर आज 1055 रुपये के लेवल पर ओपन हुआ था। कंपनी के शेयर 6 प्रतिशत से अधिक की तेजी के साथ 1122.05 रुपये के इंट्रा-डे हाई पर पहुंच गया। पिछले 3 महीने के दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में 21 प्रतिशत से अधिक की गिरावट देखने को मिली है। हालांकि, इसके बाद भी एक साल से शेयरों को होल्ड करने वाले निवेशकों को अबतक 51 प्रतिशत का लाभ है।

**हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड :** बीएसई में इस डिफेंस कंपनी के शेयर कल 4233.35 पर खुले थे। कंपनी के शेयरों की कीमतों में शुक्रवार को 3 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। पिछले 3 महीने में यह डिफेंस स्टॉक 18 प्रतिशत नीचे लुढ़क गया था।

**कोचीन शिपयार्ड :** कल इस डिफेंस कंपनी के शेयरों में अपर सर्किट लग गया। जिसके बाद कंपनी के शेयरों का भाव बीएसई में 1846.55 रुपये के लेवल पर पहुंच गया। 3 महीने में कंपनी के शेयरों का भाव 17 प्रतिशत नीचे गिरा है।

**मझगांव डॉक :** इस डिफेंस कंपनी के शेयरों की कीमतों में शुक्रवार को 8 प्रतिशत से अधिक की उछाल देखने को मिली है। जिसके बाद कंपनी के शेयरों का भाव 4420.15 रुपये के लेवल पर पहुंच गया। बीते 3 महीने के दौरान इस कंपनी ने सिर्फ 8 प्रतिशत का रिटर्न दिया है।

**भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड :** इस डिफेंस कंपनी के शेयरों का भाव शुक्रवार को 2 प्रतिशत से अधिक की तेजी हासिल करने में सफल रहा था। जिसके बाद कंपनी के शेयरों का भाव बीएसई में 279 रुपये के लेवल तक पहुंच गया।

# बांग्लादेश में राजनीतिक संकट से भारत के टेक्सटाइल सेक्टर को फायदा?

### बांग्लादेश में संकट से वहां के कपड़ा उद्योग पर असर पड़ा रहा है

## बांग्लादेश की जीडीपी में 10 फीसदी हिस्सेदारी टेक्सटाइल इंडस्ट्री की है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बांग्लादेश में आया राजनीतिक तूफान रुकने का नाम नहीं ले रहा है। शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने और फिर देश छोड़ने के बाद लग रहा था कि सबकुछ पटरी पर लौट आएगा। वहीं मोहम्मद युनूस की अगुवाई पर अंतरिम सरकार से लोगों को कुछ उम्मीदें लगी थीं, लेकिन अब वह भी धूमिल होती नजर आ रही हैं। बांग्लादेश में अभी भी हिंसा पूरी तरह शांत नहीं हुई है। इसका सबसे ज्यादा असर वहां की टेक्सटाइल इंडस्ट्री पर पड़ रहा है। माना जा रहा है कि इसका फायदा भारत के टेक्सटाइल सेक्टर को मिल सकता है।



बांग्लादेश में पहली कपड़ा फैक्ट्री 1978 में खुली थी। आज वहां 40 लाख लोग इस काम में लगे हैं। जीडीपी में 10त्न हिस्सेदारी टेक्सटाइल इंडस्ट्री की है। पिछले साल उसने 54 बिलियन डॉलर कीमत के कपड़े निर्यात किए थे।

बांग्लादेश की कपड़ा फैक्ट्रियों में काम करने वाले श्रमिकों में ज्यादातर महिलाएं हैं। फिर, मजदूरी बेहद सस्ती है वहां, जिससे लागत कम आती है। हालांकि कम मजदूरी का मुद्दा वहां उठता रहा है।

बांग्लादेशी सरकार ने एक्सपोर्ट प्रॉसेसिंग जोन डिवेलप किए हैं। श्च और अमेरिका जैसे बड़े बाजारों के साथ ट्रेड एग्रीमेंट है। टेक्सटाइल इंडस्ट्री को टैक्स में छूट और सब्सिडी दी जाती है। वहीं, भारत ने अपना फोकस कैपिटल इंटेसिव सेक्टर जैसे इलेक्ट्रॉनिक्स पर रखा है।

कई एक्सपर्ट्स का मानना है कि भारत अपने घरेलू उद्योगों को लेकर बहुत ज्यादा प्रोटेक्टिव है, जिससे घाटा हो रहा है। लोकल मैन्युफैक्चरर जिन कपड़ों और दूसरी चीजों का इस्तेमाल करते हैं, उस पर 2017 के बाद से 13त्न इम्पोर्ट टैरिफ बढ़ाया जा चुका है।

पश्चिम को जिस पैमाने पर और जैसा प्रॉडक्ट चाहिए, अब उसमें बांग्लादेश को विशेषज्ञता हासिल हो चुकी है। यूरोपीय मार्केट में भारत के मुकाबले बांग्लादेशी उद्यमियों की पहुंच फिलहाल ज्यादा है।

# टाटा स्टील ने कमीशन किया देश का सबसे बड़ा ब्लास्ट फर्नेस

**कलिंग नगर (ओडिशा), एजेंसी।** देश में स्टील बनाने की शुरुआत करने वाली कंपनी टाटा स्टील ने फिर कमाल किया है। कंपनी ने ओडिशा के कलिंगनगर में एक अत्याधुनिक ब्लास्ट फर्नेस की कल कमीशनिंग की है। कंपनी का दावा है कि यह भारत का सबसे बड़ा ब्लास्ट फर्नेस है। इस परियोजना के तहत कंपनी ने वहां 27,000 करोड़ रुपये का भारी-भरकम निवेश किया है। इस फर्नेस के शुरू होने के साथ ही कलिंगनगर प्लांट की उत्पादन क्षमता 3 मिलियन टन प्रति वर्ष से बढ़कर 8 एमटीपीए तक पहुंच जाएगी। इसका अब टाटा स्टील के शेयर पर भी असर दिखेगा।

इस ब्लास्ट फर्नेस की कमिशनिंग के अवसर पर टाटा स्टील के सीईओ और एमडी टी. वी. नरेंद्रन भी कलिंगनगर पहुंचे। कंपनी का मानना है कि नई ब्लास्ट फर्नेस से प्लांट की उत्पादन क्षमता में भारी बढ़ोतरी होगी, जिससे टाटा स्टील को ऑटोमोटिव, इंफ्रास्ट्रक्चर, पावर, शिपबिल्डिंग और रक्षा जैसे प्रमुख उद्योगों की बढ़ती मांगों को प्रभावी ढंग से पूरा करने में सक्षम बनाएगी। चरण द्वद्ध विस्तारीकरण के साथ, ओडिशा टाटा स्टील के लिए भारत में सबसे बड़ा निवेश केंद्र बनकर उभरा है, जहां पिछले 10 वर्षों के दौरान एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया गया है।



### क्या है ब्लास्ट फर्नेस की क्षमता

टाटा स्टील के नए ब्लास्ट फर्नेस का वॉल्यूम 5,870 घन मीटर है। यह अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित है, जो न केवल लंबी अवधि तक निर्बाध संचालन सुनिश्चित करेगी, बल्कि पर्यावरण के अनुकूल डिज़ाइन के साथ स्टील उत्पादन प्रक्रिया को भी अधिक कुशल बनाएगी। यहफर्नेस भारत में पहली बार चार टॉप कम्बशन स्टोव का उपयोग करेगी, जिससे हॉट मेटल प्रोडक्शन में इष्टतम ईंधन खपत सुनिश्चित की जाएगी। इसके साथ ही, दो प्रीहीटिंग स्टोव भी लगाई गई हैं, जो दक्षता को और बढ़ाएंगी।

### बिजली भी बनेगी

टाटा स्टील के इतिहास में पहली बार इस यूनिट में ड्राई गैस क्लीनिंग प्लांट स्थापित किया गया है, जिससे बाय प्रोडक्ट गैस से अधिकतम ऊर्जा पुनर्प्राप्ति संभव हो सकेगी। साथ ही इस फर्नेस में दुनिया का सबसे बड़ा टॉप गैस रिकवरी टरबाइन लगाया गया है, जिसकी 35 मेगावाट विद्युत उत्पादन क्षमता है। यह अतिरिक्त 10त्न ऊर्जा पुनर्प्राप्ति में सहायता करेगा। भारतीय ब्लास्ट फर्नेस में पहली बार इवैपोरेटिव कूलिंग सिस्टम का उपयोग किया जा रहा है, जो प्लांट के स्थान का कुशलतापूर्वक उपयोग करने के साथ-साथ पारंपरिक डिज़ाइनों की तुलना में पानी और बिजली की खपत को लगभग 20त्न तक कम करेगा।

# अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस इंफ्रा के शेयर में तेजी

### यह तेजी कंपनी की ओर से आई गुड न्यूज के बाद देखी गई है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर मार्केट में जबरदस्त तेजी आई। सेंसेक्स और निफ्टी, दोनों ने ऑल टाइम हाई का रेकॉर्ड बनाया। काफी शेयरों ने निवेशकों को शानदार रिटर्न दिया। इन्हीं में मुकेश अंबानी के छोटे भाई अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर का शेयर भी शामिल है। इस शेयर में शुक्रवार को करीब 11 फीसदी की तेजी आई। दिन में यह तेजी 12 फीसदी तक आ गई थी। लेकिन बाद में बाजार बंद होने के दौरान इसमें कुछ गिरावट आई। फिर भी इस शेयर ने निवेशकों को एक ही दिन में करीब 11 फीसदी का मुनाफा दे दिया। इस तेजी के साथ यह शेयर 316 रुपये पर पहुंच गया है। हालांकि इस शेयर में तेजी के कारण और भी हैं।

अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के इस शेयर में तेजी एक डिसिजन के बाद देखी जा रही है। दरअसल, रिलायंस इंफ्रा ने अपने कर्ज को काफी हद तक कम कर दिया है। ऐसे में कंपनी का फोकस अपने कारोबार को बढ़ाने पर है। इसके लिए कंपनी 3000 करोड़ रुपये से ज्?यादा का फंड जुटाने जा रही है। इस गुड न्यूज के कारण कंपनी के शेयर में शुक्रवार को तेजी देखने को मिली। रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर ने एक दिन पहले यानी गुरुवार को बताया कि उसके बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने 3014.4 करोड़ रुपये के इक्विटी शेयरों के प्रेफरेंशियल इश्यू को मंजूरी दे दी है। कभी कर्ज में डूबी रिलायंस इंफ्रा का कर्ज अब लगभग खत्म हो गया है। कंपनी ने हाल ही में कहा था कि उसका कर्ज घटकर 475 करोड़ रुपये पर आ चुका है। वहीं कंपनी की नेटवर्थ अभी 12.54 हजार करोड़ रुपये है। ऐसे में देखा जाए तो कंपनी कर्ज मुक्त होने के बेहद करीब है।




### इस हफ्ते आई जबरदस्त तेजी

कंपनी के शेयरों में इस हफ्ते जबरदस्त तेजी देखने को मिली है। कंपनी के शेयर इन 5 कारोबारी दिनों (सोमवार से शुक्रवार) में करीब 48 फीसदी उछल गए हैं। ऐसे में देखा जाए तो इसने निवेशकों को मात्र 5 दिनों में ही मालामाल बना दिया है। वहीं कंपनी ने एक साल में भी जबरदस्त रिटर्न दिया है। यह रिटर्न करीब 82 फीसदी रहा। बात अगर 5 साल के रिटर्न की करें तो कंपनी के शेयरों ने 5 साल में निवेशकों को छप्परफाड़ 763 फीसदी रिटर्न दिया है।

# खाद्य कीमतों में उतार-चढ़ाव से महंगाईपर जोखिम, अगले साल से राहत मिलने की उम्मीद




**नई दिल्ली, एजेंसी।** खुदरा महंगाई के लगातार दूसरे महीने चार फीसदी से नीचे रहने के बावजूद खाद्य कीमतों में उतार-चढ़ाव का आकस्मिक जोखिम बना हुआ है। हालांकि, अगले साल से राहत मिलने की उम्मीद है। आरबीआई ने शुक्रवार को जारी बुलेटिन में कहा, वैश्विक आर्थिक गतिविधि धीमी पड़ रही है। महंगाई में कमी की रफ्तार सुस्त होने से मौद्रिक नीति अधिकारियों के बीच सतर्कता बढ़ रही है। इसमें आगे कहा गया है कि 2024-25 में खुदरा महंगाई?2023-24 के 5.4 फीसदी से घटकर 4.5 फीसदी पर आ सकती है।?2025-26 में यह और कम होकर 4.1 फीसदी पर आ जाएगी। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देबब्रत पात्रा की अगुवाई वाली टीम ने लेख में कहा, चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में घरेलू खपत तेजी से बढ़ने की राह पर है क्योंकि महंगाई घट रही है।

# फिनिक्स ओवरसीज लिमिटेड का आईपीओ खुलेगा

**मुंबई, एजेंसी।** एग्रीकल्चरल कमोडिटीज, एनिमल फीड्स, फैशन एसेसरीज और फूड प्रिजर्वेशन के निर्माण और ट्रेडिंग में प्रवृत्त , फिनिक्स ओवरसीज लिमिटेड ने अपना इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग खोलने का प्रस्ताव किया हैं. कंपनी का इरादा इस आईपीओ के मार्फत 36.03 करोड़ करोड़ एकत्र करने का है. कंपनी के शेयर्स एनएसई इमर्ज प्लेटफार्म पर लिस्ट होंगे. फिनिक्स ओवरसीज लिमिटेड के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री अपरेश नंदी ने कहा, क्योंकि कंपनी अपने आईपीओ की तैयारी कर रही है, जिससे हमें हमारी यात्रा और सफलता को प्रदर्शित करने पर गर्व है.वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा हमें 3 स्टार एक्सपोर्ट हाउस के रूप में मान्यता दिए जाने से हमने कृषि निर्यात, जूट और फैशन एसेसरी निर्माण और फूड मैन्युफैक्चरिंग और फूड प्रिजर्वेशन सहित विभिन्न बिजनेस का निर्माण किया है. आगामी आईपीओ हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन को दर्शाता है. यह उभरते बाजारों में हमारी उपस्थिति को मजबूत कर, हमारे प्रोडक्ट पोर्टफोलियो का विस्तार कर और हमारी वैश्विक पहुंच को बढ़ाकर हमारे भावी ग्रोथ को बढ़ावा देगा. कृषि एक्सपोर्ट, जूट मैन्युफैक्चरिंग और कोल्ड स्टोरेज सॉल्यूशंस में ठोस फाउंडेशन के साथ हम हमारे ऑपरेशन को बढ़ाने, इनोवेशन को आगे ले जाने और उभरते ग्लोबल क्षेत्र में नए सुअवसरों का दोहन करने के लिए बेहतर स्थिति में है.

# एलआईसी म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया 'एलआईसी एमएफ मैन्यूफैक्चरिंग फंड'

**मुंबई, एजेंसी।** भारत के सबसे पुराने फंड हाउस में शामिल एलआईसी म्यूचुअल फंड ने एलआईसी एमएफ मैन्यूफैक्चरिंग फंड की शुरुआत की है. यह एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है जो मैन्यूफैक्चरिंग थीम को फॉलो करती है. इस स्कीम का एनएफओ आज यानी 20 सितंबर, 2024 को सब्सक्रिप्शन के लिए खुला और यह चार अक्टूबर 2024 तक सब्सक्रिप्शन के लिए उपलब्ध रहेगा. इस स्कीम के तहत 11 अक्टूबर, 2024 को यूनिट आवंटित किए जाएंगे. योगेश पाटिल और महेश बेंद्रे इस स्कीम को मैनेज करेंगे. इस स्कीम को निफ्टी इंडिया मैन्यूफैक्चरिंग इंडेक्स (टोटल रिटर्न इंडेक्स) से लिंक किया जाएगा.




# गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स ने वर्ल्ड ईवी डे पर इको-फ्रेंडली परिवहन को नई परिभाषा देते हुए ई-ब्लू सिटी लॉन्च किया

**भोपाल।** नए-नए तरह के इलेक्ट्रिक वाहनों बनाने वाली प्रमुख कंपनी, गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स ने वर्ल्ड ईवी डे पर ई-ब्लू सिटी को लॉन्च किया है। ऑटो के आकार का यह नया ई-रिक्शा शहरों में यात्रा करने के अंदाज को बदलने के लिए तैयार है। इसकी एक्स-शोरूम कीमत 1,99,999 रुपये है। ई-ब्लूसिटी को शहरों में यात्रा करने के लिए स्थायी और प्रभावी साधनों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। ई-ब्लू सिटी में ड्राइवर के अलावा चार लोग आराम से बैठ सकते हैं। यह भीड़भाड़ वाली शहर की गलियों में घूमने का आदर्श विकल्प है। गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स के डायरेक्टर और सीईओ श्री हैदर खान ने इस लॉन्च के बारे में कहा, गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स की कंपनी बिजली से चलने वाली गाड़ियों को और बेहतर बनाने की कोशिश कर रही है। उनका लक्ष्य है कि हर कोई आसानी से और प्रदूषण रहित गाड़ी चला सके। ई-ब्लू सिटी इसी कोशिश का हिस्सा है। इस गाड़ी को बनाने में इस बात का खास ध्यान रखा गया है कि यात्री और ड्राइवर दोनों को यात्रा करने में बहुत मज़ा आए। लेकिन सिर्फ अपनी गाड़ी का होना ही काफी नहीं है।



# अफगानिस्तान की वनडे में सबसे बड़ी जीत

## गुरबाज ने कोहली की बराबरी की, बर्थडे पर राशिद ने हासिल की बड़ी उपलब्धि

**शारजाह, एजेंसी।** अफगानिस्तान ने साउथ अफ्रीका को शुक्रवार (20 सितंबर) को दूसरे वनडे में हराकर इतिहास रच दिया। अफगानिस्तान ने 3 मैचों की सीरीज 2-0 से अपने नाम कर लिया। अफगानिस्तान ने 177 रन से जीत दर्ज की। पहली बार दोनों टीमों के बीच द्विपक्षीय सीरीज खेली जा रही है। अफगानिस्तान के इस जीत के हीरो रहमानुल्लाह गुरबाज और बर्थडे ब्वॉय राशिद खान रहे। रहमानुल्लाह गुरबाज ने 110 गेंद पर 10 चौके और 3 छक्के की मदद से 105 रन बनाए। यह उनका वनडे में 7वां शतक था। अफगानिस्तान के लिए वह सबसे ज्यादा वनडे शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। 23 साल के होने से पहले सबसे ज्यादा वनडे शतक लगाने के मामले में वह संयुक्त रूप से दूसरे नंबर पर पहुंच गए। उनके अलावा विराट कोहली के नाम 7 शतक है। सचिन तेंदुलकर और क्विंटन डिकॉक के 8-8 शतक है।

**बर्थडे पर राशिद ने किया कमाल** - राशिद खान ने 19 रन देकर 5 विकेट लिए। वह बर्थडे पर वनडे में 5 विकेट लेने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बन गए। इससे पहले बर्थडे पर सबसे बढ़िया गेंदबाजी प्रदर्शन वर्नोन फिलेंडर और स्टुअर्ट ब्रॉड के नाम था। फिलेंडर ने आयरलैंड के खिलाफ 2007 में 12 रन देकर 4 विकेट लिए थे। ब्रॉड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2010 में 44 रन देकर 4 विकेट लिए थे।

### अफगानिस्तान की रन के हिसाब से सबसे बड़ी जीत

अफगानिस्तान ने 177 रन से साउथ अफ्रीका को हराकर वनडे में रन के हिसाब से सबसे बड़ी जीत दर्ज की। इससे पहले 2018 में शारजाह में ही इसने जिमबाब्वे को 145 और 146 रन से हराया था। 2023 में बांग्लादेश को चट्टोग्राम में 142 रन से हराया था। आयरलैंड को शारजाह में 2017 138 रन से हराया था। रन के हिसाब से साउथ अफ्रीका की यह 5वीं सबसे बड़ी हार थी। भारत से सबसे बड़ी शिकस्त का सामना करना पड़ा है। कोलकाता में 2023 में 243 से हराया था।

# पूर्व बांग्लादेशी कप्तान ने चोटिल शाकिब पर सवाल खड़े किए

### बोले- चार गेंदबाजों के साथ खेली टीम

**चेन्नई ।** बांग्लादेश के पूर्व कप्तान तमीम इकबाल ने अनुभवी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन को चोटिल होने के बावजूद भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए प्लेइंग-11 में जगह देने पर सवाल खड़े किए हैं। तमीम ने बताया कि शाकिब को अंगुली और कंधे में दिक्कत हो रही थी। तमीम के अनुसार, बांग्लादेश की टीम पहले टेस्ट मैच में चार गेंदबाजों के साथ खेलने उतरी।

शाकिब को पिछले साल वनडे विश्व कप के दौरान श्रीलंका के खिलाफ बल्लेबाजी करते हुए अंगुली में चोट लगी थी और वह टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। बांग्लादेश की टीम भारत के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में संघर्ष कर रही है। भारतीय टीम ने मेहमान टीम के सामने जीत के लिए 515 रनों का लक्ष्य रखा है। जवाब में बांग्लादेश की टीम ने 135 रन के स्कोर पर तीन विकेट गंवा दिए हैं।

तमीम ने कहा, शाकिब के गेंदबाजी के लिए नहीं आने पर मुझे आश्चर्य हुआ, लेकिन मुझे मेरे साथी कमेंटेटर मुरली कार्तिक से कुछ जानकारी मिली जिन्होंने उनके साथ बात की थी। शाकिब को अंगुली में कुछ दिक्कत थी जिसकी सर्जरी भी हुई थी और उनके कंधे में भी परेशानी है। मेरा मानना है कि टीम प्रबंधन को टेस्ट मैच से पहले यह बात पता होनी चाहिए थी क्योंकि उन्होंने सही से संपर्क नहीं किया। इस कारण बांग्लादेश को चार गेंदबाजों के साथ खेलना पड़ा जो दुर्भाग्यपूर्ण है।



### गेंदबाजी में प्रभावित नहीं कर सके शाकिब

पहली पारी में जब भारत बल्लेबाजी कर रहा था तो शाकिब ने सिर्फ आठ ओवर गेंदबाजी की थी और 6.2 के इकॉनोमी रेट से 50 रन लुटाए थे। बांग्लादेश के अन्य गेंदबाजों को 18 ओवर से ज्यादा गेंदबाजी करनी पड़ी क्योंकि भारत ने 376 रन बनाए थे। दूसरी पारी में शाकिब ने 32 रन बनाए और वह बांग्लादेश के शीर्ष स्कोरर रहे और टीम पहली पारी में 149 रन पर ऑलआउट हुई। शाकिब ने फिर भारत की दूसरी पारी में 13 ओवर गेंदबाजी की और 79 रन लुटाए, लेकिन उन्हें एक भी विकेट नहीं मिला।

### चेस ओलिंपियाडः

# 9वें राउंड के बाद भारत पहले स्थान पर

- उज्बेकिस्तान से ड्रॉ खेला; विमेंस कैटेगरी में भारतीय टीम दूसरे नंबर पर खिसकी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 45वें फिडे चेस ओलिंपियाड में उज्बेकिस्तान ने भारत के लगातार 8 मैच की विनिंग स्ट्रीक पर रोक लगा दी। ओपन रैंकिंग में भारत का मुकाबला उज्बेकिस्तान से हुआ। दोनों टीम ने 2-2 से ड्रॉ खेला। भारत नौ राउंड पूरा होने के बाद ओपन कैटेगरी में 17 पॉइंट्स के बाद टॉप पर है। वहीं विमेंस कैटेगरी में 15 पॉइंट्स के साथ दूसरे नंबर पर पहुंच गया हैं। टूर्नामेंट का 11वां और फाइनल राउंड 22 सितंबर को खेला जाएगा। शुक्रवार को नौवें राउंड के ओपन कैटेगरी में भारत के युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने उज्बेकिस्तान?के अब्दुसत्तोरोव नोदिरबेक के साथ 0.5-0.5 से ड्रॉ खेला। इसके अलावा सभी मैच ड्रॉ रहें। हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में चल रहे टूर्नामेंट में भारतीय विमेंस टीम का मुकाबला भी ड्रॉ रहा। अमेरिका और भारत को 2-2 पॉइंट मिले। चेस ओलिंपियाड के हर राउंड में 4 इंडिविजुअल मुकाबले होते हैं। हर मुकाबले को जीतने पर एक अंक मिलता है, जबकि ड्रॉ की स्थिति में आधा अंक मिलता है। फिर टोटल अंकों के आधार पर उस राउंड का विनर डिसाइड होता है।

# 'सोए हैं सब लोग...', गुस्से में इस खिलाड़ी पर चिल्लाए रोहित शर्मा

### स्टंप माइक पर रिकॉर्ड हुई आवाज

भारत और बांग्लादेश के बीच चेन्नई के चेपॉक में दो मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला खेला जा रहा है। यह मुकाबला रोमांचक स्थिति में पहुंच चुका है। भारत ने 515 रनों का लक्ष्य रखा है, जिसके जवाब में बांग्लादेश की दूसरी पारी जारी है। वैसे तो जब टीम इंडिया टेस्ट खेलती है तो स्टंप माइक में विकेटकीपर ऋषभ पंत की आवाज रिकॉर्ड होना आम बात है, लेकिन जब से रोहित शर्मा कप्तान बने हैं, कई बार उनकी मजाकिया बातें स्टंप माइक में रिकॉर्ड हो चुकी है। %कोई गार्डेन में नहीं घूमेगा% वाले कमेंट को कौन भूल सकता है। अब रोहित का एक और वीडियो सामने आया है, जिसमें वह फील्डर पर भड़कते हुए दिख रहे हैं।

रोहित की अपने खिलाड़ियों से बात करने की अलग शैली है। बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान रोहित को एक फील्डर पर गुस्सा करते हुए देखा गया था। उन्होंने कहा, %ओए, सोए हुए हैं सब लोग%। वायरल हुए वीडियो में साफ नहीं हो पा रहा है कि रोहित शर्मा किस पर चिल्ला रहे हैं। इस मैच में बांग्लादेश की दूसरी पारी के दौरान रोहित को शुभमन के साथ भी बातचीत करते हुए देखा गया। वह गिल को कुछ समझाते हुए दिख रहे थे।



भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का टेस्ट में खराब प्रदर्शन जारी है। वह दोनों पारियों में दहाई का आंकड़ा नहीं छू सके। पहली पारी में उन्होंने केवल छह और दूसरी में पांच रन बनाए। यह चौथा मौका है, जब वह किसी टेस्ट की दोनों पारियों में से किसी में दहाई का आंकड़ा नहीं छू सके हैं। बांग्लादेश के खिलाफ चार टेस्ट और पांच पारियों में रोहित ने 8.80 की औसत से महज 44 रन बनाए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर सिर्फ 21 रन का है।

हालांकि, बांग्लादेश के खिलाफ रोहित के सभी प्रारूपों को मिलाकर आंकड़े बेहतर हैं। उन्होंने 34 मैचों की 35 पारियों में 40.84 की औसत से 1,307 रन बनाए हैं, जिसमें तीन चौके और आठ अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 137 रन का है। आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के मौजूदा चक्र में रोहित ने 41.82 की औसत से 711 रन बनाए हैं, जिसमें तीन शतक और तीन अर्धशतक शामिल हैं। 131 रन उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर है।

# चेन्नई टेस्ट में ड्राइविंग सीट पर टीम इंडिया

### तीसरे दिन गिल-पंत और अश्विन छाए



इंडिया वर्सेस बांग्लादेश पहला टेस्ट चेन्नई के मैदान पर खेला जा रहा है। तीसरे दिन भी भारत का दबदबा जारी रहा। चेन्नई में टीम इंडिया ड्राइविंग सीट पर है। मेजबान भारत ने बांग्लादेश के सामने 515 रन का विशाल लक्ष्य रखा। खराब रोशनी के कारण शनिवार को जल्दी खत्म हो गया। स्टंप्स के समय बांग्लादेश का दूसरी पारी में स्कोर 37.2 ओवर में 158/4 था। कप्तान नजमुल हुसैन शांतो 51 और शाकिब अल हसन 5 रन बनाकर नाबाद हैं। मुश्फिकुर रहीम और मोमिनुल हक ने 13-13 रन का योगदान दिया। शादमान इस्लाम ने 35 और जाकिर हसन ने 33 रन बनाए। स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने अभी तक तीन विकेट चटकाए हैं। जसप्रीत बुमराह ने एक शिकार किया।

इससे पहले, भारत ने दूसरी पारी 4 विकेट पर 287 रन बनाकर घोषित की। शुभमन गिल और ऋषभ पंत ने शतक जड़ा। गिल 176 गेंदों में 119 रन बनाकर नाबाद रहे। टेस्ट क्रिकेट में वापसी करते हुए पंत ने 128 गेंदों में 109 रन जुटाए। केएल राहुल 22 रन बनाकर नाबाद रहे। बता दें, टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में रविचंद्रन अश्विन के शतक और रविंद्र जडेजा व यशस्वी जायसवाल की फिफ्टी के दम पर 376 रन बोर्ड पर लगाए। इसके जवाब में बांग्लादेश पहली पारी में 149 रनों पर ही सिमट गया। भारत को पहली पारी के बाद 227 रनों की बढ़त मिली थी।

# 'एक इधर आएगा', ऋषभ पंत ने लिए बांग्लादेशी खिलाड़ियों के मजे

### खुद सेट की मेहमानों की फील्डिंग



**चेन्नई ।** बांग्लादेश के खिलाफ जारी पहले टेस्ट मुकाबले के तीसरे दिन ऋषभ पंत ने दमदार प्रदर्शन किया। उन्होंने शानदार शतकीय पारी के साथ टेस्ट क्रिकेट में वापसी की। अब उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें उन्हें मेजबानों की फील्डिंग सेट करते देखा जा रहा है। फैंस को उनका यह अंदाज काफी पसंद आ रहा है।

### पंत ने लिए बांग्लादेशी खिलाड़ियों के मजे

विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत अपने मजाकिया अंदाज के लिए जाने जाते हैं। वह अक्सर मैदान पर खिलाड़ियों की चुटकी लेते दिखते हैं। ऐसा ही कुछ 26 वर्षीय खिलाड़ी ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले मुकाबले में किया। उन्हें मेहमानों की फील्डिंग सेट करते देखा गया। इसका वीडियो भी वायरल हो रहा है। इसमें पंत को कहते हुए सुना जा सकता है, ÷भाई एक इधर मिडविकेट पर आएगा।÷ पंत ने जिस वक्त फील्डिंग सेट की उस दौरान गिल स्ट्राइक पर मौजूद थे। पंत की इस सलाह पर कमेंटेटर भी हंस पड़े।

### लीजेंड्स लीग क्रिकेट

# कोणार्क सूर्य ओडिशा ने मणिपाल टाइगर्स को दो रनों से दी मात

**जोधपुर, एजेंसी।** कोणार्क सूर्य ओडिशा ने लीजेंड्स लीग क्रिकेट के अपने पहले मैच में गत चैम्पियन मणिपाल टाइगर्स को दो रन से हराकर अपनी पहली जीत हासिल की। यह कम स्कोर वाला मैच दोनों टीमों के गेंदबाजों द्वारा अच्छी तरह से नियंत्रित किया गया, लेकिन अंत में ओडिशा की टीम ने अपने प्रतिद्वंद्वी को पछाड़ दिया। टॉस जीतने के बाद, मणिपाल टाइगर्स के कप्तान हरभजन सिंह ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले इनिंग्स में बल्लेबाजी के लिए रिचार्ड लेवी और अम्बाती रायडू ने कोनार्क सूर्य ओडिशा के लिए पारी की शुरुआत की। उन्हें जल्दी ही एक झटका लगा, जब अम्बाती रायडू (8) को अनुरीत सिंह ने केवल 14 के स्कोर पर 1.4 ओवर में आउट कर दिया। लेवी के साथ केविन ओब्रायन ने मध्य में बल्लेबाजी की। ओडिशा की टीम फिर 3.3 ओवर में 28/3 पर पहुंच गई। रिचार्ड लेवी ने 6 गेंदों पर केवल 6 रन बनाए, जबकि केविन ओब्रायन ने 5 गेंदों पर 6 रन बनाए।



दिलशान मुनावेरा (11) ने मध्य में कुछ इरादा दिखाया, लेकिन 32 के स्कोर पर ओबुस पिएनार द्वारा स्टम्प आउट कर दिया गया। कप्तान इरफान पठान ने 23 गेंदों में 18 रन की शानदार पारी खेली, इसके बाद उन्हें हरभजन सिंह ने क्लीन बोल्ड किया। यूसुफ पठान (3) और राजेश बिश्नोई (3) भी अच्छा स्कोर नहीं बना सके। रॉस टेलर केवल 28 गेंदों में 14 रन बना सके। पारी के अंत में, नविन स्टीवर्ट ने 12 गेंदों पर 17 रन बनाए और विनय कुमार 5 गेंदों पर 11* रन बनाकर नाबाद रहे, जिससे उनकी टीम 20 ओवर में 104/9 का कुल स्कोर खड़ा कर सकी।

मणिपाल टाइगर्स के लिए, ओबुस पिएनार सबसे बेहतरीन गेंदबाज रहे, जिन्होंने 4 ओवर में 2/10 के आंकड़े दर्ज किए। अनुरीत सिंह ने भी 4 ओवर में 2/26 लिए। कप्तान हरभजन सिंह, शेल्डन कॉट्रेल और राहुल शुक्ला ने इस इनिंग में एक-एक विकेट लिया। 106 के लक्ष्य का पीछा करते हुए, रॉबिन उथप्पा और सोलोमन मिरे ने मणिपाल टाइगर्स के लिए पारी की शुरुआत की। शाहबाज़ नदीम ने इनिंग्स की दूसरी गेंद पर उथप्पा को डक पर आउट करके पहला विकेट लिया। मिरे को फिर मध्य में मनोज तिवारी का साथ मिला। वे 2.5 ओवर में 4/3 पर पहुंच गए।

# मुश्ताक अली ट्रॉफी के लिए हार्दिक पांड्या की हो सकती है वापसी; रणजी भी खेलने की संभावना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया के एक बड़े दौरे के मद्देनजर, भारत के सफेद गेंद विशेषज्ञ हार्दिक पांड्या आगामी सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में भाग लेकर ब्रेक के बाद एक्शन में लौटने की योजना बना रहे हैं। हालांकि, सूत्रों ने बताया कि भारत का यह ऑलराउंडर भी अपने राज्य के लिए रणजी ट्रॉफी खेलना चाहता है, जो रेड-बॉल क्रिकेट में वापसी और फिर से टेस्ट क्रिकेट खेलने की उम्मीद का संकेत है। सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि 2024 में टी20 विश्व कप में भारत की जीत के स्टार पांड्या के बड़ौदा के लिए सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेलने की संभावना है।सूत्रों के मुताबिक, भारत के ऑलराउंडर ने बड़ौदा क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) को घरेलू सफेद गेंद क्रिकेट खेलने की इच्छा व्यक्त की है। सूत्र ने बताया, रणजी ट्रॉफी में भी हार्दिक खेलना चाहते हैं। ऑस्ट्रेलिया सीरीज को ध्यान में रखते हुए वह टेस्ट क्रिकेट में वापसी की तलाश में हैं। पांड्या मौजूदा दलीप ट्रॉफी में शामिल नहीं हैं, लेकिन ऐसा महसूस किया जा रहा है कि रणजी ट्रॉफी में खेलने की उनकी इच्छा प्रतिष्ठित पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला के लिए भारतीय टेस्ट टीम में शामिल होने का एक प्रयास हो सकती है। हार्दिक ने आखिरी बार जून में टी20 विश्व कप में भारत की जीत के बाद जुलाई में पल्लेकेले में श्रीलंका के खिलाफ दो टी20 मैचों में सफेद गेंद से क्रिकेट खेला था।



# एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर के लिए हरमनप्रीत सिंह नॉमिनेट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एफआईएच हॉकी प्रो लीग और पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों में शानदार प्रदर्शन के बाद भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह को एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर अवार्ड के लिए नॉमिनेट किया गया है। 28 वर्षीय डिफेंडर ने इससे पहले 2020-21 और 2021-22 में यह प्रतिष्ठित पुरस्कार जीता था। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर अवार्ड के लिए फिर से नॉमिनेट होना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। दुनिया के कुछ बेहतरीन खिलाड़ियों में शामिल होने पर मैं बहुत खुश हूं, लेकिन इसमें कोई शक नहीं है कि यह मेरी टीम के समर्थन के बिना संभव नहीं हो पाता। एफआईएच हॉकी प्रो लीग और पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों में मैंने जितने भी गोल किए हैं, वे सब टीम की बदौलत ही संभव हो पाए हैं।



हरमनप्रीत को 2024 में आयोजित सभी अंतरराष्ट्रीय मैचों को ध्यान में रखने के बाद थियरी ब्रिंकमैन (नीदरलैंड), जोएप डी मोल (नीदरलैंड), हेंस मुलर (जर्मनी) और जैक वालेस (इंग्लैंड) के साथ नामित किया गया है।

हॉकी के कैप्टन कूल ने अपने शानदार डिफेंस और पेनल्टी कॉर्नर से बेहतरीन गोल करने की क्षमता के साथ भारतीय पुरुष हॉकी टीम को ओलंपिक गेम्स पेरिस 2024 में कांस्य पदक जिताया। उन्होंने ओलंपिक में आठ मैचों में 10 गोल किए, जिनमें से सात गोल पेनल्टी कॉर्नर से आए जबकि बाकी तीन गोल पेनल्टी स्ट्रोक से आए। उन्होंने कहा, पेरिस 2024 ओलंपिक न केवल इस साल का सबसे शानदार टूर्नामेंट था, बल्कि मेरे अब तक के पूरे करियर का सबसे शानदार सफर था। टीम ने हमेशा मेरा साथ दिया है, खासकर पिछले साल विश्व कप के दौरान, जब मैं पेनल्टी कॉर्नर से गोल नहीं कर पा रहा था। लेकिन टीम ने मुझे किसी भी तरह से खुद को दोषी नहीं मानने दिया जबकि उन्होंने ओलंपिक में अच्छा प्रदर्शन करने और पदक जीतने के लिए समर्थन दिया। मेरे दिमाग में हमेशा यह बात रही कि मुझे टीम द्वारा मुझ पर रखे गए भरोसे पर खरा उतरना है।

ओलंपिक खेलों के बाद छोटे ब्रेक से लौटने के बाद, हरमनप्रीत ने चीन के मोकी में होने वाली एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 पर अपनी नजरें टिकाईं। टीम की अगुवाई करते हुए उन्होंने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन किया और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुने गए, जिसमें भारत ने चीन में अपना खिताब बरकरार रखा।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com | epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran | @Pratahkiran

# अबूझमाड़ में सेना के युद्धाभ्यास रेंज के लिए खाली कराना होगा 52 गांव, देना होगा भारी मुआवजा

**नारायणपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ जंगल में 54,543 हेक्टेयर भूमि में फैले भारतीय सेना की प्रस्तावित युद्धाभ्यास रेंज के लिए 9,601 लोगों की आबादी वाले 52 गांवों को खाली करना होगा। नारायणपुर जिला प्रशासन के एक आंतरिक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई है। नारायणपुर जिला कलेक्टर की एक आंतरिक रिपोर्ट में कहा गया है कि सेना की रेंज नारायणपुर जिले की कोहकामेटा तहसील में 13 ग्राम पंचायतों के अंतर्गत 52 गांवों को कवर करेगी। प्रस्तावित क्षेत्र अत्यधिक संवेदनशील है। इसलिए विस्तृत सर्वेक्षण करने के लिए सरकार की ओर से ड्रोन, पुलिस बल, वन विभाग के कर्मियों और राज्य स्तर से अनुभवी वरिष्ठ अधिकारियों को तैनात करने का आदेश जारी करना उचित होगा। इस विस्तृत सर्वेक्षण कार्य के लिए धन राज्य सरकार द्वारा आवंटित किया जाना चाहिए।



7 अगस्त को छत्तीसगढ़ राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने ओरछा तहसील के सोनपुर-गरपा क्षेत्र में अबूझमाड़ जंगल में सेना की युद्धाभ्यास रेंज की स्थापना के संबंध में जिला कलेक्टर को पत्र लिखा था। इसने 13 सितंबर 2017, 21 नवंबर 2017 और 17 फरवरी 2021 के अपने पिछले पत्रों का हवाला दिया और कलेक्टर से सेना रेंज के बारे में तुरंत जानकारी भेजने का अनुरोध किया। इस कदम को युद्धाभ्यास रेंज स्थापित करने की प्रक्रिया में तेजी लाने की दिशा में एक कदम के रूप में देखा गया। अबूझमाड़ महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ के बीच फैला है। इसे अज्ञात पहाड़ी के रूप में जाना जाता है, क्योंकि ब्रिटिश काल के बाद से 6,000 वर्ग किमी के घने जंगल का सर्वेक्षण नहीं किया गया है। यह जंगल माओवादी गतिविधियों का केंद्र है। कहा जाता है कि सीपीआई (माओवादी) के लगभग एक दर्जन वरिष्ठ कैडर अभी भी वहां डेरा डाले हुए हैं। पिछले छह महीनों में अबूझमाड़ में माओवादियों और सुरक्षाकर्मियों के बीच मुठभेड़ में वृद्धि हुई है।जिला प्रशासन की रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रस्तावित भारतीय सेना युद्धाभ्यास रेंज के सभी गांव सर्वेक्षण रहित हैं।

## बीजेपी सांसद और अभिनेत्री कंगना रनौत की बढ़ी मुश्किलें

**बुलंदशहर, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के मंडी सीट से सांसद और अभिनेत्री कंगना रनौत को बुलंदशहर की स्क्क/स्क्र कोर्ट ने तलब किया है. यह आदेश अदालत ने उनके किसान आंदोलन को लेकर दिए बयान की सुनवाई करते हुए जारी किए हैं. दरअसल कंगना ने 25 अगस्त को अपने एक बयान में कहा था कि, पंजाब में किसान आंदोलन के नाम पर उपद्रवी हिंसा फैला रहे थे. वहां दुष्कर्म और हत्याएं हो रही थीं. किसान बिल को वापस ले लिया गया, वर्ना इन उपद्रवियों की बहुत लंबी प्लानिंग थी. वे देश में कुछ भी कर सकते थे. मामले की सुनवाई 25 अक्टूबर को होगी. भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री पंडित गजेंद्र शर्मा ने कंगना के खिलाफ अदालत में शिकायत लगाई है. जिसमें उन्होंने कहा है कि, कंगना रनौत ने किसानों और विशेष रूप से महिलाओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की है, जो असहनीय है. किसान आंदोलन के दौरान इस तरह के बयान न सिर्फ गलत हैं, बल्कि हमारे समाज और किसानों की छवि खराब करने का प्रयास है. गजेंद्र शर्मा के वकील संजय शर्मा ने बताया कि, किसान नेता ने परिवाद 19 सितंबर को कोर्ट में दाखिल किया है। जिसमें कोर्ट ने शुक्रवार को भाजपा सांसद कंगना के खिलाफ नोटिस जारी किया है. उन्हें 25 अक्टूबर कोर्ट में पेश होने के लिए बुलाया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### ममता सरकार ने वापस लिया झारखंड बॉर्डर सील करने का आदेश, लेकिन खत्म नहीं हुई नाराजगी

**कोलकाता, एजेंसी।**पश्चिम बंगाल सरकार ने झारखंड सीमा सील करने का आदेश शुक्रवार देर शाम करीब 24 घंटे बाद वापस ले लिया। इसके बाद मैथन समेत जमशेदपुर, दुमका, जामताड़ा, पाकुड़ और बोकारो से लगी सीमाएं खोल दी गईं और वाहनों का परिचालन शुरू हो गया है। हालांकि बहरागोड़ा और पटमदा बॉर्डर और दुमका के दुमका-सिउड़ी मुख्य पथ के महेशखला बॉर्डर और शिकारीपाड़ा-रामपुरहाट बॉर्डर से अभी वाहनों को छोड़ने की सूचना नहीं मिली है। इससे पहले सीमा सील रहने के कारण झारखंड से गुजरने वाले हजारों वाहन बॉर्डर पर फंसे रहे। मैथन, पंचेत और तेनुघाट डैमों से पानी छोड़ने से नाराज बंगाल ने शुक्रवार शाम से झारखंड के सभी प्रवेश द्वारों को सील कर दिया था। खबर लिखे जाने तक मैथन टोल प्लाजा से निरसा तक लंबा जाम लगा हुआ था। जाम को देख भारी वाहनों को तोपचांची और धनबाद में ही रोका जा रहा था। बहरागोड़ा में जाम से सड़क के दोनों किनारे 10 हजार से ऊपर वाहन फंसे हुए थे। यहां रात 11.45 बजे जाम खुला। पटमदा सीमा पर भी वाहनों की 16 किमी लंबी कतार लगी थी। सीमा खोलने से पहले शुक्रवार दोपहर बाद मैथन में लोगों ने बंगाल से झारखंड आने वाले वाहनों को भी रोक दिया था। इससे स्थिति और बिगड़ रही थी। वाहनों में लदे फल और सब्जी बेकार होने लगे थे। बिहार, यूपी , एमपी, पंजाब, गुजरात, दिल्ली, झारखंड के अलावा अन्य राज्यों का वाहनों की लंबी कतार लगी हुई थी। अभी जो वाहन जाम में फंसे हैं उनमें ज्यादातर में खाद्य सामग्री है। फल, सब्जियां सड़ रही हैं। कुछ वाहनों में भेड़ और बकरियां भी लदी हैं, उनकी हालत ज्यादा खराब है। कुछ ट्रकों में मैदा, आटा, चीनी, कोयला और शाल पत्ता आदि लदा है। वाहन चालकों को भोजन-पानी की परेशानी हो रही है।

### हरियाणा चुनावः पीएम मोदी मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम के तहत 26 सितंबर को कार्यकर्ताओं के साथ करेंगे संवाद

**चंडीगढ़, एजेंसी।**हरियाणा में विधानसभा चुनाव को लेकर चल रहे चुनाव प्रचार अभियान के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पार्टी कार्यकर्ताओं को बूथ जीतने का गुरुमंत्र देने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम के तहत 26 सितंबर को कार्यकर्ताओं से संवाद कर, उन्हें अपना-अपना बूथ जीतने के तौर-तरीकों के बारे में बताएंगे। प्रधानमंत्री पार्टी के कार्यकर्ताओं, वॉलंटियर्स और समर्थकों के साथ यह संवाद नमो एप के जरिए करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं अपने इस कार्यक्रम की जानकारी को साझा करते हुए एक्स पर बताया, हरियाणा विधानसभा चुनाव में हमारे कार्यकर्ता, वॉलंटियर और समर्थक हर बूथ पर कमल खिलाने का संकल्प ले चुके हैं। उनसे नमो ऐप के जरिए 26 सितंबर को दोपहर करीब 12.30 बजे 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम में संवाद का सौभाग्य मिलेगा। आप अपने सवाल और सुझाव जरूर भेजें।

### महाराष्ट्र में बीजेपी को बड़ा झटका, कांग्रेस में शामिल हो गए अशोक चव्हाण के तीन करीबी

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में विधनसभा चुनाव और नांदेड़ लोकसभा सीट पर उपचुनाव से पहले बीजेपी को बड़ा झटका लगा है। पूर्व सीएम अशोक चव्हाण के बहनोई और पूर्व सांसद भास्करराव पाटील खतगांवकर, उनकी बहन डॉ मीनल पाटील खतगांवकर और पूर्व विधायक ओम प्रकाश पोकर्णा ने कांग्रेस का दामन थाम लिया है। वहीं राज्य में कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोल ने कहा कि भासकरराव बिना किसी पद के लालच के ही कांग्रेस में शामिल हुए हैं। इस तरह के जमीनी कार्यकर्ता के स्वागत से उन्हें खुशी हो रही है। बता दें कि नांदेड़ लोकसभा सीट पर कांग्रेस के सांसद रहे वसंत चव्हाण के निधन के बाद उपचुनाव होने हैं। नाना पटोले ने कहा कि नांदेड़ में संगठन लगातार मजबूत हो रहा है। कांग्रेस से निकलकर बीजेपी में शामिल होने के बाद कांग्रेस अशोक चव्हाण पर हमलावर नहीं हुई थी। सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस ने अशोक चव्हाण को जवाब देने के लिए यह तरीका निकाला है। ऐसे में कांग्रेस में परिवार में ही सेंध लगा दी। मीनल पाटिल खतगांवकर ने लोकसभा चुनाव के दौरान बीजेपी से टिकट मांगा था।

## इलाज की आड़ में कारोबारी का धर्म परिवर्तन करा रहा था मौलवी, फोन में मिले वीडियो ने बिगाड़ा खेल



**गाजियाबाद, एजेंसी।**
गाजियाबाद में वेव सिटी थाना पुलिस ने झाड़-फूंक की आड़ में धर्मांतरण कराने के आरोपी एक मौलवी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, बीमारी ठीक न होने पर कंसल्टेंसी फर्म का मालिक आरोपी के संपर्क में आया। मौलवी ने ब्रेनवॉश कर पीड़ित से दूसरे धर्म की गतिविधियां कराईं और पत्नी को चरित्रहीन बताकर दूसरी लड़की से निकाह कराने का लालच भी दिया। इसके अलावा पीड़ित के तीन साथियों ने भी उसकी मानसिक स्थिति का फायदा उठाकर लाखों रुपये ठग लिए। पुलिस उनकी तलाश कर रही।

डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि वेव सिटी सेक्टर-दो में रहने वाली महिला ने 19 सितंबर को वेव सिटी पुलिस थाने में जिला हापुड़ थाना धौलाना अंतर्गत आने वाली जाकिर कॉलोनी में रहने वाले मौलवी अब्दुल रहमान के खिलाफ केस दर्ज कराया था। अब्दुल रहमान मूलरूप से थाना कोतवाली देहात बुलंदशहर के गांव नीमखेड़ा का रहने वाला है।

महिला के मुताबिक, वह किडनी रोग से पीड़ित है और 12 वर्षों से डायलिसिस पर है। उसके पति श्रीष ओझा ने वर्ष 2022 में एसएस एसोसिएट्स नाम से कंसल्टेंसी फर्म शुरू की थी। जुलाई 2023 से पति का कारोबार ठप होने लगा, जिससे आर्थिक स्थिति खराब हो गई। जनवरी 2024 उन्होंने आधी रात को पूजा करनी शुरू कर दी।

मार्च 2024 में पति ने उसे बताया कि उन्होंने छपरौला में फ्लैट के निर्माण का कार्य लिया है। आरोप है कि इसके बाद वह इलाज के नाम पर मौलवी के संपर्क में आ गए। आरोपी ने दूसरे धर्म की गतिविधियां कराकर उनसे रकम ऐंठ ली। महिला को पति के मोबाइल में मिली रिकॉर्डिंग से धर्मांतरण का पता चला तो पुलिस में इसकी शिकायत दी। डीसीपी के मुताबिक, मौलवी अब्दुल रहमान ने पूछताछ में बताया कि वह झाड़-फूंक और देशी दवाई देने का काम करता है। श्रीष ओझा उसके पास अपने और पत्नी के इलाज के लिए आए थे। श्रीष ओझा के तनावग्रस्त रहने का फायदा उठाते हुए उसने झाड़-फूंक की आड़ में धर्मांतरण कराना शुरू कर दिया। डीसीपी का कहना है कि मौलवी ने पत्नी को चरित्रहीन बताते हुए श्रीष ओझा का दूसरी लड़की से निकाह करने का लालच भी दिया।

## उस्मान ने आयुष्मान बन 7 साल तक हिंदू महिला को दिया धोखा, शादी के 2 दिन बाद सामने आई सच्चाई

**गाजियाबाद , एजेंसी।** एक मुस्लिम युवक उस्मान द्वारा आयुष्मान बनकर 7 साल तक गाजियाबाद में रहने वाली सहकर्मी हिंदू महिला को धोखा देने का मामला सामने आया है। महिला का आरोप है कि शादी के दो दिन बाद ही आरोपी ने मस्जिद में ले जाकर उसका धर्म परिवर्तन भी करा दिया। पीड़ित महिला की शिकायत पर गाजियाबाद पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

गाजियाबाद के कौशांबी थाना क्षेत्र के वैशाली में रहने वाली अपनी सहकर्मी से शादी करने के लिए एक मुस्लिम युवक उस्मान से आयुष्मान बन गया। आरोप है कि शादी के दो दिन बाद वह उसे मस्जिद ले गया और अपने धर्म के अनुसार कार्य करने का दबाब बनाया। पीड़िता का कहना है कि वर्ष 2007 में उसकी मुलाकात उस्मान खान निवासी लालकुआं पुल प्रहलादपुर, नई दिल्ली से हुई थी।

आरोप है कि उस्मान ने अपना नाम आयुष्मान बताया था और वर्ष 2014 में हिंदू रीति-रिवाज से शादी कर ली। शादी के चंद दिन बाद उस्मान उसे एक मस्जिद में ले गया। वहां बुर्का पहनने के लिए कहा और उर्दू में लिखे धर्म परिवर्तन के कागज पर हस्ताक्षर करा लिए।

महिला ने बताया कि उस्मान मूलरूप से मेवात का रहने वाला है। 2019 में उस्मान ने दूसरी शादी कर ली थी। पुलिस ने उस्मान समेत महिला के अन्य ससुराल वालों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच कर रही है। वहीं, गाजियाबाद के ही शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र में रहने वाली 12वीं कक्षा की छात्रा के साथ सात



महीने पूर्व एक युवक द्वारा शारीरिक शोषण करने का मामला प्रकाश में आया है। परिजनों ने शुक्रवार को पुलिस से मामले की शिकायत की और फिर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र में रहने वाली 12वीं की छात्रा के पिता प्लंबर का काम करते हैं। उनके साथ सहायक के रूप में कार्य करने वाले सूरज नामक युवक का उनके घर आना-जाना था। आरोप है कि फरवरी महीने में आरोपी ने उनकी बेटी के साथ दुष्कर्म किया।

एसीपी शालीमार गार्डन सलोनी अग्रवाल ने बताया कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

## सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता के लिए भारत काफी वक्त से प्रयासरत, रास्ते में कई चुनौतियां

**जेनेवा, एजेंसी।** भारत कई वर्षों से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में स्थायी सदस्यता के लिए प्रयासरत है लेकिन इसके रास्ते में कई चुनौतियां हैं जो उसकी मंजिल को मुश्किल बना रही हैं। अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और रूस जैसे सुरक्षा परिषद के चार स्थायी सदस्य भारत की सदस्यता का समर्थन कर चुके हैं मगर चीन भारत की इस राह में सबसे बड़ी बाधा बना हुआ है। भारत और चीन के बीच चल रहे सीमा विवाद और चीन का भारत को क्षेत्रीय प्रतिद्वंद्वी मानना इस विरोध की मुख्य वजह है। चीन नहीं चाहता कि भारत भी उस उच्च मंच पर आसीन हो जहां उसकी पकड़ मजबूत बनी हुई है।

भारत के स्थायी सदस्य बनने के खिलाफ एक और मोर्चा है जिसे यूनाइटिंग फॉर कंसेंसस के नाम से जाना जाता है। यह समूह बिना वीटो अधिकार के स्थायी सदस्यता का समर्थन करता है। उनकी सोच यह है कि सुरक्षा परिषद में अधिक गैर-स्थायी सदस्यों को जोड़ा जाए, जिससे निर्णय प्रक्रिया में विविधता आए मगर भारत का रुख यह है कि नए स्थायी सदस्यों को भी वीटो अधिकार मिलना चाहिए। यह मुद्दा दोनों पक्षों के बीच एक बड़ी रुकावट बना हुआ है। अमेरिका ने सैद्धांतिक रूप में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन किया है लेकिन व्यवहार में उसकी नीति थोड़ी संदेहपूर्ण है। कई अमेरिकी विशेषज्ञ मानते हैं कि भारत हमेशा पश्चिमी देशों के हितों के अनुरूप नहीं चलता इसलिए उसे भरोसेमंद साझेदार नहीं माना जा सकता।

## उत्तर कोरिया ने फिर भेजा कचरे से भरा गुब्बारा, सोल के सरकारी कॉम्प्लेक्स में गिरा

**सोल , एजेंसी।** उत्तर कोरिया का कचरे से भरा गुब्बारा शुक्रवार को दूसरी बार सोल के एक सरकारी परिसर में गिरा। यह गुब्बारा मेन एंट्री गेट के सामने पार्किंग में पाया गया। समाचार एजेंसी योनहाप के अनुसार, यह घरेलू कचरे से भरा था। इसमें हरे रंग का एक प्लास्टिक का टुकड़ा भी शामिल था, जिस पर प्योंगयांग का पता दर्ज था। सैन्य अधिकारियों के पहुंचने से पहले ही फायर फाइटर्स और पुलिस अधिकारियों ने क्षेत्र की घेराबंदी कर दी थी। माना जा रहा है कि यह गुब्बारा दक्षिण कोरिया की तरफ से सीमा पार प्रोपेगेंडा सामग्री भेजे जाने के जवाब में प्योंगयांग की प्रतिक्रिया है।

इससे पहले दक्षिण कोरियाई सेना ने 8 सितंबर को प्योंगयांग की ओर से कचरे से भरे गुब्बारों के आने की सूचना दी थी। सोल के मुताबिक यह लगातार पांचवां दिन था, जब उत्तर कोरिया ने गुब्बारे भेजे। संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ (जेसीएस) ने कहा कि उत्तर कोरिया ने शनिवार देर रात 200 गुब्बारे उड़ाने के कुछ ही घंटों बाद सुबह करीब 9 बजे अपना गुब्बारा अभियान फिर से शुरू कर दिया। जेसीएस ने कहा, लोगों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता मानते हुए, सेना



दृढ़ता और शांतिपूर्वक जवाब देगी। गुब्बारों के प्रक्षेपण के जवाब में, दक्षिण कोरिया की सेना 21 जुलाई से सीमा पर लाउडस्पीकरों के माध्यम से रोज प्योंगयांग विरोधी प्रचार प्रसारित कर रही है। सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए सोल ने गुब्बारों को सीधे मार गिराने से परहेज किया है। मई के अंत से, उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया की तरफ से सीमा पार भेजे गए प्योंगयांग विरोधी पर्चों के जवाब में कचरे से भरे हजारों गुब्बारे उड़ाने शुरू कर दिए थे। इस बीच सोल ने कहा है कि उत्तर कोरिया के परमाणु और मिसाइल खतरों को देखते हुए दक्षिण कोरिया और अमेरिका अगले सप्ताह नियमित रक्षा वार्ता करेंगे। इस दौरान सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा होगी। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, 25वीं कोरिया-अमेरिका एकीकृत रक्षा वार्ता (केआईडीडी) सोमवार और मंगलवार को सोल में आयोजित की जाएगी। मंत्रालय के मुताबिक, दक्षिण कोरिया के राष्ट्रीय रक्षा नीति उप मंत्री चो चांग-राए और पूर्वी एशिया के लिए अमेरिकी उप सहायक रक्षा सचिव अंका ली वार्ता का नेतृत्व करेंगे।

## बैतुल मुकर्रम राष्ट्रीय मस्जिद में झड़प में 50 से अधिक लोग घायल

**ढाका, एजेंसी।**
राष्ट्रीय मस्जिद बैतुल मुकर्रम में पूर्व और वर्तमान ख़तीब (जुम्मा की नमाज़ का उपदेश देने वाला व्यक्ति) के अनुयायियों के बीच झड़प हुई, जिसमें कम से कम 50 लोग घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि वर्तमान खतीब मुफ्ती वलीउर रहमान खान जुमे की नमाज से पहले प्रवचन दे रहे थे, तभी पूर्व खतीब मुफ्ती रूहुल अमीन अपने अनुयायियों के साथ मस्जिद में पहुंचे और माइक्रोफोन छीनने का प्रयास किया। इसके कारण खतीब वलीउर और रूहुल के अनुयायियों के बीच टकराव हुआ, जिसके परिणामस्वरूप शारीरिक हमला हुआ जिसमें कई लोग घायल हो गए।

एक समय ऐसा आया जब दोनों पक्षों के अनुयायियों ने मस्जिद के ग्राउंड फ्लोर पर मोर्चा संभाल लिया, जहां इमाम नमाज



अदा करते हैं। उस समय वे मस्जिद से जूते और जूतों के डिब्बे सहित विभिन्न वस्तुओं को एक-दूसरे पर फेंक रहे थे और मस्जिद के अंदर तोड़फोड़ कर रहे थे। दोनों समूहों के बीच झड़प के दौरान कई नमाजी अराजकता से परेशान थे जिससे कुछ लोग मस्जिद छोड़कर चले गए। करीब आधे घंटे के बाद पूर्व खतीब मुफ्ती रूहुल अमीन अपने अनुयायियों के साथ विरोध के बीच मस्जिद से चले गए। बाद में कानून लागू करने वालों की मदद से जब माहौल शांत हुआ तो लोग फिर से नमाज अदा करने के लिए मस्जिद में दाखिल हुए।

ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस के मोतीझील डिवीजन के डिप्टी कमिश्नर शहरियार अली ने कहा कि मस्जिद के अंदर नए और पुराने खतीबों को लेकर कुछ समस्या थी लेकिन कानून प्रवर्तन एजेंसी के सदस्य मौके पर पहुंचे। जैसे ही नमाजी मस्जिद से बाहर निकल रहे थे एक समूह ने अवामी लीग विरोधी नारे लगाने शुरू कर दिए। नमाजी मस्जिद के सामने सड़क पर इकट्ठा होने लगे, लेकिन बाद में सेना, पुलिस और रैपिड एक्शन बटालियन के जवानों ने उन्हें तितर-बितर कर दिया। 5 अगस्त को अवामी लीग सरकार के पतन के बाद भागे हुए खतीब रूहुल अमीन की वापसी ने स्थिति को और भड़का दिया।

बता दें बैतुल मुकर्रम राष्ट्रीय मस्जिद बांग्लादेश की राष्ट्रीय मस्जिद है, जो राजधानी ढाका के मध्य में स्थित है। इसका अद्वितीय वास्तुशिल्प डिजाइन और ऐतिहासिक महत्व इसे देश में एक प्रमुख मील का पत्थर और इस्लामी गतिविधियों का केंद्र बनाता है। मस्जिद का विचार 1950 के दशक के अंत में आया था। मस्जिद का निर्माण 1960 में तत्कालीन पाकिस्तानी सरकार के संरक्षण में शुरू हुआ था, क्योंकि 1971 में अपनी आजादी से पहले बांग्लादेश पाकिस्तान का हिस्सा था। बैतुल मुकर्रम का निर्माण 1968 में पूरा हुआ था। डिजाइन का काम अब्दुल लतीफ इब्राहिम बवानी ने करवाया था। एक प्रमुख उद्योगपति, और वास्तुशिल्प कार्य का नेतृत्व टी अब्दुल हुसैन थरियानी ने किया था।

## परमाणु हथियार पर असमंजस में रूस, लावरोव बोले- कोई नहीं चाहता न्यूक्लियर युद्ध; पुतिन के करीबी ने दी थी धमकी

**मास्को, एजेंसी।** रूस के राष्ट्रपति पुतिन के करीबी वोलोडीन के कुछ दिन पहले परमाणु संघर्ष की धमकी देने के बाद क्रेमलिन के सुर कुछ बदले हुए नजर आ रहे हैं। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव परमाणु हथियारों के इस्तेमाल के बारे में कहा है कि कोई भी परमाणु संघर्ष नहीं चाहता। स्काई न्यूज अरेबिया को दिए अपने इंटरव्यू में लावरोव ने कहा कि परमाणु हथियारों के बारे में बात करना गैर-जिम्मेदाराना और गलत है। उन्होंने कहा कि हम रेड लाइन के बारे में बात करते हैं और उम्मीद करते हैं कि हमारी बात का सम्मान किया जाए और सुना जाए। लेकिन मैं अगर यह कहने लगूं कि आप मेरी बात नहीं सुनेंगे तो मैं परमाणु हथियार का उपयोग करूंगा तो यह गलत हैं। परमाणु संघर्ष हो। विदेश मंत्री की परमाणु हथियारों पर कही गई यह बात पुतिन के करीबी और ड्यूमा के स्पीकर वोलोडिन की कही बात के बिल्कुल अगल है। वोलोडिन ने कहा था कि अगर पश्चिमी देश यूक्रेन को लंबी दूरी वाली मिसाइलों की आपूर्ति करते रहते हैं और उनसे रूसी जमीन पर हमला होता है तो फिर हमें परमाणु हथियारों की तरफ रुख करना होगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129